Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-40 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग का बड़ा फैसला

## 6 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ाई

एजेंसी। नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है। एक बयान के मुताबिक, निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इन छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लिए गणना प्रपत्र की अवधि बृहस्पतिवार को समाप्त होनी थी और मतदाता सूचियों का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था।

**अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए भी संशोधित कार्यक्रम जारी**

बयान में कहा गया है कि तमिलनाडु और गुजरात के लिए एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 19 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ये अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश के लिए एसआईआर की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एसआईआर बृहस्पतिवार को समाप्त हो जाएगी और मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। केरल के लिए कार्यक्रम में पहले संशोधन किया गया था। राज्य में एसआईआर 18 दिसंबर को समाप्त होगी और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।



इन राज्यों में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा




### कांग्रेस तो बीस साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई : सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली।** मुख्य विपक्षी दल पर लोकतंत्र को अब तक नहीं समझ पाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के एक सदस्य ने राज्यसभा में कहा कि एसआईआर पर आपत्ति जताने वाली कांग्रेस तो बीस साल में भी इसके लिए तैयार नहीं हुई। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया आजादी के बाद शुरू हुई और कई तरह की समस्याएं आईं लेकिन समय के साथ चीजें बदलती गईं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के समय और फिर संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने अपनी जरूरत के अनुसार नियमों में बार-बार बदलाव किए।

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए दो सप्ताह का विस्तार मांगा गया

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि राज्य ने भारतीय निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को पूरा करने के लिए दो और सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया है। नवदीप रिणवा ने कहा कि यह विस्तार इसलिए मांगा गया था ताकि जिला चुनाव अधिकारी मृत मतदाताओं, अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं और लापता मतदाताओं की प्रविष्टियों का पुनः सत्यापन कर सकें। उनके अनुसार, अब तक 99.24 प्रतिशत जनगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण हो चुका है। राज्य भर में 4 नवंबर से एसआईआर अभ्यास चल रहा है।

## अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरने से 18 की मौत





एजेंसी। तिनसुकिया/डिब्रूगढ़

अरुणाचल प्रदेश के एक सुदूर इलाके में एक ट्रक के खाई में गिरने से उसमें सवार असम के तिनसुकिया जिले के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग लापता हैं। रक्षा मंत्रालय के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित अंजॉ जिले के हयूलियांग-चागलागम रोड पर यह दुर्घटना आठ दिसंबर को हुई। इस ट्रक पर तिनसुकिया जिले के 22 मजदूर सवार थे। रावत ने एक बयान में कहा कि यह दुर्गम इलाका चागलागम से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और वहां संपर्क सीमित है तथा दुर्घटना की जानकारी किसी भी स्थानीय एजेंसी, ठेकेदार या नागरिक को नहीं थी।

**तीन लापता की तलाश, ट्रक पर तिनसुकिया के 22 मजदूर थे सवार**

### बचाव अभियान जारी

शुरुआती जानकारी के अनुसार ये मजदूर हयूलियांग में निजी ठेकेदार के लिए एक परियोजना में काम कर रहे थे। वे एक डंपर में यात्रा कर रहे थे जो सड़क से लगभग 1,000 फुट गहरी खाई में गिर गया। बचाव अभियान जारी है। एसएसपी ने बताया कि जिले के 22 मजदूर अरुणाचल प्रदेश में एक छात्रावास के निर्माण के लिए गए थे। उन्होंने कहा, वे गिलपुकरी चाय बागान के धेलाघाट निवासी थे। कुमार ने बताया कि श्रमिकों में से एक बुधेश्वर दीप ने किसी तरह खाई से निकल बुधवार सुबह अपने रिश्तेदारों को फोन किया तब परिजनों को घटना की जानकारी मिली।

## सार संक्षेप

### एक देश, एक चुनाव संबंधी समिति का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने उन विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल बृहस्पतिवार को बढ़ा दिया, जिनमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त समिति के कार्यकाल को वर्ष 2026 के बजट सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने की मांग करते हुए प्रस्ताव पेश किया। लोकसभा ने इस प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया। पिछले साल दिसंबर में गठन के बाद से समिति ने संवैधानिक विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों, विधि आयोग के अध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी समेत कई लोगों के साथ विचार-विमर्श किया है।

### लखीमपुर खीरी मामले में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को बेटी की 12वीं की बोर्ड परीक्षा से पहले 25 से 31 दिसंबर के बीच उसके साथ समय बिताने के लिए घर जाने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। उच्चतम न्यायालय ने इससे पहले नौ अक्टूबर को आशीष मिश्रा को परिवार के साथ दिवाली मनाने के लिए उनके गृह नगर लखीमपुर खीरी जाने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मिश्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दायर याचिका पर विचार किया और इस दौरान पहले दी गई जमानत शर्तों को लागू रखने का निर्देश दिया, जिसमें राजनीतिक गतिविधियों में भाग न लेने की शर्त भी शामिल है।

### हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा : पवन कल्याण

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने आरोप लगाया कि हर कोई हिंदुओं को निशाना बना रहा है और हर मौके पर उनकी परंपराओं पर सवाल उठा रहा है। यह हर हिंदू का कर्तव्य है कि वह हिंदू रीति-रिवाजों को निशाना बनाए जाने पर विरोध प्रदर्शित करे। उपमुख्यमंत्री ने तिरुप्पारनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के एक न्यायाधीश द्वारा हिंदू समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने वाला फैसला सुनाए जाने के बाद 100 से अधिक सांसदों ने संसद में न्यायाधीश को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है।

## यूपी : कोडीन सिरप रैकेट के प्रमुख संदिग्धों की पहचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध व्यापार से जुड़े संगठित गिरोह में कथित तौर पर शामिल 10 से अधिक प्रमुख संदिग्धों की पहचान कर इस मामले में अब तक 133 प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मामले की जांच राज्य सरकार द्वारा इस सप्ताह की शुरूआत में पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) एल आर कुमार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है। बृहस्पतिवार की शाम जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार का नेतृत्व संभालने के बाद से ही अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ जंग छेड़ दी। इसमें कहा गया है कि योगी की मंशा के अनुसार वर्ष 2022 में एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) का गठन किया गया।

**एफएसडीए ने अब तक दर्ज की 133 प्राथमिकी**



### दो सगे भाई गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बृहस्पतिवार को फेंसेडिल कफ सिरप और कोडिन युक्त अन्य दवाओं का नशे के रूप में अवैध कारोबार और भंडारण करने के आरोपी दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह जानकारी दी। उसने एक बयान में बताया कि यह गिरफ्तारी राजधानी लखनऊ में हुई और गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहारनपुर जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में कपिल विहार निवासी सगे भाइयों अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा के रूप में हुई।

## पहले स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल सेल यात्री पोत का संचालन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को वाराणसी में भारत के पहले स्वदेशी हाइड्रोजन 'फ्यूल सेल' पोत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो स्वच्छ एवं टिकाऊ अंतर्देशीय जल परिवहन की दिशा में देश के प्रयासों में एक मील का पत्थर है।



**सर्बानंद सोनोवाल ने वाराणसी में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

यहां नमो घाट पर आयोजित एक समारोह में सोनोवाल ने पोत के वाणिज्यिक संचालन की शुरुआत की। समारोह को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा, यह केवल तकनीकी प्रगति ही नहीं बल्कि यह दर्शाता है कि हम हरित ऊर्जा और स्वदेशी समाधान की दिशा में पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मैं विशेष रूप से उल्लेख करना चाहूंगा कि हाइड्रोजन ईंधन आज की एक नयी और उभरती हुई तकनीक है जो स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा का बड़ा विकल्प बनकर सामने आ रही है।

## गोवा अग्निकांड : थाईलैंड में हिरासत में लिए गए लूथरा बंधु

एजेंसी। पणजी

गोवा में नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद भारत से भागे उसके मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड पुलिस ने हिरासत में लिया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छह दिसंबर को इस नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे। अधिकारियों ने बताया कि नाइटक्लब के सह-मालिकों 44 वर्षीय गौरव और 40 वर्षीय सौरभ को भारत सरकार के अनुरोध पर हिरासत में लिया गया है।

**हाथों में हथकड़ी और पासपोर्ट पकड़े तस्वीरें आईं सामने**

दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। दोनों आरोपियों को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में लिया गया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही लूथरा बंधुओं की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, हथकड़ी पहने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगीं। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों ने छह-सात दिसंबर की दरम्यानी रात एक बजकर 17 मिनट पर एक यात्रा पोर्टल के माध्यम से फुकेट के लिए अपनी टिकटें बुक की थीं।



### लूथरा बंधुओं को जल्द लाया जाएगा भारत : सीएम सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब के सह-मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से जल्द से जल्द भारत वापस लाया जाएगा। सावंत ने कहा कि गोवा पुलिस और सीबीआई की टीम इस मामले के मुख्य आरोपी लूथरा बंधुओं को "जितनी जल्दी हो सके" भारत वापस लाएगी। छह दिसंबर को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के तुरंत बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेत भाग गए थे। नाइट क्लब में आग लगने के मामले में एक स्थानीय पंचायत अधिकारी को भी गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

भारत-चीन के छात्रों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान

## यूएस में पढ़ाई के बाद छात्रों का वापस जाना 'शर्मनाक'

एजेंसी। न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दस लाख डॉलर की ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह एक वीजा कार्यक्रम है, जो अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा। ट्रंप का कहना है कि भारत और चीन जैसे देशों के छात्रों का अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटना शर्मनाक है।

**दस लाख डॉलर की 'ट्रंप गोल्ड कार्ड' योजना शुरू करने की घोषणा**

बुधवार को घोषित किया गया ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना एक ऐसा वीजा कार्यक्रम है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है। ट्रंप ने दावा किया कि ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना कंपनियों को देश में इस तरह की प्रतिभाओं को नियुक्त करने और बनाए रखने में सक्षम बनाएगी। व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा, किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है। उन्हें वापस वहीं जाना पड़ता है, जहां से वे आए थे। वहां रुकना बहुत मुश्किल है। यह शर्मनाक है। यह एक हास्यास्पद बात है। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं। ट्रंप ने घोषणा की कि गोल्ड कार्ड वेबसाइट शुरू हो गई है और कंपनियां व्हार्टन, हार्वर्ड और एमआईटी जैसे शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों को अमेरिका में ही रखने के लिए गोल्ड कार्ड खरीद सकती हैं।

इस अवसर पर आईबीएम के भारतीय मूल के अमेरिकी सीईओ अरविंद कृष्णा और डेल टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माइकल डेल भी मौजूद थे। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने एप्पल के सीईओ टिम कुक और अन्य अधिकारियों से कई बार सुना है कि वे सर्वश्रेष्ठ कॉलेजों से लोगों को नियुक्त नहीं कर सकते क्योंकि आपको नहीं पता कि आप उस व्यक्ति को अपने पास रख पाएंगे या नहीं। ट्रंप ने कहा कि छात्रों को देश से निकाल दिया जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, आप अपने कॉलेज से प्रथम स्थान प्राप्त करके स्नातक होते हैं, और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वे देश में रह पाएंगे। ट्रंप ने कहा कि कुक ने उनसे इस वास्तविक समस्या के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, अब यह कोई समस्या नहीं रहेगी।



### गोल्ड कार्ड से अमेरिका कमाएगा अरबों

ट्रंप ने कहा कि गोल्ड कार्ड के माध्यम से अमेरिका को अरबों डॉलर प्राप्त होंगे जिनका उपयोग देश के विकास के लिए किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि कंपनियां अब गोल्ड कार्ड से बहुत खुश होंगी, जिसके फायदे अमेरिका में स्थायी निवास प्रदान करने वाले ग्रीन कार्ड से कहीं अधिक होंगे। ट्रंप ने यह घोषणा ऐसे समय में की है जब भारत में इस महीने के अंत में होने वाले हजारों एच-1बी वीजा आवेदकों के पूर्व-निर्धारित साक्षात्कार अचानक कई महीनों के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जिसका कारण उनके सोशल मीडिया पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल की जांच करना बताया जा रहा है। जिन आवेदकों के वीजा के लिए अगले सप्ताह साक्षात्कार निर्धारित थे, उनमें से कुछ को अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों से ईमेल प्राप्त हुए हैं जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि उनके साक्षात्कार अगले वर्ष मई तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं।

## ईडी ने चार राज्यों में मारा ताबड़तोड़ छापा

एजेंसी। मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के एक घोर कट्टरपंथी मॉड्यूल के खिलाफ आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**इस्लामिक स्टेट से जुड़े कट्टरपंथ मामले में की कार्रवाई**

अधिकारियों ने बताया कि सुबह से शुरू हुई छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र के गांवों, रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली गई। आतंकी समूह आईएसआईएस का यह अड्डा ठाणे के पाडघा गांव में था। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तलाशी के दौरान ईडी की टीमों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गई जबकि अन्य राज्यों में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सुरक्षा प्रदान की।

### युवाओं को बना रहे आतंकी

एनआईए के अनुसार, आरोपी आसानी से प्रभावित होने वाले मुस्लिम युवाओं को अपने निवास स्थान से पडघा में स्थानांतरित होने के लिए प्रेरित कर रहे थे ताकि वे अपने गुट को मजबूत कर सकें। एनआईए द्वारा आरोपियों पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की तैयारी करने जैसे एजेंडे में शामिल होने का आरोप लगाया गया था।

### सर्दी बढ़ते ही दिल्ली में सर्वाइकल मरीजों की संख्या में उछाल

# बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहें अस्पताल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- तापमान गिरने के साथ मांसपेशियों में बढ़ रही है जकड़न
- महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की संख्या सबसे अधिक

> ठंड में मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे दर्द और अकड़न बढ़ना सामान्य है। ऐसे में मरीज लंबे समय तक एक ही मुद्रा में न बैठें और हर 20-30 मिनट में हल्का मूवमेंट करें।
> **अभिषेक मिश्रा, विशेषज्ञ**

राजधानी में बढ़ती ठंड के साथ सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस के मरीजों की परेशानी भी तेजी से बढ़ने लगी है। दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं, जहाँ 70-80 फीसदी लोग गर्दन के दर्द, अकड़न और चक्कर आने की शिकायत लेकर आ रहे हैं। तापमान गिरने के साथ मांसपेशियों में जकड़न बढ़ रही है, जिसके कारण सर्वाइकल के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है।

दिल्ली के कई इलाकों (नरेला, शाहदरा, द्वारका, रोहिणी और लक्ष्मी नगर) से मरीज लगातार अस्पतालों के फिजियोथैरेपी विभागों में पहुंच रहे हैं। सुबह से ही लंबी लाइनें लग रही हैं, जिनमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की संख्या सबसे अधिक है। पूर्वी दिल्ली की सीमा (नाम परिवर्तित) ने बताया कि ठंड बढ़ने के बाद से गर्दन झुकाना मुश्किल हो गया है और रात में दर्द इतना बढ़ जाता है कि नींद तक नहीं आती। डॉक्टरों ने उन्हें गर्दन व कंधों को गर्म रखने और मोबाइल कम इस्तेमाल करने की सलाह दी है। वहीं पश्चिम विहार निवासी अनीता वर्मा ने बताया कि सुबह उठते ही चक्कर आने लगते हैं, लेकिन फिजियोथैरेपी करवाने से काफी राहत मिली है।

दिल्ली के फिजियोथैरेपी विशेषज्ञों का कहना है कि सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस उन लोगों में सबसे ज्यादा बढ़ रहा है जो दिनभर लैपटॉप या मोबाइल पर झुके रहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सर्दी के मौसम में हीट थैरेपी, हल्की एक्सरसाइज और पोस्चर में सुधार काफी लाभदायक है। एक वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट ने बताया कि इस हफ्ते आने वाले मरीजों में 100 से ज्यादा लोग केवल सर्वाइकल की समस्या से पीड़ित थे।

विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा का कहना है कि ठंड में मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे दर्द और अकड़न बढ़ना सामान्य है। उन्होंने सलाह दी कि मरीज लंबे समय तक एक ही मुद्रा में न बैठें और हर 20-30 मिनट में हल्का मूवमेंट करें। राजधानी में तापमान लगातार गिर रहा है, ऐसे में डॉक्टरों ने लोगों को गर्दन-कंधों को गर्म रखने, भारी वजन न उठाने और गलत पोस्चर से बचने की सलाह दी है।

### 32 वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के संजय गांधी स्मारक अस्पताल में संविदा पर 32 वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर नियुक्त किए जाएंगे। सर्वाधिक 13 वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर पीडियाट्रिक विभाग में नियुक्त किए जाएंगे। अस्पताल प्रशासन ने साक्षात्कार के लिए 17 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे के बीच अस्पताल पहुंचकर इच्छुक डॉक्टर साक्षात्कार में हिस्सा ले सकेंगे।

### डिजिटल अरेस्ट कर 49 लाख की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 49 लाख की ठगी करने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ से दबोचा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में पहले ही गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह गिरोह डिजिटल अरेस्ट और निवेश के नाम पर लोगों के साथ ठगी करता था।

गिरफ्तार आरोपियों में लखनऊ निवासी अर्जुन सैनी (20 वर्ष), विमलेश (19 वर्ष) और मोहम्मद आबिद उर्फ मुबाशिर (20 वर्ष) शामिल हैं। विमलेश बीएससी कर रहा है। उसने साइबर अपराधियों को फर्जी दस्तावेज से खोले गए बैंक खाते उपलब्ध कराकर धोखाधड़ी में सहयोग किया था। मोहम्मद आबिद ने दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने खुद को पुलिस और अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताते हुए बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट किया था। उसने महिला पर आरोप लगाया कि उनके अकाउंट से आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों को पैसे भेज गए हैं। महिला को धमकाने के बाद उनसे 49 लाख रुपये ठग लिए।

# जनता के हित और अधिकारों की बात करता रहूंगा : संजीव झा

- डरने वालों में से नहीं हूं, जनता के मुद्दे पर दिल्ली सरकार को एक्सपोज करता रहूंगा : संजीव झा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के कई इलाकों में प्रदूषण की समस्याओं से लोगों को अधिक दो-चार होना पड रहा है। उसी इलाकों में शुमार है बुराडी विधानसभा। बुराडी विधानसभा के विधायक श्री संजीव झा बीते कई दिनों से जनता के हितों की बात करते हुए प्रदूषण की समस्या के समाधान को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं।

दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से उन्होंने कई सवाल किए। आम आदमी पार्टी के नेता और विधायक संजीव झा का कहना है कि पिछले दो-तीन दिनों से भाजपा के कुछ क्षेत्रीय नेता कुछ नेता उनके खिलाफ अफवाह फैलाने और उनके मकान मालिक को धमकाने की कोशिश कर रहे हैं।

संजीव झा ने साफ कहा कि हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले लोग हैं। जो सच है, उसे बोलेंगे और जनता की अदालत में ले कर जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि बुराड़ी में पिछले एक दशक में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। एक सवाल के जवाब में विधायक संजीव झा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में किए गए प्रमुख कामों का ब्यौरा दिया। उनके अनुसार, बुराडी विधानसभा में 17,000 से अधिक गलियों का निर्माण किया। 1,700 किमी पानी की पाइपलाइन बिछाई गई। 89 कॉलोनियों और 7 गांवों में सीवर लाइन डाली गई। बुराडी विधानसभा के कौशिक में 800 बेड का आधुनिक अस्पताल बना। 487 से अधिक क्लासरूम तैयार किए गए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि जब वे पहली बार विधायक बने तो इस विधानसभा में केवल एक छठ घाट सरकारी दस्तावेजों में था, वर्तमान में 34 छठ घाटों का निर्माण कराया और इन्हें सरकारी सुविधाएं मिलती हैं। इसके साथ ही पावर ग्रिड, ट्रांसफॉर्मर, बस डिपो सहित कई आधारभूत परियोजनाएं में उल्लेखनीय काम हुआ है। वर्तमान दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए आप नेता संजीव झा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आने के बाद क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हैं। टेंडर जारी नहीं हो रहे, सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। कई सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की कमी है। मरीजों की सुनवाई नहीं हो रही है। यमुना पुनः प्रदूषण की गिरफ्त में है।

# गुरुग्राम में 13 व 14 दिसंबर को एक केंद्र पर होगी यूपीएससी की परीक्षा

- यूपीएससी की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर एडिशनल लेबर कमिश्नर ने ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




जिला में 13 और 14 दिसंबर को संघ लोक सेवा आयोग की आयोजित होने वाली कम्बाइंड सेक्शन ऑफिसर्स (ग्रेड- बी) एलडीसीई फॉर द ईयर्स ऑफ 2025 एंड कम्बाइंड स्टेनोग्राफर्स (ग्रेड-बी/ग्रेड-1) एलडीसीई फॉर द ईयर 2019, 2020, 2021 परीक्षा को लेकर गुरुवार को एडिशनल लेबर कमिश्नर (एएलसी) कुशल कटारिया ने बैठक ली। लघु सचिवालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित सेंटर सुपरवाइजर व ड्यूटी मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एएलसी कुशल कटारिया ने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है।

अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर ले। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2 शिफ्ट, जबकि 14 दिसंबर को एक शिफ्ट में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में एक केंद्र बनाया गया हैं। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण सुबह 10 बजे से 12 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक व तीसरा चरण 14 दिसंबर सुबह 10 बजे से 1 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि 13 और 14 दिसंबर को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए एक केन्द्र पर 47 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

### महा रैली की तैयारी तेज, एमएल भास्कर ने की बैठक की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आान और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में रामलीला मैदान में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली को सफल बनाने के लिए तैयारियाँ गति पकड़ चुकी हैं। इसी क्रम में जहांगीर पुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एम.एल. भास्कर की अध्यक्षता में जे ब्लॉक में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रैली की रणनीति, जनसंपर्क अभियान और अधिक से अधिक लोगों को रैली में शामिल कराने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वार्ड संख्या 18 के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता—बॉबी भाई, राजा भाई, संजय, अरुण कुमार, मनीष कुमार, पूजा, सुधा सिंह, आजम भाई, आशिम भाई, छोटू भाई, महेश पांडे सहित आई और जे ब्लॉक के सभी समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर जनता से संपर्क करेंगे।

# स्वदेशी अपनाना राष्ट्र निर्माण में योगदान का एक शक्तिशाली तरीका: सरपंच सुंदर लाल यादव

- आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा के वरिष्ठ नेता सरपंच सुंदर लाल यादव के सेक्टर-82 स्थित कार्यालय पर गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ता बंधुओं से स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाए गए। हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी का सामूहिक संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि स्वदेशी अपनाने का यह अभियान न केवल स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देता है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाता है।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि स्वदेशी अपनाना राष्ट्र निर्माण में योगदान का एक शक्तिशाली तरीका है, जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को बढ़ावा देता है, रोजगार पैदा करता है। भारत को आत्मनिर्भर और मेक इन इंडिया के लक्ष्य की ओर ले जाता है। स्वदेशी अपनाने का यह भी लाभ होगा कि हमारी आयात पर निर्भरता कम हो जाएगी। हम वैश्विक स्तर पर एक मजबूत विनिर्माण शक्ति के रूप में उभर सकेंगें। इसलिए स्वदेशी को अपनाएं राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना सिर्फ एक खरीदारी का चुनाव नहीं, बल्कि देश के प्रति विश्वास और योगदान दिखाने का तरीका है। जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद करता है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हम यह संकल्प लें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करेंगें। देश को विश्व शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने सेवा और स्वदेशी का आह्वान किया है। इस बैठक में अपने शक्ति केंद्र प्रमुख के साथ मिलकर त्रिदेव एवं बूथ कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिससे संगठनात्मक ढांचा और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सकेगा।

# अयोग्य लोको पायलट की तैनाती बनी 13 मौतों का कारण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सीआरएस ने छत्तीसगढ़ में नवंबर में हुए ट्रेन हादसे के लिए रेलवे प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने छत्तीसगढ़ में नवंबर में हुए ट्रेन हादसे के लिए रेलवे प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। हादसे की जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि रेलवे ने ऐसे लोको पायलट को तैनाती दी थी, जो न सिर्फ अयोग्य था बल्कि मनोविज्ञान कौशल परीक्षा में भी नाकाम रहा था।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में चार नवंबर को मेमू (लोकल पैसेंजर) ट्रेन ने खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मार दी थी। हादसे में लोको पायलट और 12 यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि 19 घायल हो गए थे। सहायक लोको पायलट ने इंजन से कूदकर जान बचाई थी। घटना की जांच सीआरएस बृजेश कुमार मिश्रा (दक्षिण पूर्व सर्किल, कोलकाता) को सौंपी गई थी। उन्होंने जांच रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस ट्रेन को चला रहे लोको पायलट ने नौ जून 2025 को इस पद के लिए मनोविज्ञान कौशल परीक्षा दी थी, लेकिन अनुत्तीर्ण रहा। इसके बावजूद उसे यह सोचकर तैनाती दी गई कि ट्रेन संचालन के दौरान सहायक लोको पायलट भी होगा। जांच में बताया गया कि ट्रेन के चलने के दौरान भी लोको पायलट छोटी-छोटी जानकारियों के लिए मुख्य लोको निरीक्षक को फोन कॉल कर निर्देश लेता रहा।

### कालरा अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस वर्ष भी सर्दी के मौसम में कालरा अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अंकित कालरा ने बताया कि ठंड के मौसम में हार्ट रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यदि सीने में दर्द हो तो उसे बिल्कुल नजरअंदाज न करें और समय-समय पर हृदय की जांच जरूर कराते रहें। डॉ. अंकित के अनुसार, कोई भी बीमारी अचानक नहीं होती, इसलिए शुरूआती लक्षणों पर ध्यान देना और जांच कराना बेहद जरूरी है, जिससे बीमारी पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सकता है। शिविर में कुल 432 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई, जिसमें टीएमटी, ईको, बीपी, मधुमेह सहित कई परीक्षण शामिल थे। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

# गन्ना खेती का बदला स्वरूप, 1,000 किसानों को मिला नया सहारा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गन्ना किसानों के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरा है प्रोजेक्ट 101, जिसे 18 वर्षीय यश साहनी ने वर्ष 2023 में शुरू किया था। पारंपरिक कृषि पद्धतियों पर निर्भर किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से सशक्त बनाने की पहल अब 45 गाँवों के 1,000 किसानों तक पहुँच चुकी है। शुरूआत में यह प्रोजेक्ट केवल 26 गाँवों के 100 किसानों के साथ शुरू हुआ था। यश को यह विचार अपने रिसर्च प्रोजेक्ट के दौरान आया। उन्होंने बताया, बुलंदशहर के खेतों में काम करते हुए मैंने देखा कि ट्रेंच विधि, संतुलित पोषण प्रबंधन और एकीकृत कीट प्रबंधन जैसे छोटे बदलाव भी पैदावार और आय में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। लेकिन किसानों को जानकारी और संसाधनों की कमी रहती है। इसी कमी को दूर करने के लिए प्रोजेक्ट 101 शुरू किया। प्रोजेक्ट के तहत किसानों को ट्रेंच विधि, 4 फीट की कतार प्रणाली, इंटरक्रॉपिंग, फरो इरिगेशन, मल्चिंग और बायो-कंपोस्ट जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ड्रोन स्प्रे, मॉइस्चर सेंसर और सिंगल-बड प्लांटिंग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। सिंगल-बड प्लांटिंग से बीज की खपत में 30-70 प्रतिशत कमी आई, जबकि अंकुरण 40 प्रतिशत से बढ़कर 70-76 प्रतिशत तक पहुँच गया। यश ने बताया कि प्रोजेक्ट लागू किए गए खेतों में गन्ने की ऊँचाई 11-23 प्रतिशत और मोटाई 5-9 प्रतिशत तक बढ़ी है। कीटों से होने वाले नुकसान में कमी आई है और मिलों तक जाने वाली फसल की गुणवत्ता में 8-15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। प्रोजेक्ट 101 न केवल खेती सुधार रहा है, बल्कि हकदर्शक के साथ मिलकर किसानों को सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं से भी जोड़ रहा है। अब तक 200,000 किसानों को जानकारी सामग्री और ऐप के माध्यम से वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराई जा चुकी है। ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में प्रोजेक्ट 101 बुलंदशहर के किसानों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरा है।

# इमारत से चलती कार पर गिरे द्वारका में महिला और उसका का पोता, मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका में 45 वर्षीय महिला और उसका एक साल का पोता दुर्घटनावश निमार्णाधीन इमारत की ऊपरी मंजिल से चलती कार पर गिर गए। इस घटना में महिला और उसके पोते ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुधवार को शाम पांच बजकर तीन मिनट पर पुलिस को घटना की सूचना मिली जिसमें बताया गया कि द्वारका के सेक्टर-15 में एक निमार्णाधीन स्थल पर कुछ श्रमिकों को तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और उन्हें पता चला कि दो लोग ऊंचाई से गिर गए थे और स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें आकाश अस्पताल ले जाया गया था।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I,GAURAV BERI S/O SH. R.K BERI R/O 81, JOR BAGH, LODI ROAD, SOUTH DELHI, DELHI-110003, AUTHORISED DIRECTOR OF M/S BERI KNIVES PRIVATE LIMITED, have lost original property Documents i.e. Perpetual Lease, in respect of Property Bearing No. - PLOT NO. 293, BLOCK- B, SITUATED IN THE LAYOUT PLAN OF OKHLA INDUSTRIAL AREA PH-I, have been loggedan NCR Vide LR No: 3414777/2025 dated 09.12.2025 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi.
Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. 9810194707 with 15 days from the date of publication of this notice.

सार्वजनिक सूचना

[illegible]
Rahul Raj, Advocate, SG Associates
B-61, Plot no. 28, Kaushambhi near HDFC Bank, U.P.

सार्वजनिक सूचना

[illegible]
#0120-4269379

सार्वजनिक सूचना

[illegible]
#0120-4269379

Name change

I,ABHINOY BAID S/o Ranjeet Mal Baid R/o 2B/37, 2nd floor, NIT Faridabad have changed my name to Abhenov Baid.

-----------------------------------

I, Aashish S/o Sh. Mukesh Batra R/o H. No. 5M/94, NIT, Faridabad have changed my name to Aashish Batra.

-----------------------------------

I, Mukesh Kumar Batra S/o Sh. Hiralal R/o H No. 5M/94, NIT, Faridabad have changed my name to Mukesh Batra.

-----------------------------------

I, Sonia Ahuja W/o Sunil Kumar R/o 3H/WH/20 NIT Faridabad have changed my name to SONIA.

नाम परिवर्तन

मैं, शहबाज पुत्र जमालुद्दीन निवासी हाजीपुर, तहसील-पुन्हाना जिला नूंह का स्थाई निवासी हूं। मेरा पहला नाम सहबाज पुत्र जमालुद्दीन है। अब मैंने अपना नाम बदलकर असफाक पुत्र जमालुद्दीन रख लिया है। आगे से मुझे असफाक के नाम से ही जाना जाए और मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा बदला हुआ नाम किया जाए। मेरे पुराने नाम से न्यायालय में न तो कोई केस है और न ही किसी बैंक का लोन है। यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न होता है तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

### गुरुग्राम विवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# एआई केवल तकनीक नहीं, सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है: डॉ. संजय कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



एआई के युग में उद्यमिता, स्थिरता और सामाजिक नवाचार के प्रतिमान विषय पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में गुरुवार को 5वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। दो दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। सम्मेलन का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट तथा कॉलेज ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सीएमयू के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

दो दिनों तक चलने वाले इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षाविदों, पेशेवरों, शोधकताओं, निर्णय निमार्ताओं और छात्रों को अपने शोध कार्यों को विभिन विशेषज्ञों के साथ साझा करने के लिए एक अंतराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सम्मलेन में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजय कौशिक ने अध्यक्षता की, आईजीयू, मीरपुर के कुलपति डॉ. असीम मिगलानी ने मुख्य अतिथि, अमेरिका के वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. संजय कुमार ने विशिष्ठ अतिथि, कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा ने मुख्य संरक्षक के नाते शिरकत की। कुलपति डॉ. संजय कौशिक ने उद्घाटन सत्र में कहा कि एआई केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उद्यमिता को नई दिशा देने वाला निर्णायक कारक बन चुका है। उन्होंने बताया कि स्थिरता, जिम्मेदार नवाचार और सामाजिक प्रभाव आधुनिक उद्यम के मूल स्तंभ बन रहे हैं। डॉ. कौशिक ने युवाओं को एआई आधारित स्टार्टअप्स में अवसरों को पहचानने और समाजहित में तकनीक का उपयोग करने का आह्वान किया उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से शोध, नवाचार और उद्योग-अकादमिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईजीयू मीरपुर के कुलपति डॉ. असीम मिगलानी ने कहा कि यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर ज्ञान आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने का उत्कृष्ट मंच है। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर अमरजीत कौर, डॉक्टर सुरभि गोयल, और डॉ नीरा वर्मा भी उपस्थित रही। सम्मेलन के पहले दिन भारत सहित अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, जापान, बांग्लादेश, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम, यूएई, कनाडा, थाईलैंड, म्यांमार, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, नाइजीरिया, जर्मनी विभिन्न देशों से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और उद्यमियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

### यूनेस्को द्वारा दीपावली को अमूर्त धरोहर घोषित करने पर सिद्ध पीठ में भव्य दीपोत्सव

**नई दिल्ली।** यूनेस्को द्वारा 10 दिसंबर 2025 को दीपावली को विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किए जाने के बाद राजधानी दिल्ली स्थित सिद्ध पीठ श्री सीताराम संतसेवा मंदिर एवं गौशाला, चंदू पार्क पुरानी अनारकली, कृष्णा नगर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। सिद्ध पीठ के श्री महंत एवं महामंडलेश्वर श्री रामगोविन्द दास महात्यागी जी महाराज ने इसे करोड़ों भारतवंशियों के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि दीपावली केवल उत्सव नहीं, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और नए आरंभ का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सदियों से समाज, परिवार और समुदाय को जोड़ने वाली भारतीय सांस्कृतिक आत्मा का जीवंत रूप है। यूनेस्को की घोषणा के बाद आयोजित इस दीपोत्सव में सैकड़ों भक्तों ने प्रभु श्री राम और राष्ट्र के नाम एक-एक दीप प्रज्वलित कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर राजीव शर्मा, दिल्ली प्रदेश सह संयोजक—भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ, समाजसेवी महावीर गोयल, सुरेंद्र नागपाल, रमेश गर्ग और नरेश यादव सहित अनेक भक्त मौजूद रहे। दीपोत्सव में शामिल होते हुए राजीव शर्मा ने कहा कि यूनेस्को के इस फैसले ने विश्वभर में बसे भारतीयों के लिए दीपावली की रौशनी को और भी विशेष बना दिया है। उन्होंने इस घोषणा के लिए यूनेस्को कार्यालय के निदेशक टिम कर्टिस को धन्यवाद दिया और बताया कि यह महत्वपूर्ण निर्णय दिल्ली के लाल किले में आयोजित यूनेस्को की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर प्रख्यात करने की ऐसी गंभीर पहल की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर बाजार में गोदाम में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली के सदर बाजार में पुलिस थाने के पास एक बहुमंजिला इमारत में बुधवार देर रात को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डीएफएस को रात 9.23 बजे एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली, जिसमें कई गोदाम हैं। उन्होंने कहा, शुरूआत में दमकल के तीन टैंकर और पानी का एक टैंकर घटनास्थल पर भेजा गया था। रात 9.42 बजे अनुरोध मिलने पर पानी के दो अतिरिक्त टैंकर भेजे गए। उन्होंने बताया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित एक पॉलीथीन गोदाम और तीसरी मंजिल पर स्थित प्लास्टिक की बोतलों के भंडारण क्षेत्र तक फैल गई थी। यह इमारत लगभग 100 वर्ग गज में बनी है और इसमें भूतल के अलावा तीन मंजिलें शामिल हैं। आग पर देर रात 1.45 बजे तक काबू पा लिया गया। हालांकि, इमारत में शीतलन (कूलिंग) का काम जारी है।

### चांदनी महल में एक इमारत में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में स्थित एक इमारत में बृहस्पतिवार दोपहर को आग लग गई। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी के अनुसार, आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। विभाग को दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर घटना की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया, हमने घटनास्थल पर दमकल की चार गाड़ियां भेजीं। आग बुझाने का काम जारी है। घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने वाला दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पॉक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा पाए एक पैरोल जंपर को मयूर विहार इलाके से दबोच लिया है। वह अपनी ही बेटी की नाबालिग सहेली के यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी था और सितंबर 2021 से पैरोल लेकर फरार चल रहा था। पकड़े गए आरोपी की पहचान वाहिद खान के रूप में हुई है, जो मयूर विहार के त्रिलोकपुरी के संजय कैंप का निवासी है और मूल रूप से यूपी के आगरा के गांव मड़िया का रहने वाला है। वाहिद खान को वर्ष 2015 में अपनी बेटी की 13 वर्षीय नाबालिग सहेली का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने 2018 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वह 2021 में पैरोल पर बाहर आया और तभी से पुलिस से बचते हुए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

### ऑटो में बिठाकर लूटपाट करने वाला धरा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सवारियों से लूटपाट करने वाले एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी वसीम पर नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी सवारियों को अपने ऑटो में बैठाता था और सुनसान स्थान पर वाहन खराब होने का बहाना बनाकर रुकता था। इस बीच इनके ही गिरोह का अन्य सदस्य एक महिला के साथ दूसरे ऑटो से आता था और उस सवारी को अपने ऑटो में बैठा लेता था। सामान एक ऑटो से दूसरे में रखने के दौरान महिला शख्स को बातों में उलझा लेती थी। इस बीच गिरोह के अन्य सदस्य बैग मे रखी नकदी और अन्य कीमती सामान लूटकर फरार हो जाते थे।

### मान्यता प्राप्त करने की आवेदन तिथि बढ़ाई

नई दिल्ली। नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के क्षेत्र में आने वाले सभी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को नियमों के तहत नई मान्यता प्राप्त करने या मान्यता बढ़ाने के लिए आवेदन प्रक्रिया के लिए एक और मौका दिया गया है। अब आवेदक 31 दिसंबर तक शिक्षा निदेशालय के दफ्तर में आवेदन कर सकते हैं।

# दो दिन बाद फिर बहुत खराब श्रेणी में पहुंची दिल्ली की हवा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यह जानकारी दी। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच के अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को मुख्य रूप से आसमान साफ रहने तथा शुक्रवार और शनिवार को हल्की से हल्का धुंध छाए रहने का पूर्वानुमान लगाया है। दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के औसत से 1.0 डिग्री कम है। अधिकतम तापमान के 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह 8:30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत थी।

### दिल्ली प्रदूषण में वाहनों की भूमिका

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में आमतौर पर खराब वायु गुणवत्ता में वाहनों के प्रदूषण को एक प्रमुख कारक मानते हुए, सीएक्यूएम ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से उसके 12 अगस्त के आदेश की समीक्षा करने का आग्रह किया। उक्त आदेश में राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम न उठाने का निर्देश दिया गया था। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों की याचिका में दाखिल 300 से अधिक पृष्ठों के हलफनामे में, सीएक्यूएम ने कहा, वाहनों से होने वाला प्रदूषण दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आमतौर पर खराब वायु गुणवत्ता के लिए सबसे महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कारकों में से एक है। इस प्रकार, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना आयोग की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक रहा है।

### दीपावली को यूनेस्को मान्यता

# सनातन संस्कृति का वैश्विक सम्मान : गोयल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यूनेस्को द्वारा दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की वैश्विक सूची में शामिल किए जाने पर पूरे देश में खुशी की लहर है। राजधानी दिल्ली में 10 दिसंबर को दीपोत्सव इसी ऐतिहासिक उपलब्धि को समर्पित रहा। यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा कि यह मान्यता साबित करती है कि भारतीय परंपराएँ केवल उत्सव नहीं, बल्कि मानवता को जोड़ने वाली जीवनशैली हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व के 180 देशों में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है, उसी तरह योग अब वैश्विक स्वास्थ्य और जीवनशैली का आधार बन चुका है। नेपाल, मॉरीशस, श्रीलंका, सूरीनाम, ट्रिनिडाड एंड टोबैगो, सिंगापुर, अमेरिका सहित कई देशों में दीपावली को आधिकारिक छुट्टी का दर्जा मिलना भारतीय संस्कृति की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। गोयल ने कहा कि योग, ध्यान, आयुर्वेद, प्रकृति-समन्वय और कुटुंब-केन्द्रित सामाजिक संरचना जैसे सनातन मूल्य आज दुनिया के हर कोने में सम्मान पा रहे हैं। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में सनातन संस्कृति का शांति और समरसता का संदेश मानवता के लिए नई दिशा बन रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अंतरिक्ष, तकनीक, रक्षा, स्टार्टअप और विश्व अर्थव्यवस्था में भारत की मजबूत उभरती भूमिका यह संकेत देती है कि भारत केवल सांस्कृतिक महाशक्ति नहीं, बल्कि एक समग्र वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

# अटल कैंटीन में मात्र 5 रुपये में भोजन, गरीबों को बड़ी राहत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



शाहदरा जिले के भाजपा महामंत्री रोमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली में लगातार जनहित की योजनाएँ शुरू कर रही है, जिनसे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अटल कैंटीन योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों को मात्र 5 रुपये प्रति प्लेट स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन वहीं तैयार नहीं होगा, बल्कि तैयार भोजन निर्धारित स्थानों पर लाकर वितरित किया जाएगा।

गुप्ता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर से शहर भर में 100 अटल कैंटीन शुरू की जाएँगी। योजना के सुचारू संचालन के लिए डूसिब के अधीन एक समर्पित अटल कैंटीन शाखा बनाई गई है, जो प्रधान निदेशक की देखरेख में कार्य करेगी और उसके साथ एक अधीक्षण अभियंता एवं एक कार्यकारी अभियंता की टीम काम करेगी। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन का प्रमुख उद्देश्य शहरी गरीबों, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों के निवासियों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उनके घर के पास स्वादिष्ट, सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। सरकार चाहती है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। रोमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस योजना के लागू होने से गरीब तबके को बड़ी राहत मिलेगी।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सूर्य प्रकाश खत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुधवार को एक विशेष निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। जम-जम फाउन्डेशन द्वारा आयोजित इस शिविर को डॉ. श्रॉफ चैरिटी नेत्र अस्पताल का सहयोग प्राप्त हुआ। यह शिविर इन्द्रा बस्ती स्थित बस्ती विकास केन्द्र में लगाया गया, जहाँ करीब 100 नागरिकों ने अपनी आँखों की जांच कराई।

शिविर में मोतियाबिंद से ग्रस्त 15 व्यक्तियों का चयन किया गया, जिन्हें निःशुल्क शल्य चिकित्सा हेतु आगामी तिथि प्रदान की गई है। इनका ऑपरेशन रोटरीझडॉ. श्रॉफ चैरिटी नेत्र चिकित्सा केंद्र, करोल बाग में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, यह पहल कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के लिए राहत का बड़ा स्त्रोत साबित होगी। इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि, नेत्रज्योति मानव जीवन की सबसे अनमोल नियामत है। बुजुर्गों की आँखों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है, ताकि मोतियाबिंद जैसी बीमारी का समय पर उपचार हो सके और दृष्टि सुरक्षित रहे। मेरा संकल्प है कि तिमारपुर क्षेत्र को मोतियाबिंद मुक्त बनाया जाए। इसी उद्देश्य से हम विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर निःशुल्क जांच शिविरों का आयोजन करते रहेंगे।

विधायक ने रोटरीझडॉ. श्रॉफ चैरिटी आई क्लिनिक से आई चिकित्सा टीम का स्वागत भी किया और उनके समाजसेवी योगदान की सराहना की। जम-जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने बताया कि शिविर में आए नागरिकों को रियायती दरों पर दृष्टि सुधारक चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि फाउन्डेशन समाज के वंचित वर्ग की सहायता के लिए निरंतर ऐसी पहल करता रहेगा। कार्यक्रम में फाउन्डेशन की उपाध्यक्षा ममता आनंद, सचिव मोहम्मद कादिर, नीलू सोनकर, दिनेश सोनकर, मोहम्मद कामिल, अधिवक्ता अमित आनंद, मनोज कुमार, विकास कुमार, प्रेम चंद तथा आरती सहित स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन ने क्षेत्रवासियों में संतोष और उत्साह का वातावरण उत्पन्न किया है, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया है।

# कार से टक्कर मारने का आरोप लगाकर लूट करने वाले दो धरे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सदर बाजार में खरीदारी करने जा रहे एक शख्स पर कार से टक्कर मारने का आरोप लगाकर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को पहाड़गंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुल्तानी ढांडा पहाड़गंज निवासी संजू उर्फ कलवा (32) और हर्ष (23) के रूप में हुई है। उनके पास से कुछ कैश भी बरामद हुआ है। संजू पहले से 19 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। जबकि हर्ष तीन मामलों में शामिल रह चुका है।

फिलहाल फरार चल रहे उनके तीसरे साथी रमन का पता किया जा रहा है। डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि 4 दिसंबर को पहाड़गंज पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाबी अकादमी, मुल्तानी ढांडा के पास 3 से 4 लोगों ने एक शख्स से लूटपाट की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को वैशाली गाजियाबाद 55 वर्षीय शिकायतकर्ता मिले। उन्होंने बताया कि वह सदर बाजार सामान खरीदने जा रहे थे। भारी ट्रैफिक के कारण जैसे ही उनकी गाड़ी धीमी हुई, एक युवक ने आरोप लगाया कि उसकी टांग गाड़ी से टकरा गई है और विवाद शुरू कर दिया। कुछ ही देर में तीन और युवक वहां आ गए। फिर सभी मिलकर शिकायतकर्ता को काबू कर लिया। एक ने उनकी बाईं टांग पकड़ी, दूसरे ने दाईं टांग, जबकि बाकी ने 9,900 लूट लिए और फरार हो गए। उनके शिकायत पर लूटपाट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और एक आरोपी राहुल उर्फ विक्की (40) को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 1,000 कैश और शिकायतकर्ता का आधार कार्ड बरामद किया। लेकिन तीन अन्य फरार थे। फिर सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से संजू और हर्ष को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### फोन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के चार कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है और 40 स्मार्टफोन बरामद किए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी आईफोन को कथित तौर पर चोरी करने के तुरंत बाद एल्युमिनियम फॉयल में लपेट देते थे ताकि सिग्नल ब्लॉक हो जाएं और फाइंड माई आईफोन या रिमोट लॉकिंग के जरिए उनका पता नहीं लगाया जा सके। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने कहा कि पुलिस को एक गोपनीय सूचना मिली कि महंगे मोबाइल फोन चोरी करने वाला एक गिरोह शहर में सक्रिय है, जो संगीत समारोहों, परिवहन केंद्रों और अन्य व्यस्त सार्वजनिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को निशाना बनाता है।

### चोरों को रंगे हाथ पुलिस ने पकड़ा

नई दिल्ली। पांडव नगर इलाके में चोरो को एक मकान में चोरी करना उस समय महंगा पड़ गया,जब पुलिस को चोरी की वारदात का पता चल गया और पुलिसकर्मियों को देखकर चोरो ने भागने की पूरी कोशिश की,पर पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा कर चोरो को दबोच लिया। उनके पास से चोरी किए गए जेवरात और स्मार्ट वॉच बरामद भी कर ली। गिरफ्तार चोरो की पहचान जाकिर अली (28) और सुमित (27) के तौर पर हुई है। दोनों त्रिलोकपुरी इलाके के रहने वाले है। ईस्ट दिल्ली डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 9 दिसंबर को पुलिस को प्रताप नगर में चोरों की मौजूदगी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आरोपी अंधेरे का लाभ उठाते हुए एक छत से दूसरी छत पर कूदकर भागने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन पुलिस वाले भी उनके साथ साथ भागम-भाग शुरू कर दिया।

# बहन की शादी के लिए उमर खालिद को अंतरिम जमानत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए 16 से 29 दिसंबर तक की अंतरिम जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने खालिद को अंतरिम राहत प्रदान की जो 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से संबंधित मामले में आरोपी है।

न्यायाधीश ने आरोपी को 20,000 रुपये के निजी जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि के दो मुचलके पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, अंतरिम जमानत अवधि के दौरान, आवेदक (खालिद) सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करेगा। अदालत ने उसे निर्देश दिया कि वे केवल अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से ही मिलेगा। इसने कहा कि खालिद को अपने घर पर या उन स्थानों पर रहना होगा जहां उनके द्वारा बताए गए विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। अदालत ने खालिद को 29 दिसंबर की शाम को जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पिछले साल उसे एक और शादी में शामिल होने के लिए सात दिनों की अंतरिम जमानत दी गई थी। उसे 2022 में भी इसी तरह की राहत दी गई थी।

### स्कूलों में टूटे दरवाजे, खिड़कियां बदलने का आदेश

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने बढ़ती ठंड को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी हैं। निदेशालय ने छात्रों को ठंड से बचाने के लिए स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत टूटे दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत की जाएगी। कहीं अधिक परेशानी है तो उसे बदला जाएगा।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि अधिक सर्दी वाले दिनों में खुले में प्रार्थना सभा बंद कर कक्षाओं में करवाई जाएगी। यही नहीं, छात्रों के गर्म कपड़ों की भी जांच की जाएगी। विभाग ने बताया कि विंटर रेडिनेस प्लान सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को दे दिया गया है। इसमें स्कूलों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को हीटर देने के लिए कहा गया है। साथ ही, कोल्ड, फ्लू, सांस की समस्याओं आदि से बचाव के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए कहा गया है।

# हमदर्द लैबोरेटरीज ने किया आयुष कन्वेंशन का सफल आयोजन

- कन्वेंशन में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी आयुष प्रणालियों के विशेषज्ञ हुए सम्मिलित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




भारत में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, फैटी लिवर रोग और हृदय संबंधी बीमारियों के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे परिदृश्य में, देश की प्रमुख हेल्थ एवं वेलनेस कंपनी हमदर्द लैबोरेटरीज ने आज नई दिल्ली में आयुष कन्वेंशन 2025 का सफल आयोजन किया।

इस कन्वेंशन में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी आयुष प्रणालियों के विशेषज्ञ, साथ ही आधुनिक चिकित्सा के वरिष्ठ चिकित्सक और शोधकर्ता सम्मिलित हुए। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा भारत आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां गैर-संचारी रोगों से निपटने के लिए समन्वित, रोकथाम- आधारित और समग्र कार्रवाई की अत्यंत आवश्यकता है। हमदर्द लैबोरेटरीज और ऑल-इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और आधुनिक चिकित्सा के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने के लिए बधाई देता हूँ। पैनलिस्टों में उद्योग के विचारक डॉ. मनोज नेसारी, डॉ. काशीनाथ समगांधी, डॉ. एन. जहीर अहमद, डॉ. एम. ए. कुमार, डॉ. संजय गुप्ता, पद्मश्री डॉ. मोहसिन वली और डॉ. नीना खन्ना कार्यक्रम में शामिल थी। हमदर्द के चेयरमैन अब्दुल मजीद ने कहा कि यूनानी दवाएं प्राचीन समय से लोगो को स्वस्थ रखने में कारगार है,इस समय शुगर की बीमारी को ध्यान में रखते हुए कई नए उत्पाद बाजार में उतारे गए है, हम सभी चिकित्सा पध्दतियों का सम्मान करते है सभी का अपना-अपना विशेष स्थान है।

### नाली में सिर फंसने से गयी व्यक्ति की जान

नई दिल्ली। करावल नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है व्यक्ति अपने काम पर जा रहा था और किसी कारण गिर पड़ा, और गिरने के बाद उनका सिर नाली में फंस गया, जिस वजह से उनकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान बसंत सिंह बघेल (46) के रूप में हुई है वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के रहने वाले थे। अभी परिवार के साथ विजय विहार में रहते थे इनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां है। यह हलवाई का काम करते थे बुधवार की सुबह करीब 8. 30 बजे काम पर जा रहे थे जब मृतक जी ब्लॉक, करावल नगर की गली नं-2, में पहुंचे तब यह किसी कारण से गिर पड़े और उनका सिर गली की नाली में फंस गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने इनका सिर नाली से बाहर निकालने का काफी प्रयास किया, काफी देर के बाद इनका सिर नाली से बाहर निकला गया। मौके पर मौजूद किसी परिचित ने परिवार और पुलिस को फोन किया, उनको जीटीबी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अभिनेता सलमान खान की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का सख्त निर्देश

# व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए तीन दिन के भीतर करें कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली






- अदालत ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मंचों को खान द्वारा दिए गए किसी भी वेबलिंक पर कोई आपत्ति है, तो उन्हें अभिनेता को सूचित करना चाहिए

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंचों को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर तीन दिनों के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने कहा कि वह मामले में शामिल अन्य संस्थाओं के संबंध में विस्तृत अंतरिम निषेधाज्ञा जारी करेंगी।

उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया मंचों को खान की याचिका को सूचना एवं प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अंतर्गत शिकायत मानकर तीन दिनों के भीतर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मंचों को खान द्वारा दिए गए किसी भी वेबलिंक पर कोई आपत्ति है, तो उन्हें अभिनेता को सूचित करना चाहिए।

खान ने सोशल मीडिया मंचों व ई-कॉमर्स वेबसाइटों द्वारा उनके नाम, छवि व व्यक्तित्व के अनधिकृत उपयोग को रोकने और व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। प्रचार का अधिकार किसी व्यक्ति को उसकी छवि, नाम या व्यक्तित्व की रक्षा करने, उस पर नियंत्रण रखने और उससे लाभ कमाने का अधिकार प्रदान करता है। प्रचार के अधिकार को आमतौर पर व्यक्तित्व अधिकार के रूप में जाना जाता है।

हाल ही में, बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन, उनके पति अभिषेक बच्चन व उनकी सास जया बच्चन, ऋतिक रोशन, अजय देवगन, फिल्म निमार्ता करण जौहर, गायक कुमार सानू, तेलुगु अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रवि शंकर, पत्रकार सुधीर चौधरी और पॉडकास्टर राज शमानी ने भी अपने व्यक्तित्व व प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था।

अदालत ने इन सभी को अंतरिम राहत प्रदान की। तेलुगु फिल्मों के अभिनेता एनटीआर राव जूनियर ने भी इस संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया, हालांकि अदालत ने अब तक उनकी याचिका पर कोई आदेश नहीं दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



## आईटीआई में एड्स एवं नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** सरकारी आईटीआई परिसर में सिविल अस्पताल और रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने छात्रों को एड्स और नशे के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। विशेषज्ञों ने एड्स के शुरूआती लक्षण, इसके फैलने के कारण, रोकथाम तथा सुरक्षित व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए समझाया गया कि नशे की आदत कैसे लगती है और किस प्रकार इससे छुटकारा पाया जा सकता है।

इवेंट निदेशक रजत राणा ने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार समय-समय पर ऐसे जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं ताकि युवा सही जानकारी प्राप्त कर सकें। रेड क्रॉस के प्रोजेक्ट डायरेक्टर धर्मेंद्र ने कहा कि नशा युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है, इसलिए स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक है। सिविल अस्पताल के एड्स विभाग से अनीता ने बताया कि छात्रों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिए स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग इंटर-कंपटीशन भी करवाया गया।

# सत्य, बलिदान और मानवता की अमर विरासत गुरु तेग बहादुर साहिब जी: सैनी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

- श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित तप से त्याग तक संगीतमय नाटक का हुआ मंचन
- सीएम ने अभिनेता अनुपम खेर को किया सम्मानित





हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का जीवन, हमें संदेश देता है कि अत्याचार चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, सत्य और धर्म की शक्ति हमेशा उससे अधिक महान होती है। धर्म केवल पूजा करने का नाम नहीं, बल्कि सत्य, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा की रक्षा का मार्ग है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के अवसर पर कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ हरियाणा एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को गुरुग्राम के अपैरल हाऊस में तप से त्याग तक संगीतमय नाटक मंचन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में अभिनेता पद्म भूषण अलंकृत अनुपम खेर मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रभलीन सिंह ने मंच से संगत का सत्कार किया। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण से सम्मानित प्रख्यात अभिनेता अनुपम खेर व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु साहिब का बलिदान मानवता का दिव्य पर्व है और भारत सदियों से इस आध्यात्मिक परंपरा का केंद्र रहा है। संबोधित करते हुए कहा कि तप से त्याग तक नाटक मंचन हमें याद दिलाता है कि हमारी संस्कृति का आधार त्याग है। हमारी सभ्यता की आत्मा तप है। हमारी राष्ट्रीयता की शक्ति सत्य है। उन्होंने कहा कि यह नाटक विशेषकर युवा पीढ़ी को बताता है कि बलिदान केवल इतिहास का अध्याय नहीं है, बल्कि एक चेतना है, जो राष्ट्र को जीवंत रखती है।

1984 पीड़ित सिख परिवारों के आश्रितों को मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 1984 के दंगों में अपने परिजनों को खोने वाले हरियाणा के 121 सिख परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 2022 में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की स्थापना की गई, जिससे प्रदेश के सिख समुदाय को लंबे समय से अपेक्षित स्वायत्तता प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सिख समुदाय, सिख इतिहास और गुरु परंपरा के सम्मान में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी पर शोध के लिए चेयर की स्थापना की गई है, जो शोध परंपरा को नई दिशा प्रदान करेगी। हाल ही में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक अंबाला को श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने की घोषणा भी की गई है। सरकार ने असंध के कॉलेज का नाम सरबंसदानी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के छोटे बेटे बाबा फतेह सिंह जी के नाम पर रखने का निर्णय लेकर सिख इतिहास के प्रति सम्मान को और मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के नाम पर रखा गया है, जबकि लखनौर साहिब में माता गुजरी के नाम से वी.एल.डी.ए. कॉलेज स्थापित किया गया है।

## गार्डन सिटी के फ्लैट में 60 एसी यूनिट जलकर खाक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



- दूर-दूर तक आग की लपटों को देखकर लोगों में मची अफरा-तफरी
- फायर बिग्रेड ने दो घंटे में आग पर काबू पाया

यहां डीएलएफ गार्डन सिटी के तीसरी मंजिल के फ्लैट में बुधवार देर रात आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि फ्लैट में बड़ी संख्या में रखी गई नई एयर कंडीशनर यूनिट जलकर खाक हो गई। आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना मिलते ही मानेसर और सेक्टर-37 फायर स्टेशन से गाड़ियां मौके पर पहुंच गई।

गुरुवार को मानेसर फायर स्टेशन ऑफिसर ललित कुमार ने बताया कि फायर कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। हालांकि अभी तक इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने से कितना नुकसान हुआ है इस संबंध में निमार्णाधीन परियोजना के डेवलपर द्वारा कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार डीएलएफ के निमार्णाधीन प्रोजेक्ट गार्डन सिटी एन्क्लेव की तीसरी मंजिल के फ्लैट में नई एयर कंडीशनर यूनिटें रखी हुई थी। अचानक फ्लैट से आग की लपटें निकलने लगी। आग की लपटों से आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि फायर ब्रिगेड के पहुंचने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। फायर कर्मचारियों की सूझबूझ और तुरंत कार्रवाई से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इस आग से 60 नई एसी यूनिट्स जलकर राख हो गई, जबकि लगभग 300 से ज्यादा यूनिट्स को बचा लिया गया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0 के तहत विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा में शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार जूनियर रेड क्रॉस एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस की ओर से वीर गाथा प्रोजेक्ट 5.0 के तहत प्रेरणादायी गतिविधि आयोजित की गई। ब्रिगेड अधिकारी एवं प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को परमवीर चक्र विजेताओं, वीरता पुरस्कारों, सैनिकों के बलिदान और युद्ध नायकों की गाथाओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने निबंध, कविता, पेंटिंग, कहानी कथन, प्रस्तुति आदि के माध्यम से वीर योद्धाओं की प्रेरक कहानियाँ प्रस्तुत कीं।

### लाइव इवेंट्स और सिनेमा की खपत में जबरदस्त उछाल

**फरीदाबाद।** बुकमाईशो ने अपनी बुकमाईशोथ्रोबैक2025 रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि 2025 भारतीय एंटरटेनमेंट के लिए निर्णायक साल रहा। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सहित पूरे देश में लाइव इवेंट्स की खपत में 17' की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई। देशभर में 34,000 से अधिक इवेंट्स आयोजित हुए, जिनमें 5.6 लाख से ज्यादा दर्शक दूसरे शहरों में कॉन्सट्र्स अटेंड करने पहुँचे। सिनेमा भी पूरे साल देश का पसंदीदा मनोरंजन बना रहा। दशहरा वीकेंड 6.8 मिलियन टिकटों के साथ साल का सबसे बड़ा फुटफॉल वीकेंड रहा, जबकि 'कूलीङ ने 2.4 मिलियन एडवांस टिकट्स के साथ रिकॉर्ड बनाया।

### लॉन्च किया विशेषताओं से भरा मोबिलिटी प्लस क्रेडिट कार्ड

**फरीदाबाद।** इंडसइंड बैंक और जियो-बीपी ने संयुक्त रूप से इंडसइंड बैंक जियो-बीपी मोबिलिटी प्लस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। रुपे नेटवर्क आधारित यह नया को-ब्रांडेड कार्ड भारत के बढ़ते डिजिटल उपभोक्ताओं को बेहतर फ्यूल लाभ और प्रीमियम लाइफस्टाइल रिवॉड्र्स प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह कार्ड देशभर में 2050+ जियो-बीपी मोबिलिटी स्टेशनों पर तेज फ्यूल रिवाड्र्स और यूपीआई-सक्षम सुविधा उपलब्ध कराता है। विशेषताओं में पहली फ्यूल ट्रांजैक्शन पर 400 बोनस रिवार्ड पॉइंट्स, जियो-बीपी स्टेशनों और वाइल्ड बीन कैफे पर हर 100 रुपये खर्च पर 12 रिवार्ड पॉइंट्स, तथा हर महीने 4,000 खर्च करने पर 200 बोनस पॉइंट्स शामिल हैं।

### 2025 का गुर्जर महोत्सव बनेगा सांस्कृतिक जागरण का केंद्र

**फरीदाबाद।** गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट ने अपने मुख्य ट्रस्टी दिवाकर बिधूड़ी की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2025 के भव्य गुर्जर महोत्सव की रूपरेखा का ऐतिहासिक ऐलान किया। ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कृष्ण आर्य पप्पी ने संयमित, स्पष्ट और प्रभावशाली अंदाज में प्रेस वार्ता का संचालन कर महोत्सव को समाज की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ते हुए नया विजन रखा। एडवोकेट राजेश खटाना ने कहा कि यह ट्रस्ट केवल संगठन नहीं, बल्कि गुर्जर समुदाय की प्राचीन विरासत को पुनर्जीवित करने का एक सांस्कृतिक आंदोलन है।

### नशा विरोधी जागरूकता रैली का आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से शासकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एनआईटी-3 में नशा विरोधी जागरूकता रैली आयोजित की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-कम-सचिव रीतू यादव ने विद्यालय की प्राचार्या रजनी के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने नशा मुक्ति संदेश वाले प्लेकार्ड के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली ने आसपास क्षेत्रों में नशा मुक्त समाज का संदेश फैलाया।

## विधवा और विकलांग महीनों से खा रहे सरकारी दफ्तरों के चक्कर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सरकारी पेंशन योजनाओं को लेकर जिले में व्याप्त अव्यवस्था एक बार फिर उजागर हुई है। फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी निवासी भावना और सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बाहर दोनों पैरों से विकलांग बैठा राजकुमार-दोनों अपने अधिकार की पेंशन पाने के लिए महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, पर सुनवाई कहीं नहीं हो रही।

**विधवा भावना की पेंशन बंद, गलत उम्र दर्ज होने का बहाना बना समस्या :** भावना, जिनके पति की मृत्यु को करीब एक वर्ष हो चुका है, बताती हैं कि उन्होंने सभी दस्तावेज पूर्ण करके विधवा पेंशन बनवाई थी। लेकिन चार महीने पहले उनकी पेंशन श्रेणी बदलकर वृद्धावस्था में कर दी गई, जबकि वे अभी वृद्धावस्था श्रेणी की पात्र नहीं हैं। इसके बाद तीन महीने पहले उनकी पेंशन पूरी तरह बंद कर दी गई।

जांच कराने पर पता चला कि उनके पुराने वोटर आईडी कार्ड में जन्मतिथि गलत दर्ज थी, जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड और नए वोटर कार्ड सहित सभी दस्तावेजों में सही जन्मतिथि 60 वर्ष ही दर्शाई गई है। इसके बावजूद पेंशन कार्यालय उनकी सुनवाई नहीं कर रहा। कभी सेक्टर-12 भेजा जाता है, कभी वापस पेंशन कार्यालय, और अब उनसे मैट्रिक की मार्कशीट मांगी जा रही है। भावना का कहना है कि इस उम्र में मैं मार्कशीट कहां से लाऊं? मैं शिक्षित भी नहीं हूं।

पेंशन बंद होने के साथ-साथ पिछले एक महीने से उनका बीपीएल राशन भी बंद हो गया। अंगूठे का निशान न आने की वजह से उन्हें पोस्ट ऑफिस में फिंगर अपडेट कराने भेजा गया, लेकिन वहाँ भी कई घंटे लाइन में लगने के बाद मशीन ने उनका फिंगरप्रिंट अपडेट करने से मना कर दिया। भावना अकेली रहती हैं और उनके गुजर-बसर का एकमात्र साधन पेंशन और राशन था, जो अब दोनों बंद हैं। वे दर-दर भटकने को मजबूर हैं, लेकिन मदद कहीं से नहीं मिल रही।

छह महीने से भटक रहा: इसी

## मृत्यु के बाद भी बीके अस्पताल में नहीं मिलता चैन, शव रखने की पर्याप्त सुविधा नहीं

कविता। फरीदाबाद

बादशाह खान (बीके) अस्पताल की अव्यवस्थाएं एक बार फिर सुर्खियों में हैं। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में जहां जीवित मरीजों को इलाज के दौरान भारी परेशानी झेलनी पड़ती है, वहीं मृत्यु के बाद भी शवों को सम्मानजनक जगह नहीं मिल पा रही है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही इस हद तक पहुंच चुकी है कि मोर्चरी में शव रखने तक की पर्याप्त सुविधा मौजूद नहीं है।

**दो दिनों में 16 शव:** बीते दो दिनों में मोर्चरी में अचानक बढ़े शवों की संख्या ने अस्पताल की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। गुरुवार को मोर्चरी में 14 फ्रीजर थे, लेकिन सभी फुल हो गए। कुल 16 शव मौजूद थे-14 फ्रीजर के अंदर, एक पोस्टमॉर्टम टेबल पर और एक शव मजबूरी में फर्श पर रखा गया। ठंड के मौसम में भी फ्रीजरों की संख्या कम पड़ रही है,



जिससे शवों को सुरक्षित रखना चुनौती बन गया है।

गुरुवार दोपहर जब हालात देखने पहुंचे तो एक शव फर्श पर पड़ा मिला। पूछताछ करने पर पता चला कि दो दिनों से लगातार बढ़ती मृतकों की संख्या के कारण स्टोरेज क्षमता जवाब दे गई है। यह स्थिति न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि अस्पताल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है।

**सरकारी दावों की पोल:** राज्य सरकार लगातार बादशाह खान अस्पताल में अत्याधुनिक सेवाएं उपलब्ध करवाने के दावे करती है, लेकिन जमीनी तस्वीर बिल्कुल उलट है। विभिन्न वार्डों की गंदगी, स्टाफ की कमी, उपकरणों की खराबी और अब मोर्चरी की बदहाल हालत-सभी मिलकर सरकारी दावों की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। जिले के सबसे बड़े अस्पताल में प्रतिदिन पोस्टमॉर्टम के लिए बड़ी संख्या में शव आते हैं, लेकिन उसके मुकाबले सुविधा बेहद कम है। मोर्चरी में फ्रीजरों की संख्या सालों से नहीं बढ़ाई गई, जबकि शवों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रशासन ने न तो कोई नई योजना बनाई, न ही मौजूदा व्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया।

**परिजनों का आक्रोश:** अपनों का अंतिम संस्कार करने आए परिजन अस्पताल की स्थिति देखकर गुस्से में हैं। उनका कहना है कि इस अस्पताल में मरीज इलाज से पहले ही मर जाए, और मरने के बाद शव भी फर्श पर पड़े रहे-इससे बड़ी शर्मिंदगी क्या हो सकती है? अस्पताल प्रशासन की चुप्पी और मोर्चरी की बदहाल व्यवस्था समाज और व्यवस्था दोनों के लिए चिंता का विषय है। यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही किसी बड़े विवाद और अमानवीय हादसे को जन्म दे सकती है।

### चूहों का आतंक : कुतर देते हैं शव

मोर्चरी की बदहाली का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां कई बार चूहे शवों को कुतर देते हैं। संवेदनहीनता की यह पराकाष्ठा तब है जब अस्पताल प्रबंधन वर्षों से इस समस्या की अनदेखी कर रहा है। परिजनों के अनुसार, जब वे शव लेने आते हैं तो कई बार उन्हें ऐसी दर्दनाक स्थिति देखकर सदमे का सामना करना पड़ता है।

## करोड़ों की अवैध विदेशी शराब मामले में एक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां एक वाइन शॉप से पकड़ी गई अवैध विदेशी शराब के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वाइन शॉप का मैनेजर है। आरोप है कि उसी की देखरेख में ही वाइन शॉप में अवैध विदेशी शराब का जखीरा संग्रहित किया गया था। 10 करोड़ से अधिक की अवैध विदेशी शराब के मामले में आबकारी विभाग के एक अधिकारी को भी सस्पेंड किया जा चुका है।

आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि सिग्नेचर टॉवर स्थित एल-2 व एल-14ए जेडजीआरई-14 मैसर्ज सुरेंद्र की वाइन शॉप में बिना होलोग्राम एवं ट्रैक-ट्रेस स्ट्रिप्स वाली करोड़ों की विदेशी शराब की 3,921 पेटियां व 176 बोतलें संग्रहित की गई हैं।

## डिजिटल अरेस्ट कर ठगने वाले गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- विदेश में रहकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर करता ठगी
- कम्बोडियन मुद्रा को बिटकॉइन वैलेट के माध्यम से इंडियन अकाउंट में डालता

साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में फर्जी अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर 2.92 करोड़ की ठगी करने के केस में कंबोडिया से दिल्ली आ रहे एक आरोपी को पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की अगस्त माह में एलओसी जारी करवा रखी थी। आरोपी विदेश में रहकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस इस केस में अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे के पास एक कॉल आई। जिसमें उसके आधार कार्ड का हवाला में प्रयोग किए जाने की बात कही गई। वहीं इस दौरान फर्जी पुलिस अधिकारी ने केस दर्ज कराने का डर दिखाते हुए वीडियो कॉल के जरिए एक फर्जी सीबीआई अधिकारी से बात कराई। महिला के बेटे को डिजिटल अरेस्ट करते हुए उससे अलग-अलग खातों में 2.92 करोड़ ट्रांसफर करवा लिए।

मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना प्रभारी की टीम ने एक आरोपी को कंबोडिया से दिल्ली आने पर एयरपोर्ट से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान गुजरात के सूरत निवासी चिराग कांजी भाई (28) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी का माह अगस्त में एलओसी जारी करवा रखी थी। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**कंबोडिया जाकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर करता ठगी :** आरोपी वर्ष-2021 से दुबई में वर्क वीजा पर गया था। अगस्त 2025 में वहां से कंबोडिया जाकर चाईना मूल के लोगों के साथ मिलकर साइबर ठगी का काम करने लगा। आरोपी ने फर्जी टेलीकॉम अधिकारी बनकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक को डिजिटल अरेस्ट करके धोखाधडी करते था। आरोपी कॉलिंग टीम का सदस्य था जिसके बदले इसको कम्बोडियन मुद्रा में कमीशन मिलता था। साइबर ठगी से प्राप्त कमीशन की राशि कम्बोडियन मुद्रा को बिटकॉइन वैलेट के माध्यम से अपने अन्य साथियों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेता था।

## गाय को नॉनवेज मोमोज खिलाने वाले से मारपीट, पांच गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- थाना पुलिस ने गौ रक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कर यह कार्रवाई की

सेक्टर-56 थाना एरिया में गाय को नॉनवेज मोमोज खिलाने पर युवक से मारपीट करने पर पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। युवक के पिता की शिकायत पर न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने गौ रक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कर यह कार्रवाई की। वहीं गाय को नॉनवेज मोमोज खिलाने वाले युवक ऋतिक निवासी न्यू कॉलोनी को भी सेक्टर-56 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सेक्टर-56 थाना पुलिस ने चमन खटाना की शिकायत पर ऋतिक के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि ऋतिक ने सोशल मीडिया पर फेमस होने और रुपए कमाने के लिए सेक्टर-56 में गौवंश को नॉनवेज मोमोज खिलाए थे। इस कृत्य को करने के लिए वह सोशल मीडिया पर लाइव भी आया था। जब यह वीडियो वायरल होने के बाद गौरक्षकों को मिली तो उनका गुस्सा फूट गया और उन्होंने ऋतिक के घर न्यू कॉलोनी का रुख कर लिया। यहां जमकर हंगामा करने के साथ ही ऋतिक की पिटाई भी की। साथ ही उससे माफी मांगते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी डाला।

वहीं, मारपीट किए जाने के मामले में ऋतिक के पिता ने न्यू कॉलोनी थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने ऋतिक के पिता की शिकायत पर गौरक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने के दोषी को पांच साल की कैद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- छह जून 2022 की इस घटना पर तीन साल बाद आया फैसला

यहां छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को एडीजे जैस्मीन शर्मा की अदालत ने दोषी करार दिया। इस अपराध में उसे पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 15 हजार रुपए का जुमार्ना भी किया है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-65 पुलिस थाना में एक महिला ने शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि वह छह जून 2022 काम पर गई हुई थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले बुद्धन ने उसकी छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर लोगों ने बिहार के शिवहर निवासी बुद्धन को पकड़ लिया। इस शिकायत पर पुलिस ने धारा 10 पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद गहनता से जांच की। आरोपी के खिलाफ आवश्यक साक्ष्य व गवाह एकत्रित करके अदालत में पेश किए गए।

दाखिल की गई चार्जशीट व पुलिस द्वारा एकत्रित किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर एडीजे जैस्मीन शर्मा की अदालत ने गुरुवार को इस केस में फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने उसे धारा 10 पोक्सो एक्ट के तहत सजा सुनाई।

## हत्या कर शव जलाने वाले को उम्रकैद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



यहां एक युवक के सिर पर चोट मारकर उसकी हत्या करने और फिर सुबूत मिटाने की सोच से उसका शव जलाने के आरोपी को अदालत ने दोषी ठहराया। दोषी को अदालत ने उम्रकैद (कठोर कारावास) की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर जुमार्ना भी लगाया है।

जानकारी के अनुसार आठ फरवरी 2020 को पुलिस चौकी बस स्टैंड थाना सेक्टर-14 गुरुग्राम की पुलिस टीम को नजदीक माधव भवन सेक्टर-12 गुरुग्राम में एक युवक के शव के बारे में सूचना मिली। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम द्वारा आगामी कार्यवाही करते हुए पुलिस की फोरेंसिक, सीन-ऑफ-क्राइम टीमों को बुलाकर घटनास्थल व शव का निरीक्षण कराया गया। इसके बाद शव को मोर्चरी भिजवाया गया। मोर्चरी में उपस्थित मृतक के पिता ने शिकायत देकर कहा कि उसका बेटा मृतक बंटी हसीजा निवासी मदनपुरी जिला गुरुग्राम प्राइवेट नौकरी करता था।

सात फरवरी 2020 को उसका बेटा बंटी अपनी ड्यूटी पर गया था और वापस घर नहीं लौटा। आठ फरवरी 2020 को सूचना मिलने पर वे मोर्चरी में आए और वहां शव देखा तो वह उसके बेटे का था। उसके सिर व शरीर पर किसी ने चोट मारकर हत्या की है। शव को आग से जलाया भी गया था। इस शिकायत पर पुलिस थाना सेक्टर-14 गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया।

अपराध शाखा सेक्टर-40 की पुलिस टीम ने हत्या करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान करके नौ फरवरी 2025 को सेक्टर-31, गुरुग्राम से काबू करके गिरफ्तार किया।

आरोपी की पहचान लवन बत्रा निवासी मदनपुरी कालोनी गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि बंटी हसीजा (मृतक) और वह एक-दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों के बीच पैसों का लेन-देन था। बंटी द्वारा उधार लिए पैसे न लौटाने की वजह से उसने बंटी की हत्या की योजना बनाई। आरोपी ने मृतक को अपनी कार में बैठाकर शराब पिलाई। अधिक नशे की हालत में बहस हुई और आरोपी ने बंटी को गाड़ी से उतार दिया।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का किया भंडाफोड़, संचालक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- -दो विदेशी युवती सहित आठ युवतियों द्वारा किया जा रहा था देह व्यापार

ओमेक्स मॉल में स्थित दो स्पा सेंटर में चल रहे देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया। स्पा सेंटर से पुलिस ने दो विदेशी युवतियों समेत आठ को रेस्क्यू किया गया। मसाज के नाम पर लोगों से एक हजार से दो हजार रुपये वसूले जा रहे थे। महिला सब-इंस्पेक्टर की शिकायत पर सेक्टर-50 थाने में स्पा सेंटर के संचालक और मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि ओमेक्स मॉल सेक्टर-49 में स्थित एजिल स्पा में मसाज के नाम पर देह-व्यापार का कारोबार चल रहा है। पुलिस ने टीम को तैयार करने के बाद सिपाही को सादी वर्दी में एक हजार रुपये देकर फर्जी ग्राहक बनाकर स्पा में भेजा गया। स्पा में सिपाही को हसन खान निवासी बादशाहपुर मिला। एक हजार रुपये उसको देने के बाद सेंटर के अंदर बने कैबिन में युवती आई। उसके बाद स्पा सेंटर के बाहर खड़ी टीम को फोन कर जानकारी दी गई।

छापेमारी के दौरान टीम ने मैनेजर हसन खान को पकड़ा और स्पा सेंटर से नेपाल की रहने वाली दो विदेशी युवतियों को रेस्क्यू किया गया। मॉल में पास में स्थित दूसरे स्काई एजिल स्पा में भी छापेमारी की गई। छापेमारी को देखकर स्पा सेंटर संचालक मौके से फरार हो गया।

## ईएसआईसी में सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं

**फरीदाबाद।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, फरीदाबाद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को महीने की 11 तारीख होने के बावजूद अब तक वेतन नहीं मिल पाया है। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार पिछले 5 महीने से ईएसआई कॉरपोरेशन द्वारा बिल न मिलने का बहाना बनाकर भुगतान रोक रहा है। कर्मचारियों का कहना है एग्रीमेंट ईएसआई कॉरपोरेशन और ठेकेदार के बीच में हुआ है, न कि कर्मचारियों के साथ। इसलिए ठेकेदार का किसी बिल के लंबित होने को वेतन रोकने का कारण बताना अनुचित और श्रम कानूनों के खिलाफ है। सफाई कर्मचारी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन समय पर वेतन न मिलने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



## संक्षिप्त खबरें

### रकम भेजने का झांसा देकर 47 हजार ठगे

**लोनी।** लोनी थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला को रकम भेजने का झांसा देकर जालसाज ने 47 हजार रुपये ठग लिए। आदेश नगर में रहने वाली राधा गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 नवंबर को उन्हें अनजान नंबर से फोन आया था। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके पिता ने 15 हजार रुपये भेजने को कहा है। वह उनके खाते में रकम भेज रहा है। इसके बाद उन्हें 50 हजार रुपये क्रेडिट होने का मैसेज मिला। कॉलर ने दोबारा फोन कर कहा कि उसने गलती से 50 हजार रुपये कर दिए। बोला कि वह दूसरे नंबर से 12 हजार रुपये और भेज रहा है। 47 हजार रुपये उनके खाते में ट्रांसफर कर दें। झांसे में आकर उन्होंने अपने खाते 47 हजार रुपये भेज दिये। इसके बाद जालसाज ने नंबर स्विच ऑफ हो गया। उन्होंने चेक किया तो क्रेडिट वाला मैसेज फर्जी था।

### मेले में दूसरे दिन उत्तराखंडी संस्कृति के रंग बिखेरे

**ट्रांस हिंडन।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा मॉल में पर्वतीय प्रवासी जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित उत्तराखंड महोत्सव के दूसरे दिन भी लोक परंपरा व संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रम हुए। पांच दिवसीय मेले में दूसरे दिन गुरुवार को पूजा व गणेश वंदना के बाद लोक कलाकार आस्था नौटियाल, विनोद आर्य व हेमा मेहता ने पहाड़ी गीतों की प्रस्तुति दी। भगवत मनराल नृत्य ग्रुप ने मनमोहक प्रस्तुति देते हुए उत्तराखंडी संस्कृति के रंग बिखेरे। मेले में दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उत्तराखंडी व्यंजनों का लुत्फ लिया। सागर रावत, विजय रावत, बलराज नेगी व गिरीश रावत का योगदान रहा।

### गृहकर बढ़ाने के विरोध में नगर पंचायत पर प्रदर्शन

**मोदीनगर।** गृहकर बढ़ाने के विरोध में निवाड़ी नगर पंचायत कार्यालय पर भाकियू किसान सभा ने प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द बढ़ा हाउस टैक्स कम न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। भाकियू किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सतेंद्र त्यागी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता नगर पंचायत पहुंचे और अधिशासी अधिकारी के दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया। सतेंद्र त्यागी ने बताया कि हाउस टैक्स बढ़ाने का फैसला गलत है। चार गुना हाउस टैक्स बढ़ोतरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। इस दौरान बदहाल सड़क समेत अन्य कई समस्याओं के संबंध में ईओ आंचल पांडेय को ज्ञापन दिया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर विचार नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सभासद राजकुमार त्यागी, विकास त्यागी, नितिन बंसल, मांगेश्वर केवट, कादर अली, जगदीश, शेखर, नरेश, नितेश, आशीष गोयल, मनीष, बबलू और मदनपाल फौजी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# हादसे में पांच साल की बच्ची की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




- बच्ची की मां ने चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और उसे गिरफ्तार करने के लिए तलाश जारी

नोएडा के सेक्टर 44 में तेज रफ्तार एक कार की चपेट में आई पांच वर्षीय बच्ची की दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बच्ची की मां की शिकायत पर सेक्टर 39 थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कार चालक फिलहाल फरार है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार को उस समय हुई, जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी कि तभी एक कार ने उसे टक्कर मार दी।

एक अधिकारी ने बताया, बच्ची को पहले नोएडा के जिला अस्पताल ले जाया गया और बाद में दिल्ली के एक अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि बच्ची ने मंगलवार रात दम तोड़ दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, बच्ची की मां ने चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और उसे गिरफ्तार करने के लिए तलाश जारी है। मां रुखसार ने पुलिस को बताया कि कार की रफ्तार तेज थी, जिससे उसकी बेटी को गंभीर चोटें आईं। उसने बताया, हमने पहले उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया और फिर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसे सिर में गंभीर चोटें आई थीं। बच्ची की मां ने दावा किया, हमने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर भी पुलिस के साथ साझा कर दिया है।

### हादसे में युवक की मौत मामले में पांच माह बाद केस दर्ज

**गाजियाबाद।** मसूरी थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पांच माह बाद कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर युवक की पत्नी ने कोर्ट की शरण ली थी। हापुड़ के सपनावत की रहने वाली रजनी यादव के मुताबिक उनके 29 वर्षीय पति अमित यादव गाजियाबाद में डेयरी पर काम करते थे। 17 जुलाई 2025 को उन्होंने फोन कर बताया कि वह घर आ रहे हैं, लेकिन देर रात तक उनके न पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। 18 जुलाई की देर रात मसूरी थाने की जेल पुलिस चौकी से फोन आया कि उनके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है।

### बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सुत्याना मंदिर से पूजा पाठ कर घर लौट रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में घायल बुजुर्ग की दिल्ली के एक अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस से पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 65 वर्षीय बुजुर्ग शीलाकांत झा हल्दौनी गांव में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। शीलाकांत मंगलवार को सुत्याना स्थित मंदिर पर पूजा पाठ करने के लिए गए थे। मंदिर से पैदल घर लौटते समय हल्दौनी मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में गम्भीर रूप से घायल बुजुर्ग को नोएडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक शीलाकांत के बेटे मनोज कुमार झा ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

### सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार जेसीबी की टक्कर सो बाइक सवार युवक घायल हो गया। वहीं, मसूरी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। संजयनगर सेक्टर-23 के सूरजमल एनक्लेव में रहने वाले धर्मवीर सिंह का कहना है कि दस दिसंबर की रात उनका बेटा शिवम सिंह बाइक से प्रताप विहार आ रहा था। राजनगर पुल पर चढ़ा तो पीछे से तेज रफ्तार में आ रही जेसीबी ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जेसीबी बाइक को काफी दूर तक घसीटती चली गई, जिससे उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। धर्मवीर सिंह के मुताबिक मौके पर मौजूद लोगों ने शिवम को पल्मोलिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे यशोदा अस्पताल संजयनगर रेफर कर दिया गया। दूसरे मामले में मसूरी थानाक्षेत्र के गांव समयपुर कटियारा निवासी राजेंद्र सिंह का कहना है कि उनका बेटा अभिषेक छह दिसंबर की रात अपनी दुकान बंद करके बाइक से घर लौट रहा था। बेटा नाहल झाल की पटरी पर पहुंचा तो अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। लोगों की मदद से उसे तुरंत जीएस हॉस्पिटल पिलखुवा में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## एपीके फाइल डाउनलोड कराकर खाते से निकाले 17 लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा निवासी एक व्यक्ति के व्हाट्सऐप पर साइबर अपराधी ने वाहन चालान जमा करने के लिए एपीके फाइल भेजकर 17 लाख रुपये निकाल लिए। फाइल डाउनलोड होते ही मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद बैंक खाते में सेंधमारी कर-के रकम निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दादरी के दुरियाई गांव निवासी पंकज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कारोबारी हैं। उनके मोबाइल के व्हाट्सऐप पर छह दिसंबर को एक अनजान नंबर से मैसेज आया। मैसेज में आरटीओ का चालान लिखा हुआ था। चालान जमा करने के लिए मैसेज के साथ एपीके फाइल को डाउनलोड करने के लिए एक लिंक भी था।

पीड़ित ने उसे देखने के लिए गलती से डाउनलोड कर लिया। इसी दौरान उनका फोन बंद हो गया। साइबर ठगों ने पीड़ित के मोबाइल फोन को हैक कर बैंकिंग जानकारी हासिल कर ली। जालसाजों ने उनके डेबिड कार्ड का पासवर्ड भी बदल दिया। साथ ही इंटरनेट बैंकिंग पर दूसरा पासवर्ड लगाकर बैंक से 16 लाख 99 हजार 760 रुपये निकाल लिए। उनका फोन शाम 5:36 बजे से लेकर रात के नौ बजे तक बंद रहा। जिससे उन्हें ठगी के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं बैंक की तरफ से कोई मैसेज नहीं आया। अगले दिन पीड़ित के फोन पर 14 बार में लगभग 17 लाख रुपये कटने के मैसेज मिले। जानकारी करने पर उन्हें पता चला कि उनका फोन हैक कर रुपये निकाल लिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने एनसीआरपी पर शिकायत दर्ज कराई। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एपीके फाइल मिले तो रहें सावधान**

साइबर सेल की एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि एपीके फाइल डाउलोड होते ही फोन का सारा डाटा साइबर ठगों के पास चला जाता है। इसके बाद वे लोग एक अलग से सिस्टम पर सारी जानकारी सेव कर लेते हैं। उसी के माध्यम से फर्जी तरीके से ठग बैंक खातों से रुपये निकालते हैं।

## मुरानगर नगरपालिका के नवनिर्मित कार्यालय का डीएम ने किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। मुरादनगर



जिलाधिकारी ने गुरुवार को नगरपालिका के नए कार्यालय का लोकार्पण किया। इस मौके पर कार्यालय में हवन-पूजन किया गया। टंकी रोड पर नगरपालिका का पुराना कार्यालय था। कस्बा रोड पर लगने वाले जाम और कार्यालय में कम जगह होने के चलते परेशानी हो रही थी। इसको देखते हुए दिल्ली-मेरठ मार्ग पर नया कार्यालय बनाया गया है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कार्यालय का लोकार्पण किया। असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी राजेश पांडे ने पूजन कराई। डीएम ने कहा कि बेहतर वातावरण में कर्मचारी काम सही से कर सकते हैं। इसके लिए ही नए कार्यालय का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी के अलावा एसडीएम अजीत कुमार, ईओ शैलेंद्र कुमार सिंह ने हवन में आहूति अर्पित की। दो करोड़ रुपये से बने कार्यालय में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

ईओ शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका का कार्यालय अब मेरठ रोड पर आ गया है। इससे दिल्ली-मेरठ मार्ग और आसपास के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मौके पर पूर्व विधायक वहाब चौधरी, राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार सिंह और पालिका के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

### दादरी में 50 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

**नोएडा।** दादरी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले 50 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का गुरुवार को शिलान्यास किया गया। स्थानीय विधायक तेजपाल नागर और भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने यह शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य हों। कार्यक्रम में जयराम भाटी, चन्द्रभान भाटी, राजेन्द्र कटारिया, महेश भाटी, भूपेन्द्र तेवतिया, प्रदीप शर्मा, बाबूराम फौजी, अक्षय पंडित आदि मौजूद रहे।

### बुद्ध चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य अधर में अटका

**ट्रांस हिंडन।** वसुंधरा क्षेत्र में स्थित भगवान बुद्ध चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य अधर में अटका हुआ है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। कार्य को दोबारा से शुरू करने के लिए लोगों ने शिकायत की है। वसुंधरा निवासी सोहन बीर सिंह ने बताया कि चौक के विकास के लिए आईजीआरएस के माध्यम से गाजियाबाद प्रशासन से आवेदन किया गया था, जिसके बाद कार्य शुरू भी किया गया। प्रशासन ने शुरूआती चरण में पांच पिलर तैयार कर खड़े कर दिए है। लेकिन उसके बाद छत का निर्माण बिना कारण रोक दिया गया। अधूरे ढांचे के चलते चौक की सुंदरता प्रभावित हो रही है तथा आसपास के लोग भी नाराज हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा कराया जाए।

## नोएडा में खुला प्रदेश का पहला एप्पल स्टोर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एप्पल ने उत्तर प्रदेश में अपना पहला रिटेल स्टोर नोएडा के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में खोला। यह कंपनी का देश में पांचवां स्टोर है। गुरुवार को इसकी विधिवत शुरूआत हुई। पहले दिन बड़ी संख्या में लोग स्टोर में पहुंचे । मॉल ऑफ इंडिया में दोपहर में इस स्टोर की शुरूआत हुई। यहां पर कंपनी के कर्मियों ने तालियां बजाकर लोगों का स्वागत किया। उन्हें कंपनी के उत्पादों की जानकारी दी। इस स्टोर में एप्पल के सभी प्रोडक्ट के साथ ही इसके लेटेस्ट डिवाइस और एक्सपर्ट हेल्प का अनुभव एक ही छत के नीचे मिलेगा। नए स्टोर में कदम रखते ही ग्राहकों को कंपनी के सभी उत्पाद देखने को मिलेंगे।

लेटेस्ट आईफोन 17 सीरीज, एप्पल वॉच सीरिज 11, अल्ट्रा, मैक बुक प्रो, आईपैड प्रो आदि देख सकेंगे। यहां आने वाले ग्राहक मुफ्त वर्कशॉप्स में हिस्सा ले सकेंगे। इसमें म्यूजिक, आर्ट, फोटोग्राफी और कोडिंग जैसे विषयों पर क्रिएटिव सेशन शामिल होंगे। इस स्टोर के बैरिकेड्स और थीम को भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित होकर डिजाइन किया गया है।

**एप्पल स्टोर का किराया भी वायरल:** नोएडा में खुले एप्पल स्टोर के किराया भी सोशल मीडिया पर वायरल है। सीआरई मेटरिक्स द्वारा देखे गए सब-लीज डॉक्यूमेंट्स को लेकर दावा किया जा रहा है कि इस स्टोर का मासिक किराया लगभग 45.3 लाख रुपये है। एप्पल ने डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया के ग्राउंड फ्लोर पर 8,240 वर्ग फुट जगह ली है। लीज का पहला साल रेंट-फ्री रहेगा। इसके बाद कंपनी 263.15 रुपये प्रति स्क्वायर फुट के हिसाब से किराया देगी। इससे हर महीने करीब 45 लाख रुपये और सालाना लगभग 5 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान करना होगा। हर तीन साल में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह भारत में खुला एप्पल का अभी तक का सबसे बड़ा और महंगा स्टोर बताया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की महिलाओं के लिए विशेष एडवाइजरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शरीर के अंगों की साफ-सफाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने महिला जागरूकता के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल उत्पादों का उपयोग करने से महिलाओं में संक्रमण का खतरा हो सकता है।

पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. आरके गुप्ता ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि महिला जननांग स्वाभाविक रूप से स्वयं साफ रहते हैं। डिस्चार्ज के माध्यम से गंदगी और बैक्टीरिया बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में बाजार में मिलने वाले फेमिनिन वॉश या सुगंधित साबुन का उपयोग प्राइवेट पार्ट पर करने से संक्रमण, खुजली और जलन का खतरा बढ़ जाता है। निजी अंगों को सिर्फ सादे पानी से बाहर के हिस्से तक ही साफ करें। कपास (कॉटन) का अंडरवियर पहनने चाहिए। मासिक धर्म के दौरान पैड या कपड़ा हर 4-6 घंटे में बदलने की सलाह दी गई है।

डॉ. गुप्ता ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर वायरल घरेलू नुस्खों, नींबू, नमक, तेल या अन्य किसी भी वस्तु को लगाने से बचें। किसी भी प्रकार की बदबू, खुजली या दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर या आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें।

### स्ट्रोक हेल्पलाइन आशा गोल्डन अवर्स में दिलाएगी उपचार

**नोएडा।** स्ट्रोक के मरीजों की जल्द पहचान हो सके और उन्हें गोल्डन अवर्स के भीतर उपचार मिल सके, ताकि क्षति कम हो। इसी उद्देश्य से बृहस्पतिवार को हेल्पलाइन आशा लॉन्च की गई है। हेल्पलाइन 6230 93 6230 पर फोन करके मरीज के लक्षण बताकर स्ट्रोक तो नहीं इसके बारे में पूछ सकते हैं।



## विधायक ने कॉलेज परिसर में अध्ययन कक्ष का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। मोदीनगर

क्षेत्र में दो विकास कार्यों का भाजपा विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने उद्घाटन किया। नगर पंचायत पतला स्थित पीजी कॉलेज में विधायक निधि से अध्ययन कक्ष और बरामदे का निर्माण कार्य कराया गया। इस पर 18.89 लाख रुपये खर्च हुए हैं। विधायक ने कहा कि नया कक्ष विद्यार्थियों के लिए अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होगा। ग्राम खिंदौड़ा स्थित गोशाला में 9.99 लाख रुपये से निर्मित खड़ंजे का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर पंचायत पतला की चेयरमैन रीता सिंह सहित आदि भाजपा नेता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### मस्जिद चंदा घोटाले में वांछित सलीम खान गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-2 पुलिस ने मस्जिद चंदा घोटाले के प्रमुख आरोपी और लंबे समय से फरार चल रहे सलीम खान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मामला गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से सलीम खान को थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र से दबोचा। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सलीम खान अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मस्जिद के चंदे में धोखाधड़ी में शामिल था। जांच में सामने आया कि मस्जिद के चंदे के रूप में एकत्रित 12.38 लाख रुपए को बैंक में जमा न कर, आरोपी ने अपने सह-अभियुक्तों के साथ मिलीभगत कर हड़प लिया था।

## 26 दिसंबर तक कैंसिल रहेंगी कई लोकल ट्रेनें

- प्रतिदिन पांच लाख से ज्यादा लोग पहुंचते हैं गाजियाबाद स्टेशन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

रेलवे स्टेशन गाजियाबाद से लोकल स्तर पर चलने वाली सात ट्रेनें रद होने से यात्रियों के जेब पर किराये का बोझ बढ़ गया है। वह बस में यात्रा कर अधिक किराया चुका रहे हैं। कुछ नौकरी पेशा वाले लोग बस की तुलना में ट्रेन में कम किराया होने की वजह से ट्रेन में यात्रा करते हैं। यह परेशानी उन्हें 26 दिसंबर तक झेलनी पड़ेगी।

स्टेशन का पुनर्निर्माण होने के चलते अलग-अलग तिथि पर 16 ट्रेनों को रद किया गया है। इनमें सात 14 दिसंबर तक रद रहेंगी। इससे यात्री परेशान हो रहे हैं। ज्यादातर ट्रेनें दिल्ली से गाजियाबाद के बीच चलने वाली है। 26 दिसंबर तक ट्रेनों के रद होने का सिलसिला जारी रहेगा।

वहीं, 35 ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर बदला गया है। गाजियाबाद स्टेशन पर प्रतिदिन पांच लाख से अधिक लोग पहुंचते हैं। वर्तमान में रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है। रेलवे लाइन के पास निर्माण कार्य चलने की वजह से ट्रेनों को रद करने और प्लेटफार्म नंबर बदलने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि सात ट्रेन 16 दिसंबर, दो ट्रेन एक दिसंबर से 15 दिसंबर, आठ ट्रेन 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रद रहेगी। जबकि एक ट्रेन 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक रद रहेगी।

### ये ट्रेनें रहेंगी कैंसिल



| ट्रेन नंबर और नाम | कब से कब तक रहेगी रद |
|---|---|
| 64051 पलवल-गाजियाबाद | 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक |
| 64437 गाजियाबाद-दिल्ली | 01 दिसंबर से 16 दिसंबर तक |
| 64402 दिल्ली - साहिबाबाद | 01 दिसंबर से 16 दिसंबर तक |
| 64411 साहिबाबाद- दिल्ली जंक्शन | 01 दिसंबर से 16 दिसंबर तक |
| 64408 दिल्ली जंक्शन-गाजियाबाद | 01 दिसंबर से 16 दिसंबर तक |
| 64906 गाजियाबाद-पलवल | 01 दिसंबर से 16 दिसंबर तक |
| 64419 निजामुद्दीन जंक्शन-गाजियाबाद | 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक |
| 64409 गाजियाबाद-नई दिल्ली | 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक |
| 64428 नई दिल्ली-गाजियाबाद | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64431 गाजियाबाद-नई दिल्ली | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64432 नई दिल्ली-गाजियाबाद | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64433 गाजियाबाद-नई दिल्ली | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64553 मुरादाबाद-गाजियाबाद | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64555 गाजियाबाद-मेरठ सिटी | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64556 मेरठ सिटी-गाजियाबाद | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |
| 64554 गाजियाबाद-एमबी | 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक |

## प्राचार्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी



पायनियर समाचार सेवा। मोदीनगर

एमएम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य के खिलाफ छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी है। गुरुवार को प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर छात्रों ने हंगामा करते हुए पुतला जलाया।

एबीवीपी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्राचार्य मनमानी कर रहे हैं। इससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही। पिछले दिनों एबीवीपी के पदाधिकारी से कॉलेज में मारपीट की गई। यह प्राचार्य के इशारे पर हुआ। उधर, कॉलेज प्रशासन ने कहना कि छात्रों की शिकायतों की जांच कराई जाएगी। इसके बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

गंगाजल परियोजना के तहत पहले चरण में गंगाजल की आपूर्ति के विषय में जाना

## अलग-अलग इलाकों से लिए जाएंगे पेयजल के नमूने

- अधिकारी के मुताबिक गंगाजल की हर माह जांच कराई जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में आपूर्ति किए जा रहे गंगाजल की हर माह जांच कराई जाएगी। अलग- अलग इलाकों से पेयजल के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। प्राधिकरण इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर रहा है। उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर इसके लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा। गंगाजल परियोजना के तहत पहले चरण में ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के 58 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जानी है। इस परियोजना का उदघाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवंबर 2022 में किया था। प्राधिकरण के जल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अभी 54 सेक्टरों में भूजल के साथ गंगाजल मिलाकर दिया जा रहा है। अगले कुछ महीनों में सभी सेक्टरों में भरपूर गंगाजल की आपूर्ति किए जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए भूमिगत जलाशय (यूजीआर), पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य नेटवर्क को दुरुस्त किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2,3, टेक्जोन-4 और ग्रेटर नोएडा ईस्ट क्षेत्र के ईटा-2 में चार नए यूजीआर का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक गंगाजल की हर माह जांच कराई जाएगी, ताकि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।



**शत-प्रतिशत गंगाजल मिलेगा :** प्राधिकरण की योजना के मुताबिक भविष्य में शत-प्रतिशत गंगाजल की ही आपूर्ति की जाएगी। हालांकि, भूजल के नेटवर्क को दुरुस्त रखा जाएगा, ताकि गंगाजल की आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत आने पर भूजल की आपूर्ति की जा सके। इसका फायदा यह होगा कि पेयजल के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**एक माह से आपूर्ति बंद:** गंगाजल परियोजना के इंटेक प्वाइंट (शुरूआती स्थान) गाजियाबाद के देहरा गांव के पास मुख्य पाइप लाइन कुछ हिस्सों में फट गई है। इससे ग्रेटर नोएडा में गंगाजल की आपूर्ति पिछले लगभग एक माह से बंद है। किसानों से बातचीत कर पाइप लाइन को सही किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले 2-3 दिनों में गंगाजल की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। भूजल की उपलब्धता पर्याप्त है, इसलिए दिक्कत नहीं हो रही है।

### हर रोज नई लाइन बिछाई जा रही

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक पाइपलाइन में लीकेज की सबसे बड़ी वजह यह है कि वर्षों पहले बिछाई गई पाइप लाइन आज के मौजूदा पानी के दबाव को झेलने में सक्षम नहीं है। हर रोज कहीं न कहीं पाइप के फटने और लीकेज की समस्या पैदा हो जाती है, जिसे दूर करने में तीन से चार दिन का समय लग जाता है। इस बीच दूसरे स्थान पर समस्या पैदा हो जाती है। मौजूदा दबाव के हिसाब से प्रयोग के तौर पर कुछ हिस्से में नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। पिछले 3-4 वर्षों के दौरान शहर की बसावट में तेजी से वृद्धि हुई है,ऐसे में पेयजल मांग बढ़ गई है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



एसआईआर

# अफरा-तफरी को लेकर चुनाव आयोग हुआ गंभीर

लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष बनी रहनी चाहिए और साथ में इसके लिए मतदाताओं की विश्वसनीयता भी उतनी जरूरी है। ऐसा इसलिए कि चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी निर्णायक और अहम होती है। इस प्रक्रिया को लेकर हंगामा मचा हुआ है और प्रक्रिया की तेजी से कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं। नतीजा यह है कि निचले स्तर पर भारी दबाव दबाव इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर पड़ रहा है। कई बूथ स्तरीय अधिकारियों में अफरा-तफरी है और तनाव भी घर कर गया है। इनका कार्य मतदाता सूचियों को अपडेट करना है। पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यों में कम समय में अधिक काम के दबाव के चलते कुछ बीएलओ के मरने व आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। आरोप है कि उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों द्वारा भी उन्हें परेशान किए जाने का आरोप है। हालांकि, इस अव्यवस्था के चलते ही चुनाव आयोग ने अब एसआईआर के कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दिया है। लेकिन कहना कठिन है कि इस कदम से बीएलओ का तनाव कम करने या विभिन्न हितधारकों की आशंकाओं को दूर करने में कोई खास मदद मिल सकेगी। कहा जा रहा है कि एक माह पहले शुरू हुई राष्ट्रव्यापी एसआईआर प्रक्रिया में कई तरह की बाधाएं आ रही हैं। इस प्रक्रिया में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जो तकरीबन भारतीय आबादी का एक-तिहाई से भी ज्यादा। उनकी शिनाख्त से जुड़ी जानकारी को एक निश्चित समय सीमा में प्रमाणित कर पाना आसान नहीं है। कहा जा रहा है कि निर्धारित समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। तीन महीने की अवधि में गणना प्रपत्रों का वितरण, उसके बाद मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन और फिर अंतिम मतदाता सूची जारी करना आसान काम नहीं है। बहुत तेजी से काम को अंजाम देने का जिम्मा अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनावों के लिए यह प्रक्रि या बेहद जरूरी है। ऐसे में अहम सवाल है कि आनन-फानन प्रक्रि या की खानापूर्ति नही हो सकती। इसके लिए इतना समय चाहिए कि उचित ढंग से अभियान को पूरा किया जा सके। यही बात बीएलओ के लिए भी लागू होती है, ताकि वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहराव वाले मतदाताओं का डेटा संकलित करने के लिए बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ मिलकर सुचारु रूप से काम कर सकें। यदि एसआईआर की प्रक्रिया किसी विवाद में उलझी रहती है तो इस अभियान का उद्देश्य ही विफल हो सकता है। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया के घटनाक्रमों से मिले सबक को अन्य राज्यों में इस प्रक्रिया के दौरान याद रखा जाना चाहिए। निस्संदेह, स्तरहीन व संदिग्ध एसआईआर हमारे चुनावी लोकतंत्र की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचा सकता है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों तथा अंडमान-निकोबार, लक्ष्यद्वीप व पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेशों में जारी है। अधिकारियों का आरोप है कि अतिरिक्त कार्य-दबाव का उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। वहीं चुनाव आयोग का आरोप है कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते प्रक्रिया की निष्पक्षता व पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। वैसे यदि वास्तव में बीएलओ पर अतिरिक्त दबाव है तो चुनाव आयोग को इस मुद्दे का समाधान संवेदनशील ढंग से करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर मतदाता पहचान से जुड़े प्रमाणपत्रों को जुटाने में आ रही परेशानियों के चलते लोग भी बीएलओ पर दबाव बनाते हैं। कई राज्यों में बीएलओ संगठनों ने प्रदर्शन करके अधिक समय दिए जाने की मांग भी की है। अंततः मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्वाचन आयोग ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए समयसीमा बढ़ा दी है।

# यूपी में अवैध घुसपैठ पर कड़ा प्रहार

**कांतिलाल मांडोत**




उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या लंबे समय से आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य के 17 प्रमुख नगर निकायों को तुरंत प्रभाव से व्यापक सत्यापन और सूचीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मानना है कि अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने वाले लोगों की उपस्थिति न सिर्फ सुरक्षा जोखिम बढ़ाती है, बल्कि कई बार अपराध, जालसाजी, फर्जी पहचान और संसाधनों पर असमान दबाव जैसे खतरे भी उत्पन्न करती है। इसी वजह से प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा यह अभियान निर्णायक कदम माना जा रहा है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियां क्यों चिंता का विषय है?पिछले एक दशक में देश के कई राज्यों में अवैध प्रवासियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। कई बार ये लोग फर्जी कागज़ात के सहारे नागरिक सुविधाएं प्राप्त कर लेते हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में आश्रय भी बना लेते हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने पहले भी रिपोर्ट दी है कि विभिन्न मामलों में अवैध घुसपैठिए आपराधिक गतिविधियों, मानव तस्करी और फर्जी दस्तावेज़ बनवाने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश, खासकर पश्चिमी यूपी, काशी क्षेत्र और आगरा-मथुरा बेल्ट में उनका सत्यापन बेहद आवश्यक हो गया है। सरकार का निर्णय सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के व्यापक उद्देश्य से जुड़ा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर आयुक्तों, डीएम, कमिश्नर और रेंज के आईजी को स्पष्ट आदेश दिया है कि अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की एक संगठित सूची तैयार की जाए और उसे तत्काल पुलिस तथा खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाए। यह सूची दो चरणों में तैयार की जानी है। प्राथमिक सत्यापन जहां व्यक्ति की पहचान, निवास स्थान और दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। गहन जांच एवं कार्रवाई होगी। इसमें पुलिस व खुफिया विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि संबंधित व्यक्ति देश का वैध नागरिक नहीं है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो। सरकार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य न केवल घुसपैठ पर रोक लगाना है, बल्कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को नए स्तर पर मजबूत करना भी है। सफाईकर्मी के रूप में संदिग्ध पहचान एक महत्वपूर्ण कारण है। नगर निकायों के पास मौजूद रिकॉर्ड के अनुसार, बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों की नियुक्ति पिछले वर्षों में ठेके के माध्यम से हुई है। कई बार ठेका एजेंसियां श्रमिकों के कागजात की गहराई से जांच नहीं करतीं, जिसके चलते कुछ संदिग्ध लोग भी सफाईकर्मी के रूप में नौकरी पा जाते हैं। क्योंकि सफाईकर्मी शहर के हर इलाके में आते-जाते हैं और कई महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंच रखते हैं, इसलिए सुरक्षा एजेंसियों ने इस श्रेणी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई है।

आगरा में अभियान की शुरुआत 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन किया जा रहा है। आगरा नगर निगम ने इस सरकारी निर्देश पर सबसे तेज़ कार्रवाई करते हुए 5000 से अधिक सफाईकर्मियों की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्येक सफाईकर्मी का पूरा डेटा, फोटो सहित, पुलिस को सौंपा गया है। स्थानीय थानों में विशेष टीमें बनाई गई हैं जो 15 दिनों में सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेंगी। जिन लोगों के दस्तावेजों में असंगतियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कदम न सिर्फ सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है, बल्कि शहर की प्रशासनिक पारदर्शिता को भी मजबूत करेगा। 17 नगर निकायों में एक साथ अभियान का विस्तारकिया गया है। सरकार ने जिन 17 निकायों को निर्देश भेजे हैं, उनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गाज़ियाबाद, आगरा, अलीगढ़, सहारनपुर समेत सभी बड़े शहर शामिल हैं। इन शहरों में प्रवासन दर अधिक है और कुछ स्थानों पर पहले भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली है। उम्मीद है कि इन नगर निकायों में अगले दो सप्ताह में सभी सफाईकर्मियों, अस्थायी मजदूरों और किराएदारों की पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोरदिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर केंद्रित है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ अनावश्यक दुर्व्यवहार न हो। सभी जांच निष्पक्ष और दस्तावेज़ आधारित हों। जहां भी संदेह हो, पुलिस व स्थानीय निकाय संयुक्त रूप से निर्णय लें। सरकार ने प्रत्येक निकाय को 15 दिन की समयसीमा दी है ताकि कार्रवाई तेज़ी से और प्रभावी तरीके से पूरी हो सके। अभियान के माध्यम से मिलने वाले व्यापक लाभ को गौण नही समझा जा सकता है।

आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी

अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित आपराधिक गतिविधियों का खतरा कम होगा। नगर निकायों की कार्यप्रणाली पारदर्शी बनेगी। सभी कर्मचारियों का प्रामाणिक डेटा तैयार होने से भविष्य में फर्जी नियुक्तियों और अनियमितताओं पर लगाम लगेगी। कानून-व्यवस्था में सुधार जिन शहरों में अवैध प्रवासी अधिक संख्या में रहते हैं, वहां अपराधों में अचानक वृद्धि देखी जाती है। सत्यापन से यह प्रभाव कम होगा। राष्ट्रीय हित और सुरक्षा को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता है। यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों के अनुरूप है, जहां देश की सीमाओं के भीतर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान स्पष्ट और प्रमाणित होनी चाहिए। स्थानीय समाज में विश्वास बढ़ेगा। नागरिकों को यह भरोसा मिलेगा कि सरकार उनके हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चुनौतियां भी कम नहीं है। हालांकि सरकार के इस कदम की व्यापक सराहना हो रही है, लेकिन चुनौतीपूर्ण पहलू भी मौजूद हैं।

कई अवैध घुसपैठिए फर्जी पहचान पत्र बना चुके हैं। कई लोग ठेका एजेंसियों के माध्यम से वर्षों से कार्यरत हैं, जिससे उनकी जांच और कठिन हो जाती है। सत्यापन के दौरान राजनीतिक और सामाजिक दबाव भी सामने आ सकते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद सरकार का रुख साफ है। कानून व्यवस्था सर्वोपरि, सुरक्षा से कोई समझौता नहीं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संदिग्ध रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ शुरू किया गया यह तेज़ और व्यापक अभियान प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को एक नए स्तर पर मजबूत करने वाला कदम है। अवैध घुसपैठ लंबे समय से देश की एक गंभीर समस्या रही है, जिसका समाधान तभी संभव है जब राज्य स्तर पर ठोस और नियमित सत्यापन की व्यवस्था हो। सफाईकर्मियों से लेकर अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों तक, हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करना न केवल कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है, बल्कि यह राष्ट्रीय हित में भी है। आगरा में 5000 सफाईकर्मियों का सत्यापन इसका प्रारंभिक नमूना है, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में माहौल अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और व्यवस्थित होगा। सरकार का यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का राज ही सर्वोच्च रहेगा।

# बंगाल में उभरते हिंदू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

**ललित गर्ग**

**पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए।**

पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।



पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।

निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। ''गजवा हिंद'' के प्रलापों के प्रतिकार में ''भगवा हिंद'' का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि ''यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी'' बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि ''राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा'' एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा। इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है। फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है। न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है।

## आप की बात

### एसआईआर की तारीख बढ़ाने का फैसला स्वागतयोग्य

एसआई आर की तारीख बढ़ाने का भारत निर्वाचन आयोग का फैसला काबिलेतारीफ है क्यों कि अभी भी बहुत से मतदाता ऐसे है जिनके एसआई आर फार्म भर नहीं पाए है या फिर किसी कारणवश वह अपने आवास पर नहीं हैं। बीएलओ की मेहनत रंग ला रही है। धीरे-धीरे एसआई आर का कार्य पूरा हो रहा है। कुछ लोग ही शेष है जिनका भी फार्म जल्द ही भर जाएगा। इसमें बीएलओ की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। बीएलओ ने पूरी ईमानदारी के साथ वार्डों के पार्षदों या फिर जिम्मेदार नागरिक के साथ आवासों पर पहुंच कर पहले फार्म का वितरण फिर एक-एक फार्म को एकत्रित करने का सफल प्रयास किया है। आयोग के इस फैसले ने जहां प्रक्रि या को लेकर संदेह था उसे सुधारने का प्रयास किया है।

**अजय पाल, मोहनलाल गंज**

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यात्रियों को एक अत्याधुनिक और डिजिटल-फर्स्ट अनुभव प्रदान करने जा रहा है। हर यात्री को एक तनावमुक्त, सुगम और अत्याधुनिक यात्रा अनुभव मिले। यह एयरपोर्ट भविष्य की यात्रा जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जहां तकनीक यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। एयरपोर्ट पर ऐसी आधुनिक तकनीकें लगाई जा रही हैं, जो यात्रा को तेज और सहज बनाएंगी। यात्री स्वयं ही सेल्फ बैग-ड्रॉप मशीनों के माध्यम से अपना सामान जमा कर सकेंगे, जिससे लंबी कतारों में लगने की जरूरत कम होगी। इसी तरह सेल्फ बोर्डिंग गेट्स के जरिए बोर्डिंग प्रक्रिया और अधिक तेज़ और सुविधाजनक की जा रही है। एयरपोर्ट के सभी गेट डिगी यात्रा सुविधा से लैस होंगे, जिसमें बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के माध्यम से यात्रियों को बिना किसी दस्तावेज दिखाए तेजी से प्रवेश और बोर्डिंग की सुविधा मिलेगी।

**राहुल सिंह, गाजियाबाद**

### ट्रैफिक पुलिस ने बढ़ा दी शहर की रफ्तार

शहर के प्रमुख चौराहा हजरतगंज, राजड्डावन, वायरलेस चौराहा और आईटी कॉलेज चौराहे के पास लगने वाले लंबा-लंबा जाम से ट्रैफिक पुलिस अफसरों ने अब निजात दिला दी है। जहां चौराहों पर आधा-आधा घंटा आगे बढ़ने के लिए इंतजार करना पड़ता था, अब वहां फर्राटा ड्डारते हुए वाहन जा रहे है। इसके लिए ट्रैफिक अफसरों ने एक योजना बनाकर चौराहों पर बैरीकैटिंग करके कुछ दूरी से टर्निंग देकर जाम से निजात दिलाया है। जिसकी अब शहर वासी प्रशंसा कर रहे है। वही अब ट्रैफिक अफसर शहर के कई उन चौराहों को चिन्हित कर रहे हैं जहां लंबा-लंबा जाम अब ड्डी लगा रहता है।

**जय सैनी फर्नीचर कारोबारी**
**गीतापल्ली लखनऊ**

### रिंग रोड़ से मायापुरी कॉलोनी का सफर हो गया है दुश्वार

रिंग रोड़ से दो किलोमीटर दूर मायापुरी कॉलोनी में लोगों को चलन दूभर हो गया है। जहां हजारों की संख्या में आबादी रहती है। मायापुरी, अतरौली व जहिरापुर में रहने वाले लोग कई वर्षो से परेशानी से जूझ रहे है लेकिन नगर निगम, पार्षद और विधायक अनजान बने हुए है। जरा से बारिश में घुटने तक पानी सड़कों पर ड्डार जाता है। इलाकों में न नाली, न जल निकास, न प्रकाश की व्यवस्था और न ही सड़क। ऐसी तमाम परेशानी से जूझ रहे इन इलाकों के लोग आए दिन माननीयों के आवास पर जाकर प्रार्थना पत्र देते है लेकिन अड्डी तक परेशानी से निजात नहीं मिल सकी है।

**संदीप कुमार मैटेरियल कारोबारी**
**मायापुरी कॉलोनी गुडम्बा लखनऊ**

### समस्याओं से पार पाना आसान नहीं पर समाधान तो जरूरी है

तमाम दावों के विपरीत लखनऊ के मुख्य मार्गों को छोड़ दें तो ज्यादातर इलाकों में सड़कों की हालत बिगड़ी तो सुधारने का कोई प्रयास भी नहीं हुआ। कुर्रमनगर के कल्याणपुर इलाके में कालोनियों के अंदर जहां जगह-जगह सड़क पर गड्ढे हो गए हैं वहीं मरम्मत न होने की दशा में सड़कों की हालत और खराब होती जा रही है। आए दिन दुर्घटनाएं यहां आम हो गई हैं. इस बाबत जब भी पार्षदों से संपर्क की कोशिश की जाती है तो वे उपलब्ध भी नहीं होते। इसके अलावा कई क्षेत्रों में सफाई अभियान भी सरकारी तंत्र को मुंह चिढ़ा रही हैं। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि निचले स्तर पर जवाबदेह बनाने की जरूरत है। ऱक्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और इसके लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने की भी जरीरत है। साथ पा,र्दों को लेकर भी जनता में व्याप्त असंतोष का भी हल निकालना होगा ताकि आम आदमी बोवजह की भागादौड़ी से बच सके।

**लल्लन सिंहस लखनऊ**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पीआरडी जवान, धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति के साथ सुरक्षा और जनसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे : सीएम धामी

# पीआरडी जवानों के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना

■ ग्राम अस्थल रायपुर में खेल मैदान के निर्माण की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून स्थित युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल निदेशालय में प्रान्तीय रक्षक दल (पीआरडी) के 'स्थापना दिवस' के अवसर पर रैतिक परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पीआरडी जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति और दिवंगत पीआरडी स्वयंसेवकों के आश्रितों को सहायता राशि के चेक भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों के लिए एक विशिष्ट प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, ड्यूटी के दौरान चिकित्सालय में भर्ती होने की स्थिति में उपचार के दौरान ड्यूटी पर ही मानने व उन्हें अधिकतम छह माह का मानदेय देने और ग्राम अस्थल रायपुर में खेल मैदान के निर्माण की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीआरडी जवान, धैर्य, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति के साथ प्रदेश में सुरक्षा और जनसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। पीआरडी जवान प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सुरक्षा व्यवस्था, लिपिकीय कार्यों और विभिन्न विभागीय दायित्वों, प्राकृतिक आपदाओं में चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में कार्य कर प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। चार धाम यात्रा के दौरान भी जवानों ने धैर्य, संवेदनशीलता और सजगता के साथ लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा कराने में सहयोग किया। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने पीआरडी जवानों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

राज्य गठन के समय पीआरडी जवानों को मात्र 65 प्रतिदिन भत्ता मिलता था। अब उसमें 10 गुना वृद्धि करते हुए उसे 650 प्रतिदिन किया गया है। पीआरडी जवानों के आश्रित बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने मृत एवं घायल पीआरडी जवानों और उनके आश्रितों को 70 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हुए पीआरडी जवानों को ड्ड18 लाख का एकमुश्त सेवा-भत्ता भी प्रदान किया है। साम्प्रदायिक दंगों में ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर परिवार को मिलने वाली राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपए किया गया है। पीआरडी जवान की अति-संवेदनशील ड्यूटी में मृत्यु होने पर देय राशि ड्ड75 हजार से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये की है। सामान्य ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने की दशा में मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक दंगों और अति-संवेदनशील ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले स्वयंसेवकों के अंतिम संस्कार के लिए नई नियमावली में अलग से प्रावधान किया है। प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाले नुकसान के लिए भी संबंधित अधिकारी की संस्तुति पर अधिकतम 50 हजार रुपये तक की सहायता का प्रावधान भी पीआरडी जवानों के लिए किया है।

इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, अपर निदेशक युवा कल्याण राकेश डिमरी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### 149 पंजीकृत आश्रितों को विभागीय अर्द्ध सैन्य प्रशिक्षण किया जाएगा प्रदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की सेवा के प्रति निष्ठा और समर्पण का सम्मान करते हुए वर्ष 2023 में मृत एवं अपंग जवानों के आश्रितों को पीआरडी जवान के रूप में पंजीकृत करना प्रारंभ किया गया। जिसके पश्चात अब तक पंजीकृत 190 आश्रितों में से 133 आश्रितों को रोजगार भी प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस माह 149 पंजीकृत आश्रितों को विभागीय अर्द्ध सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे वे अपने कौशल में वृद्धि कर सकेंगे और भविष्य में पीआरडी सेवा के विभिन्न दायित्वों को और अधिक दक्षता और तत्परता के साथ निभाने में सक्षम होंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीआरडी जवानों के हितों में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। आज हमारे 7,500 से अधिक पीआरडी जवान अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# 25 हजार का इनामी अपराधी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

■ आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा भी हुआ है बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। रुद्रपुर**



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा के निर्देशों पर फरार और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। देर शाम 25,000 रुपये के इनामी और कुख्यात अपराधी गुरबाज सिंह उर्फ मानू पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता, थाना गदरपुर, जिला ऊधमसिंहनगर को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

चौकी गूलरभोज क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब आरोपी को देखा तो उसने स्वयं को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा भी बरामद हुआ है। गुरबाज सिंह उर्फ मानू पर हत्या के प्रयास, लूट, राहजनी, बलवा और अवैध हथियार जैसे 17 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गदरपुर, बाजपुर, दिनेशपुर, नानकमत्ता के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के मिलक खानम थाने में भी यह वांछित है। वर्ष 2019 में नानकमत्ता थानाध्यक्ष पर फायरिंग की घटना में भी इसका नाम शामिल है।

अपराध जगत में यह अपने आप को 'बेताज बादशाह' मानकर लोगों पर फायरिंग कर दहशत फैलाता रहा है। वादी बलजीत सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें जान से मारने की नीयत से फायरिंग और धमकी देने के आरोप शामिल हैं। पुलिस ने कहा है कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी इसी सख्ती और दृढ़ता के साथ जारी रहेगा।

**रामनगर पुछड़ी बस्ती, रिजर्व फॉरेस्ट में बना दी मस्जिद**

# धामी सरकार के बुलडोजर ने नोटिस देकर किया ध्वस्त



■ धार्मिक संरचना को हटाए जाने का नोटिस किया था जारी

**पायनियर समाचार सेवा। रामनगर**

नैनीताल जिले में रामनगर कोसी नदी किनारे रिजर्व फॉरेस्ट की जमीन कब्जा कर बड़ी मस्जिद बना डाली। तीन दिन पहले हुई धामी सरकार की कारवाई में उक्त मस्जिद को भी ध्वस्त कर दिया। वन विभाग ने इससे पूर्व उक्त धार्मिक संरचना को हटाए जाने का नोटिस जारी किया था।

कोसी नदी किनारे रिजर्व फॉरेस्ट की जमीन को कब्जाने और वहां पुछड़ी बस्ती बनाने में ताहिर मुला, सलीम पत्रकार, अंकल,बाबू, और इनके राजनीतिज्ञ आकाओं के नाम सामने आए और वीडियो भी वायरल हुए, प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं अवैध कब्जा करने वालों से बाते करते हुए वीडियो रिकार्डिंग की जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे और कितने पैसों में हमने किस किस से जमीन खरीदी।वन विभाग ने पुछड़ी बस्ती में करीब 64 एकड़ भूमि पहले चरण में खाली करवाई है जबकि अगले चरण में लगभग 100 एकड़ वन भूमि खाली करवाई जानी है।

धामी सरकार ने कारवाई के दौरान ये भी पाया कि झोपड़ियों में रहने वाले लोगों ने कैसे हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर की और इसका खर्च कौन कौन उठा रहा था ? वेस्टर्न सर्कल के मुख्य वन संरक्षक डॉ साकेत बडोला ने बताया कि वन विभाग हाई कोर्ट में इन अवैध कब्जेदारों के खिलाफ विधिक कार्रवाई में भी तेजी लाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक कर चुका है।

दरअसल यहां घुसपैठियों को बाहरी राज्यों से लाकर उन्हें बसाने उनसे पैसा लेकर सरकारी जमीन पर कब्जा कराने का षडयंत्र यहां पिछले कुछ सालों से लगातार चल रहा था। इस मामले की धामी सरकार ने एसआईटी जांच भी करवाई थी। सरकार का ये मानना भी है कि यहां फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को कब्जे करवाए गए और अब यहां डेमोग्राफी चेंज की समस्या ने सिर उठा लिया।

### अतिक्रमण वन आरक्षित क्षेत्र में नहीं होने दिया जाएगा

जानकारी के मुताबिक दो हजार वर्ग फुट से अधिक सरकारी वन आरक्षित भूमि पर अवैध रूप से बड़ी मस्जिद बना दी गई जिसे भी ध्वस्त कर दिया गया। डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि वन विभाग के आरक्षित क्षेत्र की भूमि को खाली करवाया जा रहा है। किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण वन आरक्षित क्षेत्र में नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने नोटिस जारी किए है कि अतिक्रमण करने वाले स्वयं ही अवैध कब्जा छोड़ दे अन्यथा वन विभाग और प्रशासन ये कारवाई अवश्य करेगा।

# शनि बाजार रोड चौड़ीकरण में प्रशासन ने किए 55 अतिक्रमण चिह्नित

■ नगर निगम व लोक निर्माण विभाग द्वारा नोटिस किए जा रहे हैं जारी

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**





शनि बाजार रोड के चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। सड़क चौड़ीकरण के लिए किए गए सर्वे में 55 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं, जिन पर अब नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नोटिस जारी किए जा रहे हैं।


जानकारी के अनुसार इस मार्ग का उपयोग हल्द्वानी मंडी से गौलापार और आगे पर्वतीय क्षेत्रों तक फल-सब्जी की आवक-जावक के लिए किया जाता है। लगातार बढ़ते ट्रैफिक और जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन अब एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) की मदद से सड़क का चौड़ीकरण करने जा रहा है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि सर्वे पूरा होने के बाद शनि बाजार रोड पर 55 बड़े अतिक्रमण मिले हैं। सभी को नियमों के अनुसार नोटिस भेजा जा रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक की

# सीएम ने दिए पौड़ी डीएफओ को हटाने के निर्देश

■ संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरों के जरिए लगातार नजर बनाये रखें

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सीएम ने अधिकारियों को तमाम जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पौड़ी में मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं के चलते पौड़ी के डीएफओ को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में जंगली जानवरों का अधिक भय है, ऐसे क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को स्कूल तक छोड़ने और घर तक लाने के लिए वन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा एस्कॉर्ट की व्यवस्था की जाए। मानव-वन्यजीव संघर्ष में किसी परिवार से कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग प्रभावित परिवार की आजीविका को सहायता देने के लिए दो सप्ताह के अंदर नीति बनाकर प्रस्तुत करें। सीएम धामी ने कहा जनपदों में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जिन भी उपकरणों की आवश्यकता है, उन्हें जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए. सीएम ने कहा सरकार की पहली जिम्मेदारी वन्यजीवों से लोगों के जीवन को बचाना है। इसके लिए नई तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाए. जंगली जानवर आबादी क्षेत्रों में न आये, इसके लिए स्थाई समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। वन्यजीवों की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरों के जरिए लगातार नजर बनाये रखें।

### जंगली झाड़ियों को अभियान चलाकर किया जाए साफ

वनकर्मी लगातार निगरानी रखें। साथ ही ग्रामीणों के साथ अपना संवाद मजबूत रखें। बस्तियों के आस पास जंगली झाड़ियों को अभियान चलाकर साफ किया जाए। साथ ही बच्चों और महिलाओं को विशेष तौर पर आस पास वन्य जीवों की मौजूदगी को लेकर जागरुक किया जाए। मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने की कोशिशें की जा रही हैं। वन विभाग के साथ ही शासन-प्रशासन के स्तर पर भी इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना की सूचना मिलने के 30 मिनट के अन्दर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। इसके लिए संबंधित डीएफओ और रेंजर की जिम्मेदारी तय की जाए।

**ऑटो-ई-रिक्शा चालकों को परिवहन विभाग ने दिए सख्त निर्देश**

# शराब व नशे की हालत में न चलाए वाहन

■ चालक लाइसेंस व निर्धारित वर्दी में ही चलाएं वाहन

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**



संभागीय परिवहन कार्यालय में गुरुवार को ऑटो एवं ई-रिक्शा यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. गुरदेव सिंह और संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) अरविंद पांडे ने की।

बैठक में यूनियन पदाधिकारी केदार पलाड़िया, उमेश चंद जोशी, मुकेश जायसवाल, गिरीश जोशी, शेर सिंह बिष्ट, पूरन बिनवाल, हरक सिंह रावत और निजाम मिकरानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। परिवहन अधिकारियों ने ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को निर्देशित किया कि वह वाहन के सभी प्रपत्र (फिटनेस, टैक्स, परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र) पूर्ण व वैध रखें। ओवरस्पीडिंग, ओवरचार्जिंग और ओवरलोडिंग बिल्कुल न करें। यात्रियों से निर्धारित किराया ही वसूलें और अनुशासित व नम्र व्यवहार करें। चालक लाइसेंस और निर्धारित वर्दी में ही वाहन चलाएं।

शराब व नशे की हालत में वाहन न चलाएं। रात्रि में लाइट जलाकर और वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर ही संचालन करें। चौराहों पर अनावश्यक खड़ा न हों। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। यूनियनों ने विभाग को आश्वस्त किया कि सभी चालक यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## नर्सिंग बेरोजगार अभ्यर्थियों ने किया स्वास्थ्य मंत्री के सरकारी आवास कूच

**देहरादून।** नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की तरह वर्षवार किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर नर्सिंग बेरोजगार अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के सरकारी आवास कूच किया। प्रदर्शन कर रहे बेरोजगारों के समर्थन में पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत भी पहुंचे।

हरक सिंह ने नर्सिंग बेरोजगार अभ्यर्थियों की मांगों को जायज बताया। इससे पहले सभी बेरोजगार नर्सिंग अभ्यर्थी बिंदाल पुल के पास एकत्रित हुए। उसके बाद हरक सिंह रावत के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालते हुए धन सिंह रावत के आवास की तरफ बढ़े। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को यमुना कॉलोनी के मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इससे नाराज बेरोजगार सड़क पर ही धरने पर बैठ गये। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# 896 ग्राम चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार



■ एसओजी व कोतवाली पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**

एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। जिसके तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विजय मेहता एवं प्रभारी एसओजी राजेश जोशी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने मंगल पड़ाव क्षेत्र से एक आरोपी मोहम्मद अली (26) पुत्र इश्तियाक हुसैन निवासी जवाहर नगर वार्ड नंबर 13 थाना बनभूलपुरा को 896 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

मानवाधिकार दिवस नैनीताल न्यायालय में मानवता का उत्सव

# न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने किया रक्तदान

■ न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने तीस यूनिट से अधिक रक्तदान कर मानवता का दिया संदेश

**पायनियर समाचार सेवा। नैनीताल**






मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तीस यूनिट से अधिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया।

इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुवे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने आयोजित रक्तदान शिविर को न्याय व मानवता का सच्चा उत्सव बताया जिला जज हरीश गोयल सहित अनेक न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा की मजबूत भावना का संदेश दिया इस अवसर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने रक्तदान को लेकर सभी को प्रेरित किया।

न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, सालसा सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी, डीएलएसए सचिव पारुल थपलियाल, द्वितीय अपर जिला जज कुलदीप शर्मा, सिविल जज हर्ष यादव, सीजेएम रवि प्रकाश तथा एसीजेएम रवि रंजन, बार एसोसिएशन अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रूवाली, वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष मोहन जोशी, नीरज साह, हरिशंकर कंसल, बहादुर पाल, ओंकार गोस्वामी, उपाध्यक्ष शंकर चौहान, गोपाल सिंह कपकोटी, प्रमोद बहुगुणा, बी.के. सांगुड़ी, गिरीश खोलिया, डीजीसी सुशील कुमार शर्मा, राजेश चंदोला, राम सिंह रौतेला, भुवन जोशी, सुभाष जोशी, शिवांशु जोशी, गौरव कुमार, नीलेश भट्ट, दिग्विजय सिंह बिष्ट, रवि कुमार, निर्मल कुमार, दीपक दत्त पांडेय, तरुण चंद्रा, राजेन्द्र भैसोड़ा, नीरज गोस्वामी, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, सहित अनेक अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानव अधिकार दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

■ बच्चों को अपराधों व नशे से दूर रहने की दी गई सलाह

**पायनियर समाचार सेवा। टिहरी गढ़वाल**





मानव अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी की ओर से पूणानंद पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी रहे।

सत्र के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों को मानव अधिकारों के बारे में बताया। देश में सभी नागरिकों को कानूनी तौर पर स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, शिक्षा और समानता का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने विशेष रूप से पोक्सो एक्ट पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों के यौन शोषण, उत्पीड़न और अन्य अपराधों पर आजीवन कारावास से लेकर मृत्युदंड तक का प्रावधान है। बच्चों को अपराधों और नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। कार्यशाला में जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ऋषि कुमार ने बाल अपराधों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विशाल शर्मा, प्रबंधक महेश गुप्ता, जिला बाल कल्याण समिति के राजेंद्र गुसाईं, अधिवक्ता राजपाल मियां, रश्मि बिष्ट, सुखदेव बहुगुणा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### चलती बाइक में अचानक लगी आग



**मीरापुर।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बाइक पर सवार रामराज निवासी आकाश और उनके साथी मोहित पुत्र मदन ने तुरंत बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अपनी सीडी डीलक्स बाइक पर मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव कैलापुर से जसमौर जा रहे थे। वापस लौटते समय जब वे सड़क पर शर्मा धर्म कांटे के सामने पहुँचे, तभी बाइक में अचानक आग लग गई।आग लगते ही बाइक पूरी तरह आग का गोला बन गई और पास से गुजर रहे वाहन चालक कुछ समय के लिए रुक गए। आसपास के लोगों ने तुरंत पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाई।बाइक सवार युवकों की सतर्कता और आसपास के लोगों की तत्परता के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और आग लगने के कारण की जांच शुरू कर दी है।

### पेशी पर आया कैदी अचानक बीमार

**कैराना।** मुजफ्फरनगर जिला कारागार से कैराना न्यायालय में पेशी पर लाए गए एक कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। स्थिति को गंभीर होते देख पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कैराना में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत सामान्य बताते हुए वापस जेल भेजने की अनुमति दे दी। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस टीम कैदी विजय उर्फ वंश पुत्र सुंदर, निवासी ग्राम सरूरपुर, जनपद बागपत को कैदी वाहन द्वारा कैराना स्थित न्यायालय में पेशी पर लेकर आई थी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पेशी पूरी होने के बाद जैसे ही पुलिसकर्मी उसे वापस कैदी वाहन के पास लेकर पहुंचे, तभी विजय को चक्कर आने लगे और वह अचानक जमीन पर बैठ गया। उसकी सांस फूलने लगी और शरीर में कमजोरी बढ़ती देख पुलिस टीम ने बिना देर किए उसे सीएचसी कैराना पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। कुछ देर की जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि कैदी की स्थिति फिलहाल ठीक है और उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज किया जा सकता है। इसके बाद पुलिस टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए विजय को पुनः जिला कारागार मुजफ्फरनगर के लिए रवाना कर दिया। अचानक बिगड़ी तबीयत के मामले को लेकर न्यायालय परिसर में कुछ देर तक हलचल बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कैदी की सेहत पर लगातार नजर रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर दोबारा चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा।

### नगर पालिका टीम ने किया सेंटर का निरीक्षण

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित नगर पालिका के एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर पर गुरुवार को नगर पालिका टीम ने निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने सेंटर पर पहुंचकर सूखे कूड़े के निस्तारण में उपयोग होने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली, स्थिति और रखरखाव से जुड़ी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासी मौके पर पहुंच गए और एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा डाले जाने का विरोध जताया। लोगों का कहना था कि यहां कूड़ा लाने से क्षेत्र में दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और गंदगी बढ़ती है। इसके अलावा मशीनों की वाइब्रेशन और तेज आवाज से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि डम्पिंग यार्ड के कारण पूरी बस्ती प्रभावित है। लोगों का आरोप था कि ढाकन चौक पर स्थित दो स्कूलों में सैकड़ों बच्चे पढ़ते हैं, जिन्हें बदबू और गंदगी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने तो यहां तक दावा किया कि गंदगी और बदबू की वजह से क्षेत्र में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। वहीं मशीनों की तीव्र कंपन से आसपास के मकानों में दरारें तक पड़ने की बात भी कही गई। विरोध के दौरान पूर्व सभासद मनोज सैनी, मुकेश सैनी, प्रेम सैनी, राजेंद्र शर्मा, किरणपाल, प्रदीप पाल, संजय पाल, विकास सैनी, प्रदीप सैनी, उषा सैनी, अनीता सैनी, रामवती, रामकिशोर सैनी, बिट्टू सरदार आदि लोग मौजूद रहे। लोगों की आपत्ति पर ईओ राजीव कुमार ने स्पष्ट किया कि एमआरएफ सेंटर पर गीला कूड़ा बिल्कुल नहीं डाला जाएगा।

### 528 ग्राम चरस, चोरी की बाइक और फर्जी नंबर प्लेट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा–नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर के तहत झिंझाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को झिंझाना थाने पर तैनात उ0नि0 संदीप कुमार, हे0का0 अमित कुमार,कृष्णपाल, आशीष मलिक व दीपक यादव मुखबिर की सूचना पर एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को दबोचते हुए उसके कब्जे से 528 ग्राम चरस, चोरी की एक प्लैटिना मोटरसाइकिल और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं। पकड़ी गई चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 1 लाख 25 हजार रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह, एएसपी सुमित शुक्ला और सीओ कैराना हेमंत कुमार के निर्देशन में गुरुवार को की गई। पकड़ा गया आरोपी जुनैद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम भड़ी भरतपुरी थाना झिंझाना बताया गया है। गिरफ्तार तस्कर जुनैद ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया कि वह अपने साथी वसीम उर्फ बोडा निवासी नया कुड़ा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के साथ करीब एक हफ्ता पहले जिजौला गांव में फुरकान और इसरार नामक व्यक्तियों से चरस खरीदकर लाया था और इसे बेचने जा रहा था।

---

एनएच-58 पर बढ़ते हादसों पर प्रशासन सख्त, ब्लैक स्पॉट्स का अफसरों ने किया निरीक्षण

# हटेंगे अवैध कट, बढ़ेगी हाईवे पर पुलिस गश्त

पायनियर समाचार सेवा। खतौली



दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-58) पर बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है।

गुरुवार को खतौली सीओ राम आशीष यादव, एसपी ट्रैफिक व एआरटीओ ने हाईवे के विभिन्न ब्लैक स्पॉट्स का स्थलीय निरीक्षण किया और दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हादसों के प्रमुख कारणों ओवरस्पीडिंग, गलत साइड ड्राइविंग, अंधे मोड़, खराब संकेतक, अवैध कट, अव्यवस्थित यातायात व अतिक्रमण पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने माना कि एनएच-58 जैसा व्यस्त हाईवे छोटी सी लापरवाही को भी बड़ा हादसा बना देता है, इसलिए सेफ्टी स्टैंडर्ड पर कड़ाई से अमल जरूरी है। सीओ खतौली ने बताया कि हाईवे पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी, विशेषकर रात के समय। प्रशासन ने ब्लैक स्पॉट्स पर रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड व आवश्यक साइनेज लगाने की योजना तैयार की है। साथ ही स्पीड मॉनिटरिंग के लिए हाई-टेक कैमरे लगाए जाएंगे।

ओवरलोडेड तथा रॉन्ग साइड वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान भी चलेगा। अधिकारियों ने हाईवे पर बने अवैध कट और अतिक्रमण को जल्द हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पूर्व में बनाई गई पुलिस चौकियों पर भी पुलिसकर्मियों की पुनः तैनाती की योजना है। प्रत्येक दुर्घटना स्थल की जांच के लिए संयुक्त टीम गठित की जाएगी। सीओ राम आशीष यादव ने कहा कि एनएच-58 पर ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में सड़क ढांचा सुधारने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को प्रभावी बनाना बेहद जरूरी है। सभी विभागों को चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दिन में रही रात जैसी धुंध, जानसठ रोड पर कई वाहन टकराए



**मुजफ्फरनगर।** दिसंबर के पहले पखवाड़े में गुरुवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली और जिले के कई इलाकों में घना कोहरा छा गया। दृश्यता इतनी कम थी कि दिन के उजाले में भी सड़कें मानो रात के अंधेरे जैसी प्रतीत होने लगीं। वाहन चालकों को हेडलाइट और डीपर जलाकर ही अपनी मंजिल तक पहुँचने में कठिनाई हुई।सबसे अधिक असर जानसठ रोड, थाना नई मंडी क्षेत्र में देखा गया, जहाँ घनी धुंध के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हुए, लेकिन सभी चालक मामूली चोटों के साथ सुरक्षित रहे। सूचना मिलने पर थाना नई मंडी पुलिस मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराया। पुलिस ने हाईवे मार्ग को पूरी तरह साफ कर यातायात बहाल किया और अन्य वाहन चालकों को सावधानी बरतने की हिदायत दी। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में कोहरे की तीव्रता और बढ़ सकती है, जिससे सुबह के समय दृश्यता 50 मीटर से भी कम हो सकती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि अनावश्यक यात्रा से बचें, यात्रा जरूरी हो तो धीमी गति से वाहन चलाएं, हेडलाइट और फॉग लाइट का उपयोग अवश्य करें और अपने वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखें। आज सुबह हुए वाहन टकराव ने एक बार फिर यह चेतावनी दी कि दिसंबर से जनवरी तक मुजफ्फरनगर में कोहरा सड़क सुरक्षा और यातायात के लिए चुनौतीपूर्ण कारक रहेगा।

## 61 हजार लाइटों का अपने संसाधनों से निगम कर रहा रख रखाव

- निगम ने हाईमास्ट के 250 फोकस और 500 लाइटें बदली

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर



नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में नगर निगम शहर में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सुधारने में लगा है। हर रोज सवा सौ से अधिक लाइट सम्बंधी शिकायतों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार खराब हुई लाईटों के स्थान पर नयी लाइटें भी लगायी जा रही हैं और फोकस भी बदले जा रहे हैं। अधिशासी अभियंता एवं पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह ने उक्त जातनकारी देते हुए बताया कि करीब दो माह पूर्व ईईएसएल कंपनी से अनुबंध समाप्त होने के बाद 61 हजार से अधिक लाईटों का रखरखाव नगरायुक्त शिपू गिरि के दिशा निर्देशन में नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से स्वयं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईईएसएल कंपनी द्वारा स्ट्रीट लाईट का रखरखाव ठीक से न करने, खराब प्रकाश बिंदुओं को न बदलने, शिकायतों का निस्तारण समय से न करने आदि के कारण ईईएसएल कंपनी का अनुबंध नगर निगम द्वारा करीब दो माह पूर्व समाप्त कर दिया गया था। कंपनी के माध्यम से शहर में 54165 लाईट लगवायी गयी थी।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**कैराना।** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो विशेष अदालत ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने तमंचे के बल पर किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म किया था और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर धमकाया था।

पुलिस अधीक्षक शामली एन पी सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के तहत आज न्यायालय द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष के कठोर कारावास व 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा 2 फरवरी वर्ष 2020 को कोतवाली कैराना में मुकदमा दर्ज कराया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 1 नवंबर वर्ष 2019 की रात परिवार के सोने के दौरान ग्राम भूरा निवासी शुभम पुत्र नाथीराम घर में घुस आया और तमंचे के बल पर 14 वर्षीय नाबालिग को अगवा कर ले गया।

## नई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ स्वच्छता मिशन को दी ऊर्जा

- नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कंपनी बाग से हरी झंडी दिखाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर



नगर की सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी तथा आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने आज कंपनी बाग से 5 नई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन आधुनिक वाहनों के शामिल होने से शहर में कूड़ा संग्रहण और निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी और व्यवस्थित सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

नगर पालिका प्रशासन का मानना है कि बढ़ते शहरी विस्तार और जनसंख्या घनत्व को देखते हुए आधुनिक सफाई वाहनों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। नई ट्रॉलियों के माध्यम से सड़कों, मोहल्लों और बाजारों की सफाई और कूड़ा प्रबंधन अधिक तेज, प्रभावी और व्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा, स्वच्छता किसी भी शहर की पहचान होती है और इसे नगर पालिका सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में देखती है। इन वाहनों के माध्यम से मुजफ्फरनगर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका के सम्मानित सभासदगण, ईओ प्रज्ञा सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छता मिशन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ बाबैल बुजुर्ग में प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ

- भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई गायत्री महायज्ञ
- नशा छोड़ने के लिए लोगों ने लगाये नारे, ग्रामीणों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। बेहट



शांति कुंज के तत्वावधान में गायत्री परिवार के बैनर तले ग्राम बाबैल बुजुर्ग में भव्य मंगल कलश के साथ 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य,समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान महिला व पुरुषों ने ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया। 24 कुण्डीय यज्ञ एवं सांयकालीन सत्र 2100 दीपों से दीप यज्ञ संपन्न होगा। शांति कुंज से पहुची टोली के नायक सुरेन्द्र नाथ,गोपाल मालवीय,युग गायक दीपक बघेल, वादक नरेंद्र कुमार, राम गोपाल, मेहर सिंह,इंद्र सिंह,एवं दिनेश राणा,रमन शर्मा, सुधीर,नीरज राणा आदि ने स्वागत किया। इसके बाद 251 कलशो में देव आह्वान कर कन्याओं व महिलाओ व बच्चों ने सिर पर कलश रखकर गांव की परिक्रमा की और ग्राम देवता सहित मन्दिरो में पूजन किया।

इस दौरान परिजनों ने नारों के माध्यम से लोगो को नशे के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मास्टर त्रिपाल सिंह, सुरेश शर्मा, सुरेश रोहिला, सत्यपाल धीमान, मदनपाल, रूप सिह, धर्म सिंह, ईश्वर चंद शर्मा, चंद्र मणि कपिल, डा पी के शर्मा, अक्षय यादव, अरुण, ललित कुमार, नीरज काम्बोज, प्रमोद रुहेला, अशोक गुप्ता, रूप सिंह, डॉ अक्षय यादव, सुधीर राणा,नीरज राणा, अखिलेश कौशिश, दिनेश राणा, मनोज राणा, रमन शर्मा, चरण सिंह, नीरज राणा, नवीन शर्मा, पवन शर्मा, सुधीर राणा, डिम्पल शर्मा, दिव्यांश राणा, विनोद शर्मा, नरेश, डॉ चंद्रशेखर शर्मा, अरुण यादव प्रदीप, अर्जुन चौहान, जंगशेर राणा, नाहर सिंह, ललित, नितिन शर्मा, अंकित, सौरभ, अशोक, कुलदीप, बिट्टू,अमित, मुकेश, शिवकुमार, बबली शर्मा, बबिता, पम्मी आदि मौजूद रहे।

## ठंडी स्लैब पर लावारिस मिली दस महीने की बच्ची

**सहारनपुर।** जिला अस्पताल की एसबीडी ओपीडी में गुरुवार सुबह ऐसा दिल दहला देने वाला दृश्य सामने आया जिसने हर किसी की रूह हिला दी। कक्ष नंबर-6 के बाहर से उठती एक मासूम की करुण सिसकियाँ जब सफाई कर्मचारी के कानों में पड़ीं तो वह घबराकर उस दिशा में दौड़ी। वहाँ जो दृश्य था, वह किसी भी इंसान को भीतर तक तोड़ देने वाला था मात्र 10 माह की बच्ची ठंडी स्लैब पर एक पतली शॉल में सिकुड़ी हुई मिली। बच्ची लगातार रोते-रोते बेदम होती जा रही थी। कर्मचारी के मुताबिक बच्ची का कमजोर शरीर, सूजी हुई आँखें और कांपती सांसें देखकर ऐसा लगा मानो वह पूरी दुनिया से मदद की भीख माँग रही हो। सूचना मिलते ही डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत बच्चा वार्ड में भर्ती किया गया। वैसे बच्ची सुरक्षित है लेकिन उसके मिलने का तरीका इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। अस्पताल प्रशासन और पुलिस ने पूरे क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## अवैध मिट्टी खनन पर छापा, जेसीबी व दो ट्रैक्टर-ट्रालियां जब्त



- जगनपुर जंगल में चल रहा था अवैध मिट्टी खनन काला कारोबार

पायनियर समाचार सेवा। कैराना

क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन पर नकेल कसते हुए तहसील प्रशासन ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गांव जगनपुर के जंगल क्षेत्र में बिना अनुमति चल रहे मिट्टी खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार सतीश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रालियां मिट्टी कटान में लिप्त पाई गईं। जिनको प्रशासनिक टीम ने जब्त कर लिया।

बुधवार की देर रात की गई इस छापेमारी में प्रशासनिक टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्रालियों और एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया। सभी वाहनों को कोतवाली लाकर खड़ा कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार खनन माफियाओं पर सख्त कानूनन कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, साथ ही वाहन मालिकों की पहचान कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। ग्राम क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन की अचानक दबिश से अवैध खनन कराने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। नायब तहसीलदार सतीश यादव ने बताया कि मिट्टी खनन से पकड़े गए दो ट्रैक्टर ट्रालियों व एक जेसीबी मशीन को पकड़ा गया है।

---

तुलसी माता भारतीय संस्कृति और सभ्यता का द्योतक है: अशोक मलिक

# प्रकृति में छिपा है बीमारी के उपचार का खजाना

पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर



लेबर कॉलोनी स्थित भगवती देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्री योग वेदांत सेवा समिति के द्वारा तुलसी पूजन के कार्यक्रम के पुरोहित विद्यालय प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश्वर सैनी संयोजक डॉक्टर सुशील धीमान ने मां सरस्वती के सम्मुख संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा यदि किसी व्यक्ति को बीमारी हो जाती है तो प्रकृति में ही बीमारी का निदान (उपचार)भी है और जिसमें तुलसी का विशेष महत्व है तुलसी बहुत सी बीमारियों का निदान भी करती है। योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश्वर सैनी एवम डॉक्टर सुशील धीमान ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है और हम छोटे-छोटे स्कूलों में जाकर निस्वार्थ भाव से छोटे बच्चों के अंदर ही लुप्त होते संस्कृति को बचाने का प्रयास किया जाता है। कुमारी वासु उर्फ वैष्णवी कुमारी, आयुषी कुमारी, सिमर कुमारी, कीर्ति कुमारी, अंशिका चौधरी, नैंसी प्रिया, प्रियंका, शालू, खुशी ने विधिवत पूजा अर्चना की। बालकों में गुरु इकबाल नारायण सिंह, सागर, लक्ष्य मलिक, हर्षित आदि ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में धनु राम शर्मा, यशपाल सिंह, कृष्ण धीमान, एस कंबोज, रविंदर, शरद, राजन, अशोक कुमार, प्रिया, काजल, हरेंद्र, डिंपल आदि उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**सहारनपुर।** श्री नारायण मंदिर समिति के द्वारा गिल कॉलोनी स्थित नारायण मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवे दिन श्रीकृष्ण जी की बाल लीलाओ का वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के पांचवे दिन श्री अजय किरण महाराज जी के द्वारा श्रीकृष्ण जी की बाल लीलाओ का वर्णन किया। भागवत कथा मे यज्ञाचार्य आचार्य पंडित अमित भारद्वाज जी ने भी श्रीमद् भागवत कथा के बारे मे विस्तार से बताया। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा मे सुन्दर सुन्दर भजनो को भी सुनाया गया।

## घर के बाहर खेल रहे मासूम को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

**कैराना।** घर के बाहर खेल रहे दो वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार दोपहर कैराना क्षेत्र के गाँव अलीपुर निवासी दो वर्षीय अदनान पुत्र बलवान अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार आया वाहन उसे टक्कर मारते हुए निकल गया। टक्कर लगते ही मासूम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

शोर-शराबा सुनकर पहुंचे परिजन तुरंत अदनान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुँचे, जहाँ चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## भाकियू टिकैत की प्रस्तावित महापंचायत स्थगित

- 12 दिसंबर को होने वाली महापंचायत कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों के बीच सहमति के बाद स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। नागल



विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी तल्हेड़ी बुजुर्ग के द्वारा क्षेत्र में किया जा रहा किसानों के शोषण के खिलाफ 12 दिसंबर को एसडीओ कार्यालय पर होने वाली महापंचायत को संगठन के कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों के बीच सहमति के बाद स्थगित कर दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसानों के नलकूपों पर चेकिंग के दौरान उनका शोषण नहीं किया जायेगा और विभाग की ओ.टी.एस योजना का लाभ सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के शोषण के खिलाफ 12 दिसंबर को एसडीओ कार्यालय पर होने वाली महापंचायत को संगठन के कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों के बीच सहमति के बाद स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने एसडीओ को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपते कहा कि वह वर्षों से किसान हितों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं और समय-समय पर धरना प्रदर्शन से लेकर किसी भी प्रकार की लड़ाई क्यों ना लड़नी पड़े वह पीछे नहीं हटेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह संगठन के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी है उन्हें अधिकार है कि वह किसी का उत्पीड़न रोकने के लिए चाहे वह प्रदर्शन करें या पंचायत बुलाये। एसडीओ संतोष कुमार ने किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान अवर अभियंता पनियाली कासिमपुर राजूयादव, विजेंद्र कुमार, रामू वालिया, परमील कुमार, सुजीत सरदार, अकरम, संदीप कुमार, अब्दुल आदि मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



# जरूरतमंद के आवास, बीमार के उपचार की करेंगे व्यवस्था: योगी

❖ गोरखनाथ मंदिर में लगातार दूसरे दिन सीएम योगी ने करीब 300 लोगों की सुनी समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। एक महिला ने अपनी ही जमीन पर काबिज होने के संबंध में कुछ लोगों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने की समस्या पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि महिला को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया जाए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया।



# सीएम आज करेंगे किसान पाठशाला का शुभारंभ



❖ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्थलीय निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा

❖ 12 से 29 दिसंबर तक प्रदेश भर में किया जाएगा किसान पाठशालाओं का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

प्रदेश के किसानों को नवीन तकनीक, कृषि यन्त्रों, फसलों के पैकेज आफ प्रेक्टिसेज एवं रबी प्रजातियों के बारे में अवगत कराने के लिए वर्तमान रबी मौसम की किसान पाठशाला का शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्यमंत्री के द्वारा पद्मश्री कृषक राम सरन वर्मा के गांव दौलतपुर, बाराबंकी के खेत से किया जाएगा। सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को निभाते हुए 'किसान की बात किसान के द्वार' की संकल्पना पर किसानों को प्रोत्साहित करेगी। विगत वर्षों में किसान पाठशाला के माध्यम से अब तक लगभग 190 लाख किसानों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

बृहस्पतिवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बाराबंकी में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उद्घाटन के अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के प्रति अपनी कृतसंकल्पता सरकार के गठन के साथ ही निभाई जा रही है। सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को 25423 करोड़ रुपये का ऋण मोचन, 90669 करोड़ रुपये का पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्रत्यक्ष तौर पर उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही मृदा सुधार, मृदा परीक्षण, कृषि यंत्र, उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन सहित कृषि उत्पादन के प्रसंस्करण एवं विपणन जैसी क्रियाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर किसानों को सहयोग कर उनके कृषि उत्पादन एवं लाभ में वृद्धि तथा आत्मसम्मान दिलाने हेतु सतत प्रयासरत है।

# निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर को

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की घोषित तिथियों को 15 दिन बढ़ाते हुए पुनः संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने तथा शुद्ध मतदाता सूची को बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से 2 सप्ताह का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, जिससे कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मृतक, शिफ्टेड तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराया जा सके।

# 19 परियोजनओं की वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी की जाएगी: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायतों में वितरण के लिए वाद्य यंत्रों को उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में सेट खरीदे जांएगे



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार दूसरे दिन पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। व्यवधान की स्थिति में उसका निस्तारण सुनिश्चित करते हुए कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृत कार्ययोजना में शामिल 19 परियोजनाओं के आगणन प्रस्ताव की स्वीकृति शीघ्र जारी कर दी जाएगी। उन्होंने अब तक न शुरू की गई परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा करते हुए कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री गुरुवार गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति तथा पर्यटन विभाग की निर्माण कार्य से जुड़ी परियोजनाओं तथा विभागीय गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि बदले परिवेश में परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करके पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाए, ताकि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का अधिकतम सहयोग सुनिश्चित हो सके और स्थानीय लोगों को अपने घर के आस-पास रोजगार मिल सके। उन्होंने पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी कार्य में अड़गा न लगाए, बल्कि उसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करे। जयवीर सिंह ने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा लोककला से आमजनता को जोड़ने तथा उन्हें संरक्षित रखते हुए अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संस्कृति विभाग ने वाद्य यंत्रों का सेट क्रय करके वितरित किया था।

उसमें से अवशेष 26 सेट वाद्य यंत्र भातखंडे संगीत संस्थान को और आजमगढ़ के हरिहर पुर स्थित संगीत विद्यालय को उपलब्ध करा दिए गए है। यह वाद्य यत्र वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रय किए गए थे। उन्होंने शेष जिलों में वाद्य यंत्र का सेट वितरित करने के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी की देख-रेख में नए वाद्य यंत्र क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नए वाद्य यंत्र की गुणवत्ता एवं टिकाऊपन की जांच के लिए विशेषज्ञों की भी राय ली जाए और क्रय करते समय वित्तीय अनुशासन एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में वाद्य यंत्र क्रय करने के लिए कार्यवाई शुरू कर दी गयी है। पर्यटन मंत्री ने रेडियों जयघोष की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए कार्यवाई शुरू की जाए। उन्होंने बताया कि रेडियो जयघोष की क्षमता बढ़ने से दूरस्थ स्थानों तक रेडियों जयघोष के कार्यक्रमों का श्रोताओं को लाभ मिलेगा। बैठक में यह भी बतायागया कि संगीत नाटक अकादमी द्वारा रिसोर्ट होटल से समन्वय किया जा रहा है तथा उप्र लोक जनजाति संस्कृति संस्थान के माध्यम से स्थानीय रिसोर्ट-होटल से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नवंबर माह में जिलों के विकास खण्डों में 1,111 प्रेरणा दिवस का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल: हर मंगलवार मनाया जा रहा है 'प्रेरणा दिवस'

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि नवंबर माह में जिलों के विकास खण्डों में 1111 प्रेरणा दिवस का आयोजन किया गया। इनमे 32,413 कैडर एवं 3164 कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में 836 शिकायत एवं सुझाव प्राप्त हुए, इसमें से 754 का निस्तारण कर दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 9,04,250 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। इसके अलावा 63,288 ग्राम संगठन एवं 3262 संकुल स्तरीय संघ का गठन किया गया है। इनमे ग्रामीण परिवारों की 99,21,175 महिलाएं लाभान्वित हो रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा मे क्रान्तिकारी कदम उठाये जा रहे है। स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उन्हे विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापो के माध्यम से न केवल स्वावलम्बी बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी मे लाने के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। समूहो की दीदियो को विभिन्न विभागो से समन्वय कर उनकी आमदनी मे इजाफा किया जा रहा है। दीदियो को उनके क्रियाकलापो व गतिविधियों मे किसी प्रकार की दिक्कत या अवरोध न आने पाये, उन्हे किसी प्रकार की कठनाई न होने पाये, इस दिशा मे उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सोच व मन्शा के अनुरूप विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार को 'प्रेरणा दिवस' का आयोजन किया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तर पर प्रत्येक महीने के प्रथम मंगलवार को समूह सखी, द्वितीय मंगलवार को बैंक सखी, एफएलसीआरपी (वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति) एवं विद्युत सखी, तृतीय मंगलवार को अजीविका सखी एवं उद्योग सखी और चतुर्थ मंगलवार को एफएनएचडब्ल्यू सीआरपी(खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, एवं स्वछता संसाधन व्यक्ति) की समीक्षा बैठक प्रेरणा दिवस के रूप में आयोजित की जा रही है।

# युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पाई नई सीख और प्रेरणा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मेरा युवा भारत, लखनऊ द्वारा आयोजित अंतर जनपद युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के चौथे दिन प्रतिभागी युवाओं ने राजधानी लखनऊ का व्यापक शैक्षिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक भ्रमण किया। पूरे दिन युवाओं में उत्साह और जिज्ञासा देखते ही बन रही थी।

भ्रमण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने जनेश्वर मिश्र पार्क, अम्बेडकर स्मारक पार्क, रेजीडेंसी, बड़ा इमामबाड़ा और लखनऊ संग्रहालय जैसे प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। प्रत्येक स्थल पर अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्व और प्रशासनिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी, जिससे युवाओं की दृष्टि और ज्ञान में सार्थक विस्तार हुआ। युवाओं ने न केवल लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत को नज़दीक से जाना, बल्कि आधुनिक शासन तंत्र और राज्य की विकास यात्रा को भी समझा।

प्रतिभागी युवाओं ने इस अनुभव को अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इस प्रकार का अवसर उनके नेतृत्व कौशल, सामाजिक समझ और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेरा युवा भारत, लखनऊ के उप निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सकारात्मक दृष्टिकोण, प्रशासनिक समझ और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# आप निकालेगी 'वोट बचाओ संविधान बचाओ' पदयात्रा: संजय सिंह



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ 21 से रामपुर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों से होकर गुजरेगी पदयात्रा

❖ 7500040004 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर आम आदमी पार्टी की पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं नागरिक

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ से ज्यादा वोट काटने की तैयारी चल रही है। यह सिर्फ वोट नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जब संविधान लिखा था, तब हर नागरिक को समान वोट का अधिकार दिया – राष्ट्रपति का वोट भी एक और गांव के मजदूर किसान का वोट भी एक। आज वही सबसे बड़ा अधिकार भाजपा सरकार द्वारा छीना जा रहा है। इसी अन्याय और वोट चोरी के खिलाफ आम आदमी पार्टी 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रामपुर से अमरोहा तक ''वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा'' निकाल रही है।

आप सांसद ने कहा कि जो भी नागरिक इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे मोबाइल नंबर 7500040004 पर मिस्ड कॉल देकर इसमें शामिल हो सकते हैं। संजय सिंह ने कहा कि संविधान में दिया गया यह सबसे बड़ा मौलिक अधिकार आज जनता से छीना जा रहा है। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रच रही है।

# नोएडा एयरपोर्ट से पश्चिमी यूपी की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तार, हजारों नौकरियों का रास्ता खुला



**पायनियर समाचार सेवा। जेवर (गौतमबुद्धनगर)**

❖ परियोजना में टाटा प्रोजेक्ट्स, इंडियन ऑयल और बर्ड ग्रुप सहित 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों की सहभागिता

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (ठक्अ) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का श्रेष्ठ उदाहरण बनने जा रहा है। यह विश्वस्तरीय ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट न सिर्फ दिल्ली-एनसीआर की वैश्विक कनेक्टिविटी को नई दिशा देने वाला है, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने परियोजना की प्रगति की लगातार समीक्षा करते हुए इसके समयबद्ध निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, ताकि जिन किसानों और परिवारों ने अपनी भूमि देकर इस सपने को साकार किया है, उन्हें अधिकतम लाभ मिल सके।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर परियोजना प्रभावित परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष कार्यक्रम लागू किए गए हैं। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (ठक्अछ) के नेतृत्व में पीपीपी मॉडल के तहत चल रही इस परियोजना में टाटा प्रोजेक्ट्स, इंडियन ऑयल और बर्ड ग्रुप सहित 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों की सहभागिता है। लगभग 5,000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें न्यूनतम मजदूरी, पीएफ, ईएसआई और ग्रेच्युटी जैसे सभी सरकारी लाभ शामिल हैं। पीएएफ युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए ऑनलाइन करियर पोर्टल पर 180 से अधिक उम्मीदवारों का पंजीकरण किया जा चुका है। तीन विशेष भर्ती शिविरों में 300 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 24 युवाओं को ऑफर लेटर जारी हुए हैं। यही नहीं, कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए आईटीआई जेवर को आधुनिकीकृत किया गया है, जहां पैसेंजर हैंडलिंग और रैंप ऑपरेशंस जैसे कोर्स संचालित किए गए।

# प्रयोगात्मक परीक्षकों की हो मैपिंग प्रक्रिया पूर्ण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 की तैयारियों को गति देते हुए समस्त जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि लेफ्टओवर/सप्लीमेंटी श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रेक्टिकल एक्जाम्नर मैपिंग की अनिवार्य समय-सीमा 9 दिसम्बर से 26 दिसम्बर निर्धारित की गई है, जिसे परीक्षा से पूर्व पूर्ण किया जाना है। प्रमुख सचिव ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रेक्टिकल एक्जाम्नर मैपिंग केवल उन परीक्षकों की की जाएगी जो एसआईडीएच पोर्टल पर विधिवत पंजीकृत हों। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं है, तो नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी तथा अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख, योग्यता तथा अनुभव की जांच कर अनुमोदन सुनिश्चित करेगी।

इस उद्देश्य से तीन सदस्यीय समिति गठित की गयी है जिसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य (अध्यक्ष), नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य (सदस्य), तथा जनपद के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक (सदस्य) हैं। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुसार ही परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी ताकि प्रयोगात्मक परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने सभी जिलाधिकारियों को से कहा है कि अधिक से अधिक परीक्षकों को एसआईडीएच पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए तथा परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार मैपिंग की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं में किसी प्रकार की देरी या परीक्षकों की कमी न होने पाए, इसके लिए संबंधित नोडल प्रधानाचार्य समयबद्ध रूप से कार्यवाही करें।

# नौकरी और रोजगार भाजपा के एजेंडे में नहीं है: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि नौकरी और रोजगार भाजपा के एजेंडे में नहीं है। भाजपा नौजवानों और युवाओं को लगातार धोखा दे रही है। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी नौजवानों को नौकरियां रोजगार मिलेगा।

अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रों के प्रस्तावित आंदोलन को नैतिक रूप से समर्थन देते हुए कहा कि हमारा समर्थन प्रतियोगी छात्रों के साथ हमेशा रहा है और रहेगा। ये राजनीति का नहीं युवाओं के भविष्य का सवाल है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। छात्र-नौजवान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते-करते निराश और हताश हो चुके हैं। शिक्षा विभाग से लेकर प्रदेश सरकार के तमाम विभागों में बड़ी संख्या में पद खाली हैं लेकिन भाजपा सरकार भर्तियां नहीं कर रही है। बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नौकरियां नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार नौजवानों से झूठे वादे करती आ रही है।

भाजपा नौकरी और रोजगार के मुद्दे पर बात नहीं करती है। वह समाज को बांटने और आपस में लड़ाने के लिए नए-नए मुद्दों में उलझाए रखना चाहती है। भाजपा विवादी पार्टी है। हर जगह विवाद खोजती है। झगड़ा लगाती है। जनता के मुद्दों से ध्यान हटाने का कार्य करती है।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण स्वास्थ्य तंत्र को देगा नई दिशा: आनंदीबेन

❖ राज्यपाल ने केजीएमयू के क्लिनिकल हिमेटोलॉजी विभाग में स्थापित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि केजीएमयू में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को नई दिशा देगा और आधुनिक, उन्नत व विश्वस्तरीय चिकित्सा को और अधिक सुलभ बनाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह यूनिट अनगिनत परिवारों के जीवन में नई रोशनी लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट का उपचार अभी भी अत्यंत महंगा है, और कई गरीब मरीज आर्थिक अभाव में उपचार से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में केजीएमयू की यह यूनिट प्रदेश ही नहीं, बल्कि दूर-दराज़ राज्यों के मरीजों के लिए भी जीवनदायी सहारा बनेगी।

राज्यपाल गुरुवार को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्लिनिकल हिमेटोलॉजी विभाग में स्थापित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का लोकार्पण कर रही थी। यह यूनिट आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त सीएसआर सहयोग से विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि रक्त विकार किसी जाति, वर्ग, आयु या सीमाओं में बंधे नहीं होते। ये रोग अबोध बच्चों की मुस्कान, युवाओं के सपनों और परिवारों की धैर्यशक्ति पर गहरा प्रभाव डालते हैं। ल्यूकेमिया, थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर रोग समय पर उपचार न मिलने पर जीवन के लिए चुनौती बन जाते हैं, और ऐसे में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण अंतिम आशा के रूप में सामने आता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में प्रतिवर्ष लाखों रोगियों को प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, परंतु सीमित सुविधाओं के कारण विशेषकर उत्तर प्रदेश में कई मरीजों को लंबी प्रतीक्षा और दूर-दराज़ की यात्रा का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में केजीएमयू लखनऊ में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना प्रदेश और देश के लाखों जरूरतमंद परिवारों के लिए नई आशा लेकर आई है। राज्यपाल ने केजीएमयू की कुलपति पद्मश्री डॉ. सोनिया नित्यानंद की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से एसजीपीजीआई, डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान और अब केजीएमयू में प्रत्यारोपण इकाइयों की स्थापना संभव हो सकी है।

उन्होंने आदित्य बिरला कैपिटल फाउंडेशन की अध्यक्ष राजश्री बिरला का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सीएसआर सहयोग से हेपा-फिल्टर युक्त स्वच्छ कक्षों का विस्तार किया जा रहा है। राज्यपाल ने कैनकिड्स किड्सकैन संस्था द्वारा बच्चों के कैंसर उपचार में दी जा रही परामर्श, पोषण, औषधि सहायता और देखभाल सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जब विज्ञान संवेदना से जुड़ता है और संस्थाएं सेवा का संकल्प लेकर कार्य करती हैं, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

## महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख अमित शाह से मिले



**भाषा। नागपुर**

भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य में होने वाले नगर निगम चुनाव से पहले संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की।इस दौरान उन्होंने शाह को राज्य में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी।

भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख का यह दौरा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच चुनाव तैयारियों को लेकर हुई चर्चा के बाद हुआ। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान शाह को फडणवीस और शिंदे के बीच हुई चर्चा की संक्षिप्त जानकारी दी गई।

भाजपा के स्थानीय निकाय चुनाव प्रभारी चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल - भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राकांपा (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

महाराष्ट्र में दो दिसंबर को हुए विभिन्न नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति के घटक दलों को कुछ स्थानों पर एक-दूसरे से कड़ी टक्कर मिली। कुछ क्षेत्रों में तो सत्तारूढ़ सहयोगियों के समर्थकों के बीच हाथापाई भी हुई।

उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानीय निकायों के चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक संपन्न होने हैं।

### दक्षिण अंडमान के बेओदनाबाद में सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे

# अमित शाह और संघ प्रमुख करेंगे अंडमान का दौरा

■ डीबीआरएआईटी में आयोजित एक कार्यक्रम में सावरकर पर एक गीत जारी करेंगे

**श्री विजय पुरम (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बृहस्पतिवार से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का दौरा करने की संभावना है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस दौरान वे विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाह और भागवत की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और कुछ क्षेत्रों में यातायात प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

भागवत श्री विजय पुरम के डॉलीगंज में संघ कार्यकर्ताओं के साथ कुछ देर बातचीत कर सकते हैं।

'सरसंघचालक' के रूप में यह द्वीपसमूह की उनकी पहली यात्रा होगी। भागवत ने लगभग दो दशक पहले 'सरकार्यवाह' के रूप में द्वीप समूह का दौरा किया था जबकि शाह की यह दूसरी यात्रा होगी।



शाह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर जनवरी 2023 में यहां आए थे।

अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को दोनों सुबह करीब साढ़े नौ बजे दक्षिण अंडमान के बेओदनाबाद में सावरकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और शाम को डॉ. बी. आर. आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान (डीबीआरएआईटी) में आयोजित एक कार्यक्रम में सावरकर पर एक गीत जारी करेंगे। भागवत 13 दिसंबर की शाम को श्री विजयपुरम स्थित आईटीएफ मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर सकते हैं और वह 14 दिसंबर को रवाना हो जाएंगे।

अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री 12 दिसंबर की रात या अगली सुबह द्वीप समूह से रवाना हो सकते हैं। यह पूरा कार्यक्रम महाराष्ट्र स्थित एक व्यापारिक समूह द्वारा सावरकर की प्रतिष्ठित कविता 'सागर प्राण तलमाला' (हे सागर, मेरी आत्मा तड़प रही है, मुझे मेरी मातृभूमि ले चलो) की रचना की 116वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सावरकर ने यह कविता 1909 में लिखी थी।

सावरकर को अंग्रेजों ने 1911 में पोर्ट ब्लेयर (जिसे अब श्री विजयपुरम के नाम से जाना जाता है) की सेलुलर जेल में कैद किया था।

## संदिग्ध आतंकी वित्तपोषण के संबंध में ठाणे में छापेमारी

**भाषा। मुंबई**



■ एटीएस ने 19 मोबाइल फोन और कट्टरपंथ से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किए हैं

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने संदिग्ध आतंकी वित्तपोषण के संबंध में बृहस्पतिवार को ठाणे जिले के पडघा में संयुक्त रूप से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के से ही भिवंडी क्षेत्र के पडघा में तलाशी ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि पडघा के बोरीवली गांव में एटीएस द्वारा पहले चलाए गए कुछ अभियानों के आधार पर ही यह कार्रवाई की गयी है।

अधिकारी ने बताया कि कई संदिग्धों के आवासों की तलाशी ली जा रही है और ईडी धन के संदिग्ध लेनदेन के बारे में पूछताछ कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि एटीएस संघीय एजेंसी के जांचकर्ताओं की सहायता कर रही है।

इस साल जून में एटीएस ने ठाणे ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर पडघा के बोरीवली में 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन और प्रतिबंधित संगठन के अन्य संदिग्ध सदस्यों व समर्थकों सहित 22 लोगों के आवासों पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया था।

अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने 19 मोबाइल फोन और कट्टरपंथ से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री एवं दस्तावेज जब्त किए हैं।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भी दो साल पहले कुछ आतंकी गतिविधियों के सिलसिले में पडघा में छापेमारी की थी।

एनआईए ने पडघा से साकिब नाचन को गिरफ्तार किया था जिसकी दिल्ली के एक अस्पताल में इस साल जून में मौत हो गयी थी।

## गीता पाठ कार्यक्रम में चिकन पैटी विक्रेताओं से मारपीट

**कोलकाता (भाषा)।** कोलकाता पुलिस ने शहर में हाल ही में आयोजित एक गीता पाठ कार्यक्रम में दो खाद्य विक्रेताओं पर हमला करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मैदान पुलिस थाने में दर्ज कराई गई दो शिकायतों के आधार पर बुधवार रात को गिरफ्तारियां की गईं।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''तीनों व्यक्ति सात दिसंबर को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 'सनातन संस्कृति संसद' द्वारा आयोजित पांच लाख कंठों द्वारा गीता पाठ कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।'' कोलकाता के टॉपसिया इलाके और हुगली जिले के आरामबाग के रहने वाले शिकायतकर्ता 'चिकन पैटी' बेचने के लिए कार्यक्रम स्थल पर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि युवकों के एक समूह ने उन्हें रोका, धार्मिक आयोजन में मांसाहारी भोजन बेचने पर सवाल उठाए और उसने मारपीट की।'' हमलावरों ने उनका सारा सामान फेंक दिया और उन्हें उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया।

## 'बींदणी' शो में रानी चटर्जी की होगी एंट्री

**भाषा। मुंबई**

कभी-कभी कहानी को पलटने के लिए बस एक दमदार एंट्री ही काफी होती है। सन नियो के लोकप्रिय शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में आग, साहस और तीखे जज़्बातों से भरा एक नया तूफान आने वाला है।इस तूफान का नाम है 'ज्वाला' और इस दमदार किरदार को निभा रही हैं मशहूर अभिनेत्री रानी चटर्जी। उनकी एंट्री शो की पूरी दिशा बदल कर रख देगी, जब एक निडर और मजबूत महिला कहानी के केंद्र में नज़र आएगी।

अपने किरदार को लेकर रानी चटर्जी कहती हैं, ₹शो पिछले कई महीनों से ऑन-एयर है और लोगों द्वारा इसे बहुत पसंद भी किया जा रहा है, लेकिन मैं यकीन से कह सकती हूँ कि मेरी एंट्री के बाद यह कहानी एक मजबूत और रोमांचक मोड़ लेगी। ज्वाला की एंट्री इस शो में बड़ा बदलाव लाएगी। 'ज्वाला' का नाम ही इस किरदार की ताकत को दर्शाता है, जिसमें एक ऐसी आग और शक्ति है,



जो मुझे भी काफी प्रेरित करती है।₹

वे आगे कहती हैं, ₹असल ज़िंदगी में भी मैं हमेशा स्वतंत्र और मजबूत रही हूँ। मैं ऐसे किरदार नहीं करना चाहती, जहाँ महिलाएँ सिर्फ रोती रहें या फिर सब कुछ चुपचाप सहती रहें। मैं चाहती हूँ कि महिलाएँ पर्दे पर भी साहसी और सशक्त दिखें। ज्वाला उसी का प्रतीक है। वह एक ऐसी माँ है और ऐसी स्त्री है, जो अपने बच्चे के लिए ईश्वर से भी लड़ सकती है। ज्वाला की एंट्री से ठाकुर हाउस की शांति चकनाचूर हो जाएगी। वह अचानक घर में घुसकर सभी को बंदूक की नोंक पर घेर लेती है और डर और तनाव फैल जाता है।

## तांत्रिक अनुष्ठान : तीन की मौत, तांत्रिक समेत चार हिरासत में



**कोरबा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पुलिस ने फार्म हाउस से एक कबाड़ कारोबारी समेत तीन लोगों का शव बरामद किया है। आशंका है कि ये मौतें पैसे दोगुने करने का वादा करने वाले एक तांत्रिक अनुष्ठान से जुड़ी हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक तांत्रिक समेत चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। कोरबा जिले के निवासी कबाड़ कारोबारी मोहम्मद अशरफ मेमन, सुरेश साहू और दुर्ग जिले के निवासी नीतीश कुमार, जिनकी उम्र 40 से 45 साल के बीच थी, के शव उर्गा पुलिस थाना इलाके के कुदरी गांव में मेमन के फार्म हाउस से बुधवार देर रात बरामद किए गए।

## पुणे भूमि सौदा : निलंबित तहसीलदार और पावर ऑफ अटॉर्नी धारक से पूछताछ

**भाषा। पुणे**

■ पुणे के विवादास्पद भूमि सौदे के सिलसिले में निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येवले और 'पावर ऑफ अटॉर्नी' धारक शीतल तेजवानी से संयुक्त रूप से पूछताछ की है

पुलिस ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी एक कंपनी से संबंधित पुणे के विवादास्पद भूमि सौदे के सिलसिले में निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येवले और 'पावर ऑफ अटॉर्नी' धारक शीतल तेजवानी से संयुक्त रूप से पूछताछ की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

खड़क थाने में दर्ज मामले में येवले, तेजवानी और 'अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी' के साझेदार दिग्विजय पाटिल आरोपी हैं। पार्थ पवार अमाडिया एंटरप्राइजेज में सबसे बड़े साझेदार हैं लेकिन प्राथमिकी में उनका नाम नहीं है।पाटिल, पार्थ पवार के व्यापारिक साझेदार और संबंधी हैं।

भूमि विक्रेताओं की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी (पीओए) धारक तेजवानी को तीन दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और वह 11 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में हैं।

इस मामले की जांच कर रही पुणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बुधवार को येवले और तेजवानी से पूछताछ की।

मुंडवा के पॉश इलाके में 40 एकड़ जमीन को अमाडिया एंटरप्राइजेज को 300 करोड़ रुपये में बेचने का मामला पिछले महीने तब जांच के दायरे में आया जब यह पता चला कि यह जमीन सरकार की है और बेची नहीं जा सकती। आरोप यह भी है कि कंपनी को 21 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान करने से भी छूट दी गई थी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि येवले को ईओडब्ल्यू कार्यालय में तलब किया गया और उनसे तथा तेजवानी से एक साथ पूछताछ की गई। निलंबित तहसीलदार से उस नोटिस के बारे में पूछताछ की गई जो उन्होंने 40 एकड़ जमीन के पट्टेदार भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) को जारी किया था, जिसमें उन्हें जमीन खाली करने के लिए कहा गया था।

अधिकारी के अनुसार, अमाडिया एंटरप्राइजेज से एक पत्र प्राप्त होने के बाद येवले ने जिला कलेक्टर कार्यालय को मामले की सूचना देने के बजाय सरकारी अनुसंधान संस्थान बीएसआई को बेदखली का नोटिस भेज दिया। पत्र में कहा गया था कि सौदे के बाद कंपनी भूमि की नई मालिक है,

पावर ऑफ अटॉर्नी धारक तेजवानी ने यह जानते हुए भी कि भूमि राज्य सरकार की है, उसे अमाडिया एंटरप्राइजेज को बेच दिया।

इस सौदे के सामने आने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पिछले महीने कहा था कि पार्थ और उनके कारोबारी साझेदार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि जमीन सरकार की है। उन्होंने दावा किया कि विवादित सौदा रद्द कर दिया गया है।

## केरल : स्थानीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान शुरू

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल के सात जिलों में महत्वपूर्ण स्थानीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बृहस्पतिवार सुबह शुरू हो गया। त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड, मलप्पुरम, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के 18,274 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जिसमें मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान शाम छह बजे खत्म होगा।

स्थानीय निकाय चुनाव को कई चुनाव विश्लेषक अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देख रहे हैं।

दूसरे चरण में 1.53 करोड़ से अधिक मतदाता ग्राम पंचायतों, ब्लॉक पंचायतों, जिला पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों सहित 604 स्थानीय निकायों के 12,931 वार्ड में प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। इस चुनाव में कुल 38,994 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में पहले चरण का मतदान नौ दिसंबर को संपन्न हुआ। परिणाम 13 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

# कारोबार

## फेडरल रिजर्व ने प्रमुख ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार कटौती की



**वॉशिंगटन (एपी)।** फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दर में लगातार तीसरी बार बुधवार को एक चौथाई अंक की कटौती की लेकिन संकेत दिया कि वह आने वाले महीनों में दरों को यथावत रख सकता है। ब्याज दर में कटौती के बाद यह घटकर करीब 3.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछले लगभग तीन वर्ष में सबसे कम है। ब्याज दरों में कटौती से उधार लेने की लागत कम हो सकती है, हालांकि बाजार की ताकतें भी इन दरों को प्रभावित कर सकती हैं। पॉवेल ने संवाददाता सम्मेलन में संकेत दिया कि अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के बाद, आगामी महीनों में वह ब्याज दरों में और कटौती नहीं करेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इस कटौती की आलोचना करते हुए इसे बेहद कम बताया और कहा कि वह 'कम से कम दोगुनी' कटौती चाहते हैं। राष्ट्रपति इस महीने के अंत तक एक नए फेड प्रमुख का नाम घोषित कर सकते हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत के एआई परिवेश को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और कर रहा मजबूत



**बेंगलुरु (भाषा)।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सत्य नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और एआई-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। 'माइक्रोसॉफ्ट' के एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा, ''हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें। यह 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश है।'' नडेला ने इसे एशिया में माइक्रोसॉफ्ट का सबसे बड़ा निवेश बताया। उन्होंने देश भर में कंपनी के 'क्लाउड नेटवर्क' के तेजी से विस्तार पर जोर दिया।

## कोका-कोला ने अपने सीओओ हेनरिक ब्रौन को सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की

**वॉशिंगटन (एपी)।** कोका-कोला ने अपने मुख्य परिचालन अधिकारी हेनरिक ब्रौन को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बुधवार को जानकारी दी। अटलांटा स्थित पेय पदार्थ कंपनी ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने 31 मार्च से सीईओ का पदभार संभालने के लिए हेनरिक ब्रौन का चयन किया है। कोका-कालो के वर्तमान चेयरमैन एवं सीईओ जेम्स क्विन्सी अब कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन का पदभार संभालेंगे। ब्रौन (57) कोका-कोला में तीन दशकों से कार्यरत हैं। इस वर्ष की शुरुआत में मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) का पदभार संभालने से पहले उन्होंने ब्राजील, लैटिन अमेरिका, ग्रेटर चाइना तथा दक्षिण कोरिया में परिचालन का नेतृत्व किया।

## अमूर्त सांस्कृतिक विरासत 'इतालवी पाक कला' सूची में

**नई दिल्ली (भाषा)।** यूनेस्को ने 'इतालवी पाक कला' को अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय लाल किले में आयोजित यूनेस्को की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया, जिसमें भारत की यात्रा पर आए देश के उप प्रधानमंत्री एंतोनियो ताजानी ने हिस्सा लिया। यूनेस्को ने कहा कि पाक कला परंपराओं का एक सांस्कृतिक और सामाजिक मिश्रण, यह तत्व कच्चे माल के उपयोग और पारंपरिक भोजन तैयार करने की तकनीकों से जुड़ा है।' उसने कहा कि इतालवी खाना पकाना एक सामुदायिक गतिविधि है जो भोजन के साथ घनिष्ठता, सामग्रियों के प्रति सम्मान और खाने की मेज के आसपास साझा किए गए पलों पर जोर देती है।

## स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं

**भाषा। न्यूयॉर्क**

विश्व प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ और कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण में विकास और चिकित्सा उपकरण जैसे विभिन्न स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा, 'हम अब उस मुकाम पर हैं, जहां मुझे लगता है कि समय आ गया है... यह भारत का समय है। मैं स्वयं इस दिशा में पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और मेरा मानना है कि जो भी भारत की ओर देख रहा है, उसे आगे बढ़ना चाहिए, समय बर्बाद नहीं करना चाहिए क्योंकि यहां अवसर अपार हैं।' मेदांता के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ.



त्रेहन ने पिछले सप्ताह यहां एक वार्ता के दौरान यह बात कही। न्यूयॉर्क में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पिछले सप्ताह 'विकसित भारत 2047 में स्वास्थ्य सेवा' शीर्षक से यह कार्यक्रम आयोजित किया था।

डॉ. त्रेहन ने भारत-अमेरिका के बीच स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग के अवसरों को रेखांकित करते हुए एआई, प्रौद्योगिकी, औषधि निर्माण में विकास, चिकित्सा उपकरण और इलाज के लिए आवाजाही जैसे क्षेत्रों की ओर इशारा किया, जहां दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं। डॉ. त्रेहन ने कहा, 'अमेरिका-भारत के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आज एल्गोरिदम इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि विश्लेषण को कम समय में किया जा सकता है और डेटा को पहले की तुलना में 1000 गुना कम समय में संसाधित किया जा सकता है। डॉ. त्रेहन ने कहा, 'अगर यही एआई की ताकत है, तो आप देख सकते हैं कि इसे स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और स्वास्थ्य संबंधी पूर्वानुमान लगाने में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत को इस क्षेत्र में आगे बढ़ना है और मुझे लगता है कि इसमें अमेरिका की बड़ी भूमिका है क्योंकि एआई या आईटी का उद्गम चाहे कहीं भी हो, अमेरिका के पास इसे वास्तविक कार्यशील मॉड्यूल में बदलने की क्षमता है।'

## वंदे मातरम पर पीएम और उनकी 'ब्रिगेड' के झूठ का पर्दाफाश हुआ

**भाषा। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि संसद के दोनों सदनों में वंदे मातरम् पर विस्तृत चर्चा के बाद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी 'ब्रिगेड' के झूठ का पर्दाफाश हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'लोकसभा और राज्यसभा में वंदे मातरम् पर तीन दिन तक चर्चा हो चुकी है। कुछ भाषणों में राष्ट्रगान का भी जिक्र हुआ।' उन्होंने दावा किया कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री और उनकी पूरी ₹ब्रिगेड₹ ने राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान पर दो निश्चित और आधिकारिक किताबें नहीं पढ़ी हैं जो भारत के दो बेहतरीन इतिहासकारों ने लिखी हैं।



उन्होंने रुद्रांग्शु मुखर्जी की 'सॉन्ग ऑफ इंडियाः ए स्टडी ऑफ द नेशनल एंथम' और सब्यसाची भट्टाचार्य की 'वंदे मातरम् ' के कवर पेज के स्क्रीनशॉट साझा किए।

रमेश ने कटाक्ष किया, 'यह उम्मीद करना थोड़ा ज्यादा हो जाएगा कि पूरी तरह से आहत होने और अपने झूठ का पर्दाफाश होने के बाद भी वे ऐसा (किताबें पढ़ेंगे) करेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया था कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए गए।

मोदी ने यह भी कहा था, ''कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे पर झुकी, इसलिए उसे एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा।''

## आरबीआई की अनुकूल नीति ने बिजनेस के माहौल को और मजबूत बनाया

**भाषा। इंदौर**

■ ग्राहकों के लिए बेहतर सेवाएँ और सुरक्षित निवेश के फायदे

हर कोई चाहता है कि बैंक में उसके पैसे सुरक्षित हों और सेवाएँ आसान और भरोसेमंद हों। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस साल की शुरुआत में यही भरोसा दिखाया और ग्राहकों को बेहतर अनुभव दिए। सुरक्षित और माइक्रो फाइनेंस कारोबार में लगातार सुधार से न सिर्फ बैंक की स्थिति मजबूत हुई, बल्कि ग्राहकों और निवेशकों के फायदे भी बढ़े।

इसके बारे में विस्तार से बताते हुए, सदानंद बालकृष्ण कामथ, चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, ने कहा, उज्जीवन के लिए कैलेंडर वर्ष की शुरुआत सुरक्षित कारोबार की तेज़ प्रगति और एमएफआई बिज़नेस में बेहतरीन पोर्टफोलियो क्वालिटी के साथ हुई। सुरक्षित कारोबार और एमएफआई, दोनों में हर तिमाही लगातार बेहतर बिज़नेस मोमेंटम देखने को मिला। बैंक की क्रेडिट ग्रोथ 9 महीने में 13% दर्ज की गई, जो सिस्टम लेवल क्रेडिट ग्रोथ से बेहतर रही। डिपॉज़िट की गति भी मजबूत बनी रही और बैंक ने रेपो रेट का फायदा लेते हुए कम लागत पर डिपॉज़िट्स जुटाए। बैंक की एसेट क्वालिटी स्थिर रही, क्योंकि एसएमए बुक हर तिमाही घटती गई और एमएफआई बकेट एक्स की कलेक्शन एफिशिएंसी तनाव वाले दौर के बाद फिर से 99.5% और उससे ऊपर सामान्य स्तर पर पहुँचने लगी। इससे बैंक की लाभप्रदता में लगातार सुधार देखने को मिला, जो कि मार्च 2025 की तिमाही में 83 करोड़ रुपए से बढ़कर सितंबर 2025 की तिमाही में 122 करोड़ रुपए हो गई। उन्होंने बताया कि उज्जीवन ने डेटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल से अपनी क्षमताओं को और भी बेहतर बनाया है।

## नोबेल पुरस्कार समारोह के बाद समर्थकों से मिलीं मचाडो

**एजेंसी ओस्लो**

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो 11 महीनों में पहली बार बृहस्पतिवार सुबह सार्वजनिक रूप से दिखाई दीं, जब उन्होंने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में एक होटल की बालकनी से अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

इससे कुछ ही घंटे पहले उनकी बेटी ने उनकी ओर से नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार किया था। इसके बाद मचाडो और उनके समर्थकों ने होटल के बाहर वेनेजुएला का राष्ट्रगान गाया। जैसे ही वह बाहर आईं और समर्थकों से हाथ मिलाया तो वहां 'स्वतंत्रता' और 'आपका शुक्रिया' के नारे लगने लगे। मचाडो अपने परिवार और करीबी सहयोगियों के साथ कई



मिनट तक समर्थकों के बीच रहीं। वह नौ जनवरी से छिपकर रह रही थीं जब काराकास में एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर उन्हें कुछ देर के लिए हिरासत में लिया गया था।

नोबेल वेबसाइट पर जारी एक ऑडियो संदेश में मचाडो ने बताया कि वह समय पर समारोह में नहीं पहुंच सकीं, लेकिन ''कई लोगों ने अपनी जान जोखिम में डाली'' ताकि वह ओस्लो पहुंच सकें।

## बस से ऑटो रिक्शा की टक्कर, तीन की मौत

**कोल्लम (केरल) (भाषा)।** केरल के आंचल में बुधवार देर रात को एक ऑटो रिक्शा की बस से टक्कर होने के बाद तिपहिया वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान अक्षय (23), ज्योति लक्ष्मी (21) और श्रुति लक्ष्मी (16) के रूप में हुई है। सभी करावलूर के निवासी थे।

पुलिस के अनुसार, ऑटो रिक्शा चला रहा अक्षय वाहन से नियंत्रण खो बैठा और आंध्र प्रदेश से भगवान अयप्पा के श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस से जा टकराया। श्रद्धालु सबरीमला तीर्थयात्रा के बाद लौट रहे थे तभी पुनालुर-आंचल मार्ग पर देर रात करीब एक बजे यह दुर्घटना हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### गल्फ जायंट्स ने शारजाह वॉरियर्स को छह विकेट से हराया

**दुबई।** बाएं हाथ के स्पिनर अयान खान की शानदार गेंदबाजी और रहमानुल्लाह गुरबाज के अर्धशतक की मदद से गल्फ जायंट्स ने यहां आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में शारजाह वॉरियर्स को छह विकेट से हरा दिया।वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 157 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जॉनसन चार्ल्स (32 गेंदों में 36 रन), कुसल मेंडिस (15 गेंदों में 23 रन) और ड्वेन प्रिटोरियस (17 गेंदों में 36 रन) ही कुछ योगदान दे पाए।संयुक्त अरब अमीरात के स्पिनर अयान खान ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। जायंट्स ने 19.4 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। गुरबाज (36 गेंदों में 50 रन) और जेम्स विंस (28 गेंदों में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर जायंट्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों के अलावा गेरहार्ड इरास्मस (18 गेंदों में 15 रन) और अजमतुल्लाह उमरजई (21 गेंदों में 28 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### बेमबेम व आशालता एशिया की सर्वकालिक 'ड्रीम इलेवन' के लिए नामांकित

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल की दिग्गज खिलाड़ी बेमबेम देवी और आशालता देवी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एशियाई फुटबाल परिसंघ (एएफसी) महिला एशियाई कप की सर्वकालिक 'ड्रीम इलेवन' फुटबॉल टीम के लिए नामांकित किया गया है। पद्म श्री से सम्मानित होने वाली एकमात्र भारतीय महिला फुटबॉलर पूर्व कप्तान बेमबेम 'ड्रीम इलेवन' टीम के लिए नामांकित 12 मिडफील्डरों में से एक हैं।बेमबेम और आशालता दोनों मणिपुर से हैं, जो देश में महिला फुटबॉल का एक प्रमुख केंद्र है।एएफसी ने एक बयान में कहा, दो दशकों से अधिक समय तक के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान बेमबेम देवी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी की नायिका थीं।बयान में कहा गया है, "वह 2003 में एएफसी महिला एशियाई कप में भारतीय टीम की कप्तान थीं और उन्हें दो बार एआईएफएफ महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है। उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान मिले हैं।आशालता ने 2022 में भारत में महिला एशियाई कप में भारतीय टीम की कप्तानी की।

### रूपा बायर करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचीं

**नईदिल्ली।** एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता रूपा बायर नवीनतम विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचने वाली भारत की पहली ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नौ थी। अरुणाचल प्रदेश की 24 वर्षीय बायर ने 29 से 30 नवंबर तक ऑस्ट्रिया के इंसब्रुक में आयोजित किए गए विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप यूरोप में कांस्य पदक जीता था।उन्होंने इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया ओपन ताइक्वांडो टूर्नामेंट में भी कांस्य पदक हासिल किया था। वह पूमसे वर्ग में भाग लेती हैं।पूमसे ताइक्वांडो का एक गैर-लड़ाकू स्वरूप है जिसमें प्रतियोगी जिम्नास्टिक की तरह अपने ' मूव ' का प्रदर्शन करता है। इसका मूल्यांकन जजों के एक पैनल द्वारा किया जाता है। यह प्रारूप वर्तमान में ओलंपिक श्रेणी में शामिल नहीं है, लेकिन यह एशियाई खेलों का हिस्सा है।मुंबई में इंडो-कोरियन ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाली बायर को इस साल अप्रैल में खेल मंत्रालय के लक्ष्य एशियाई खेल ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया गया था।वह सभी श्रेणियों में विश्व रैंकिंग के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं।

### आईडब्ल्यूएल 20 दिसंबर से कोलकाता में शुरू

**नईदिल्ली।** इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल टूर्नामेंट 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल स्टेट ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में खेला जाएगा। इसके पहले मैच में सेथू एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि आईडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जाएगा। इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी। कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जाएंगे। आईडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा जिससे सीनियर और अंडर20 महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। भारत की यह दोनों टीम अपनी अपनी श्रेणियों में अगले साल एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेंगी।

### श्री वृंदा ग्रुप बना यूपी ब्रज स्टार्स का नया सह-मालिक




**नई दिल्ली।** बिग क्रिकेट लीग के आगामी सीजन-2 के लिए यूपी ब्रज स्टार्स ने श्री वृंदा ग्रुप को अपने नए सह-मालिक के रूप में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा की है। यह साझेदारी मार्च 2026 से प्रभावी होगी। लीग की छह फ्रेंचाइज़ियों में से एक यूपी ब्रज स्टार्स पहले सीजन से ही सबसे सफल टीमों में गिनी जाती है। पहले वर्ष टीम ने इमरान ताहिर को मार्की खिलाड़ी के रूप में चुना था, जबकि शिखर धवन, सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी ने लीग को नई पहचान दी। साथ ही कई शौकिया खिलाड़ियों की सफलता की कहानियों ने लीग को और प्रेरक बनाया। साझेदारी के दौरान श्री वृंदा ग्रुप के प्रबंध निदेशक राघव अग्रवाल ने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा लोगों को सपने साकार करने का अवसर देना रहा है और बिग क्रिकेट लीग भी इसी भावना को मजबूत करती है। टीम ओनर नेत्रपाल सोलंकी ने इस सहयोग को उत्तर प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि श्री वृंदा ग्रुप से जुड़ाव टीम के प्रयासों में नई ऊर्जा जोड़ेगा।लीग के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा प्रताप सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारतीय शौकिया क्रिकेट के भविष्य को और मजबूत करेगी। वहीं सीईओ अनिरुद्ध चौहान ने इसे लीग और ब्रज स्टार्स दोनों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और विश्वास जताया कि सीजन-2 में यह सहयोग बेहतरीन मुकाम हासिल करेगा।

# डिकॉक के 90 रन, द.अफ्रीका ने बनाए चार विकेट पर 213 रन

**मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)।** दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक (90 रन) की तेज तर्रार अर्धशतकीय पारी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन का स्कोर खड़ा किया। डिकॉक की 46 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जड़े थे। उनके अलावा डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन, कप्तान एडन मारक्रम ने 29 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों में वरुण चक्रवर्ती ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया।

डिकॉक अलग ही रंग में नजर आए और उन्होंने शानदार पारी खेली। हालांकि, वह शतक लगाने से चूक गए। अंत के ओवरों में फेरेरा और मिलर ने आक्रामक बल्लेबाजी की और दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन जोड़े। बुमराह के आखिरी ओवर में 18 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने भारत के सभी गेंदबाजों को निशाना बनाया। भारत के लिए सिर्फ वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को ही सफलता मिली, बाकी अन्य गेंदबाज खाली हाथ रहे। वरुण को दो और अक्षर को एक विकेट मिला। भारत के लिए इस मैच में सबसे महंगे अर्शदीप सिंह रहे जिन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और एक भी विकेट नहीं ले सके। दिलचस्प बात यह रही कि उन्होंने अपने स्पैल में नौ वाइड गेंद डाली और उनकी इकॉनॉमी 13.50 की रही। हार्दिक टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे करने से एक कदम दूर थे, लेकिन इस मैच में सफलता नहीं मिलने से उनका 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरा करने का इंतजार बढ़ गया है।




### न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में युवराज और हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड

**मुल्लांपुर।** विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस मौके पर मौजूद थे। युवराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए भी देखा गया। स्टेडियम में युवराज के पूर्व साथी हरभजन सिंह के नाम पर पहले से एक पवेलियन है और अब बृहस्पतिवार को साइटस्क्रीन के दूसरी तरफ हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड भी शामिल हो गया।

### टी20 विश्व कप 2026 के टिकट की कीमत 100 रु से बिक्री शुरू

**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है जिसमें कुछ जगहों के लिए पहले चरण में कीमत 100 रुपये या 1000 श्रीलंकाई रुपये जितनी कम रखी गई है। भारत और श्रीलंका सात फरवरी से आठ मार्च तक मिलकर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। आईसीसी ने अपने प्लेटफॉर्म पर टी20 विश्व कप के 10वें चरण के टिकटों की बिक्री की घोषणा की जिसमें 20 टीम का टूर्नामेंट आठ जगहों पर खेला जाएगा।भारत में विश्व कप के लिए अहमदाबाद, चेन्नई, नयी दिल्ली, मुंबई व कोलकाता मेजबान शहर होंगे जबकि श्रीलंका में कोलंबो (दो जगह) और कैंडी दो स्थान होंगे।

### सिंधू और लक्ष्य बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में

**नईदिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को तीन से आठ फरवरी तक चीन के किंगदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में गत चैंपियन है जबकि पुरुष टीम ने अतीत में दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक बयान में कहा, ''रैंकिंग, प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर चुनी गई महिला टीम की अगुवाई एक बार फिर पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु करेंगी दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी होंगे जबकि किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली को भी जगह मिली है।सात्विक-चिराग पुरुष युगल वर्ग में अगुवाई करेंगे जिसमें गुवाहाटी मास्टर्स के उप विजेता साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय के साथ हरिहरन अमसाकरुणन भी शामिल हैं। महिला वर्ग में सिंधु को एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा, रक्षिता श्री संतोष रामराज और मालविका बंसोड़ का साथ मिलेगा। सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय चैंपियन गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली महिला युगल में भारत की अगुवाई करेंगी जबकि प्रिया कोंजेंगबम, श्रुति मिश्रा और तनीषा क्रास्टो को भी टीम में जगह मिली है।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**पुरुषः** लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, प्रणय एचएस, थारुन मन्नेपल्ली, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय, साई प्रतीक के, हरिहरन अमसाकरुणन।

**महिलाः** पीवी सिंधु, उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री संतोष रामराज, मालविका बंसोड़, त्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद, प्रिया कोंजेंगबम, श्रुति मिश्रा, तनीषा क्रास्टो।

### डेब्यू टेस्ट में मिच हे ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में दिलाई बढ़त

**वेलिंगटन।** मिच हे ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अपनी पहली पारी में ही 61 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 73 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के 205 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए हैं और वह अभी न्यूजीलैंड से 41 रन पीछे है।स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 15 और केवम हॉज तीन रन पर खेल रहे थे। माइकल रे ने जॉन कैंपबेल (14) को बोल्ड किया जबकि जैकब डफी ने नाइटवॉचमैन एंडरसन फिलिप (00) को एलबीडब्ल्यू आउट किया।सात एकदिवसीय और 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके विकेटकीपर बल्लेबाज मिच हे को चोटिल टॉम ब्लंडेल के स्थान पर टेस्ट क्रिकेट में मौका दिया गया। उन्होंने अपने चयन को सही साबित किया तथा 93 गेंदों का सामना करके नौ चौके और एक छक्का लगाया। न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी बिना किसी नुकसान के 24 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान टॉम लैथम (11) ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए लेकिन उनके सलामी जोड़ीदार डेवोन कॉनवे ने 60 रन की उपयोगी पारी खेली। पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने 37 रन बनाए। दिन के पांचवें ओवर में केमार रोच की गेंद पर लैथम बोल्ड हो गए। गेंद ऑफ स्टंप के बाहर से तेजी से अंदर की ओर आई और उनके रक्षात्मक शॉट को भेद गई। विलियमसन को फिलिप ने बोल्ड किया। कॉनवे ने लंच से पहले 87 गेंदों में अपना 15वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया, जो वेस्ट इंडीज के खिलाफ उनका पहला अर्धशतक है। इसके बाद दूसरे सत्र की शुरुआत में ही कॉनवे और रचिन रविंद्र (05) लगातार ओवरों में आउट हो गए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 117 रन हो गया।मिच हे और डैरिल मिशेल (25) ने पांचवें विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। ग्लेन फिलिप्स ने रोस्टन चेज़ की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच आउट होने से पहले 18 रन बनाए। जैक फाउल्क्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

### स्पोर्ट्स कॉलेज के छह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूल टीम में चयनित

पायनियर संवाददाता। लखनऊ

स्कूल नेशनल हॉकी अंडर-14 टीम में स्पोर्ट्स कॉलेज के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय स्कूल हॉकी अंडर-14 चैंपियनशिप 22 से 27 दिसंबर तक मध्य प्रदेश में आयोजित की जायेगी। इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाली राष्ट्रीय हॉकी टीम में गोल कीपर अमरजीत तिवारी, विवेक कुमार तिवारी, प्रदीप, कृष्णा, रइयान खान, मो. दानिश को जगह मिली है। सभी खिलाड़ी कॉलेज में पिछले तीन वर्षों से अभ्यास कर रहे हैं। प्रशिक्षक के अनुसार इस चैंपियनशिप की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सितंबर में झांसी में हुई थी, जिसमें यूपी टीम विजेता बनी।

### जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में देश के लिए पदक जीत अजीत ने पूरा किया बड़े भाई का सपना

पायनियर संवाददाता। लखनऊ

लखनऊ के युवा हॉकी खिलाड़ी अजीत यादव ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। चेन्नई में अर्जेंटीना पर मिली जीत के बाद भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया और इसी जीत के साथ अजीत ने वह सपना पूरा किया, जो कभी उनके बड़े भाई अजय यादव ने देखा था।

कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 10वीं तक पढ़ाई करने वाले अजीत ने यहीं से हॉकी की शुरुआत की। पिछले सात वर्षों से कोच धर्मेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में हॉकी का प्रशिक्षण लेते हुए उन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर जूनियर भारतीय टीम में जगह बनाई। टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों में उन्होंने फारवर्ड लाइन पर खेलते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और एक गोल भी दागा। अजीत इस समय दिल्ली में अभ्यास कर रहे हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य अतुल सिन्हा के अनुसार वह वर्तमान में कॉलेज में 12वीं के छात्र हैं। अजीत के पिता किसान हैं और बड़े भाई अजय यादव भी बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। अजय ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए नेहरू कप में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता था। लेकिन घुटने की गंभीर चोट के कारण उनका खेल करियर थम गया और ओलंपिक में भारत की ओर से खेलने का उनका सपना अधूरा रह गया। इसी सपने को आगे बढ़ाने के लिए, अजीत ने हॉकी स्टिक उठाई और लगातार मेहनत कर देश के लिए पदक जीत लिया।



अजीत यादव (बाएं) कोच धर्मेंद्र कुमार के साथ

> यूपी से लगातार प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी उभरकर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में अजीत यादव भारतीय टीम का हिस्सा बने और अपने दमदार प्रदर्शन से न सिर्फ यूपी बल्कि कॉलेज का नाम भी रोशन किया।
> – अतुल सिन्हा, प्रधानाचार्य, गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज

### ऑस्ट्रेलिया की अंडर19 विश्व कप टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी

**मेलबर्न।** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे श्रृंखला में भारत के खिलाफ खेली थी।भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं।ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा,आईसीसी अंडर19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारा ध्यान ऐसे खिलाड़ियों के चयन पर रहा है जिनके कौशल एक-दूसरे के पूरक हों और जिनसे हम टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं।उन्होंने कहा, जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उन्होंने सितंबर में भारत के खिलाफ अंडर19 श्रृंखला और हाल ही में पर्थ में खेली गई राष्ट्रीय अंडर19 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था।ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम जनवरी की शुरुआत में नामीबिया पहुंचेगी और नौ से 14 जनवरी तक अभ्यास मैच खेलेगी।



## वैभव सूर्यवंशी होंगे आकर्षण का केंद्र

अंडर-19 एशिया कप

**दुबई।** भारत के एशिया कप अंडर-19 अभियान की अगुवाई युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे करेंगे लेकिन सभी का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन युवा खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की इजाजत देगा या नहीं। मुंबई और चेन्नई सुपरकिंग्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी तो वहीं रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच निश्चित रूप से जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक सुर्खियां बटोरेगा जिसे अगले साल की शुरुआत में होने वाले विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों ने भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते सीनियर पुरुषों के एशिया कप, उसके बाद महिला एकदिवसीय विश्व कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था।

हालांकि जब अंडर-19 क्रिकेटर्स की बात आती है तो माना जाता है कि आईसीसी भी चाहता है कि राजनीति को इससे दूर रखा जाए और खेल भावना के सामान्य नियमों का पालन किया जाए। मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया,लड़कों को कुछ नहीं कहा गया है लेकिन जाहिर है कि बीसीसीआई ने अपने मैनेजर आनंद दातार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अब अगर भारतीय लड़के पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाते हैं तो मैच रेफरी को पहले से सूचित करना होगा।उन्होंने कहा, हमें पता है कि आईसीसी जूनियर क्रिकेट के मामले में राजनीति को आगे नहीं आने देना चाहता इसलिए यह खराब छवि और जनता की भावना दोनों का मामला है।जहां तक टूर्नामेंट की बात है तो भारत और पाकिस्तान का ग्रुप ए से शीर्ष दो टीम के तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना लगभग तय है क्योंकि ग्रुप की अन्य दो टीम मलेशिया और यूएई हैं जिन्हें 50 ओवर का क्रिकेट खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है।सूर्यवंशी और कप्तान म्हात्रे दोनों ही मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार फॉर्म के बाद टूर्नामेंट में आ रहे हैं।



**भारत अंडर-19 टीम इस प्रकार है:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उद्धव मोहन और आरोन जॉर्ज।

## अमर के खेल से ग्लोबल स्टार क्लब 102 रन से जीता

पायनिय संवाददाता। लखनऊ

21वीं बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के मुकाबलों में बृहस्पतिवार को ज्योति क्रिकेट क्लब, एलीना क्रिकेट क्लब ,ग्लोबल स्टार,अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी, क्रिक्सस्टार क्रिकेट व मेगा ट्रेंड्स क्रिकेट ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और पूरे अंक बटोरे।

मैन ऑफ द मैच अमर चन्द्रा के (61 रन व दो विकेट) आलराउंडर प्रदर्शन के बाद राजवीर गोंड(4 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बदौलत ग्लोबल स्टार क्रिकेट क्लब ने रॉकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 102 रन से करारी शिकस्त दी। डीजीआई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लोबल स्टार क्रिकेट क्लब ने 33.5 ओवर में 207 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम से अमर चंद्रा ने 54 गेंदों में छह चौके व तीन छक्के की मदद से 61 रन बनाए। मुकुल कुमार 43 व प्रिंस यादव ने 38 रन का योगदान दिया। रॉकॉन स्पोर्ट्स क्लब से तौफिक अंसारी ने छह विकेट लिए जबकि अमित सिंह को दो विकेट मिले। जवाब में रॉकॉन स्पोर्ट्स की पूरी टीम 28.3 ओवर में 105 रन ही बना सकी। स्टार टीम से राजवीर ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए जबकि अमर चन्द्रा को दो विकेट मिले।



**133 रन से जीता अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी :** शिव अग्रहरि(110) के शानदार शतक के बाद आदित्य सिंह की कसी गेंदबाजी के दम पर अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी ने आरकेबी क्रिकेट क्लब को 113 रन से करारी शिकस्त दी। बेलेश विहार गोसाईंगंज में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिजीत सिन्हा क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 350 रन बनाए। टीम से सलामी बल्लेबाज शिव अग्रहरि ने शानदार 110 रन की पारी खेली। उनका साथ देते हुए युवराज शर्मा ने 69 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आरकेबी क्रिकेट क्लब से गोकुल मिश्रा ने तीन विकेट व आशुतोष पाण्डेय को दो विकेट मिला। जवाब में आरकेबी क्रिकेट क्लब ने 24.4 ओवर में 217 रन पर आलआउट हो गई। अभिजीत सिंह की ओर से आशुतोष सिंह ने छह विकेट लिए जबकि शिवांश तिवारी को तीन सफलता मिली।

**ज्योति क्रिकेट क्लब की जीत में चमके पुनीश सिंह :** केएसएम अकादमी पर खेले गए मैच में ज्योति क्रिकेट क्लब ने डायमंड क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से पराजित किया। डायमंड क्रिकेट अकादमी ने पहले खेलते हुए 17.1ओवर में ही 69 रन बना पायी। टीम से पुष्पेश सिंह ने सर्वाधिक 19 रन बनाए। ज्योति क्रिकेट क्लब से पुनीश सिंह ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए जबकि उमेश,प्रीतम कुमार व कमलेश यादव ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में ज्योति क्रिकेट ने 8.1 ओवर में एक विकेट खोकर 73 रन बनाकर मैच 9 विकेट से अपने नाम कर लिया। पुनीश सिंह मैन ऑफ द मैच बने।

**अमृत लाल ने दिलाई जीत :** एलडीए ग्राउंड पर खेले गए मैच में एलीना क्रिकेट क्लब ने स्टार मॉन्टेसरी क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से मात दी। स्टार मॉन्टेसरी क्रिकेट क्लब ने 36.2 ओवर में 176 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम से यश शर्मा 56 और मोहम्मद शॉजमाक 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। एलीना से साक्षम वर्मा ने 5 और अमृत लाल ने 4 विकेट चटकाए। जवाब में एलीना क्रिकेट क्लब ने मृथुल मेहता के 47 रन व 82 रन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत से मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अमृत लाल बने। अन्य खेले गये मुकाबले में क्रिक्सस्टार क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 2 विकेट से हराया। चार विकेट लेकर पीयूष मिश्रा बने मैन ऑफ द मैच। मेगा ट्रेंड्स क्रिकेट ने सीएसडी सहारा गोमती नगर को 191 रन से शिकस्त दी। संदीप पासवान 76 रन व तीन विकेट के साथ मैन ऑफ द मैच बने।

## रजा,इमरान व जैगम के गोल से यूनिटी कॉलेज फाइनल में




पायनियर संवाददाता। लखनऊ

लामार्टीनियर कालेज के पोलो मैदान पर खेले जा रहे अण्डर.15 लामार्टीनियर फुटबॉल कप 2025 के सेमीफाइनल मैच में गुरुवार को यूनिटी कालेज ने स्टेला मैरी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2.0 गोल से हराकर खिताबी दौर में जगह पक्की कर ली। यूनिटी की ओर से मोहम्मद रजा और आले इमरान के 1.1 गोल के अलावा गोलकीपर जैगम अब्बास ने उम्दा बचाव के जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। खेल के पहले हाफ में यूनिटी की ओर से 25वें मिनट में मोहम्मद रजा ने साथी खिलाड़ी के पास को गोल में बदलकर टीम का स्कोर 1.0 कर दिया। पहले हाफ के अंतिम क्षण 29वें मिनट में स्टेला मैरी की ओर से ऋषभ ने गोल दागकर 1.1 गोल की बराबरी कर ली। खेल के दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक अंदाज में पुनरू खेल की शुरूआत की। 15 मिनट तक दोनों टीमों के बीच संघर्ष करती रहीं मगर दोनों ओर से गोलकीपर के उम्दा बचाव से स्कोर बराबरी पर ही रुका रहा। दूसरे हाफ के अंतिम क्षण 59वें मिनट में यूनिटी कालेज की ओर से आले इमरान ने मैदानी गोल दागकर टीम का स्कोर 2.1 पहुंचा दिया जो कि खेल के अंत तक बरकरार रहते हुए यूनिटी कालेज ने फाइनल में दस्तक दे दी।

# सात बेहतरीन, रोमांटिक और एफोर्डेबल हनीमून डेस्टिनेशन

शादी किसी भी जोड़े की जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण लम्हों में से एक है। महीनों पहले से शादी के अहम पलों को खास और यादगार बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो जाती हैं। वैसे तो सभी अपनी ओर से बेहतर प्रयास करने की कोशिश करते हैं लेकिन शादी की तैयारियों की भागदौड़, व्यस्तता और तनाव के कारण कई बार जोड़े के लिए नए जीवन की शुरूआत के ये पल कड़वे अनुभवों में तब्दील हो जाते है। ऐसे में शादी के बाद हनीमून पर जाना सिर्फ सुखद ही नहीं, बेहद जरुरी भी हो जाता है।

**1. मॉन्ट्रियल, क्यूबैक:** पेरिस हर कपल का ड्रीम हनीमून डेस्टिनेशन होता है लेकिन अगर आपकी जेब पेरिस जाने की इजाजत नहीं देती, तो कनाडा का मॉन्ट्रियल आपके लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन हो सकता है। कनाडा में बसा यह शहर सैलानियों को फ्रांस का एहसास करवाता है। वैसे तो यहां सैर के लिए बाइक और कार भी किराए पर मिलती हैं लेकिन यहां का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम इतना शानदार है, कि कार किराए पर लेने की जरुरत ही नहीं पड़ती। साथ ही यहां की बहुत सारी खूबसूरत और आकर्षक जगहों और ईवेंट्स का मजा सैलानी मुफ्त में उठा सकते हैं।

**2. ओहू, हवाई:** इसमें कोई शक नहीं है कि हवाई दुनिया के सबसे महंगे हॉली डे डेस्टिनेशन्स में से एक है लेकिन अगर आप यहां की सबसे महंगी जगहों जैसे कायूई और मोई न जाकर ओहू जाएं, तो आप बेहद कम दाम में हवाई का पूरा मजा ले सकते हैं। हवाई में ओहू बेहद खूबसूरत, आकर्षक, रोमांटिक और सस्ता आयलैंड है।

**3. टर्की:** लगभग 3, 400 मील से भी ज्यादा लंबी समुद्री तट-रेखा वाले इस देश में बहुत से सुंदर बीचेस बांहे फैलाए सैलानियों का स्वागत करते हैं। ग्रीस की तरह यहां के समुद्री किनारों पर भी पुरानी इमारतें और खूबसूरत गांव मौजूद हैं लेकिन ग्रीस के मुकाबले टर्की काफी सस्ता है।

**4. यूकेटॉन पेनिनसुला, मेक्सिको:** इतिहास से लेकर शानदार लक्जरी तक, खूबसूरत बीचेस से सांस रोक देने वाले एडवेंचर तक मेक्सिको के यूकेटॉन पेनिनसुला में हर किसी के लिए कुछ खास जरुर है। यहां कैनकन एक बेहतरीन हॉली डे डेस्टिनेशन के तौर पर मशहूर है जो अपने बेहतरीन रेस्तरां और शानदार बार के लिए बेहद लोकप्रिय है।

**5. मोंटेनेग्रो, यूरोप:** यूरोप में हनीमून मनाने का ख्वाब बहुत ही कम लोग पूरा कर पाते हैं क्योंकि ये काफी महंगा है लेकिन यूरोप में मोटेंनेग्रो हनीमून मनाने का बढ़िया और सस्ता विकल्प है। दक्षिण-पूर्वी यूरोप में स्थित मोटेंनेग्रो का लॉन्ग बीच बेहद खूबसूरत और आकर्षक बीच है जहां बांहों में बांहें डाले बहुत सारे नव-विवाहित जोड़े देखे जा सकते हैं। द लेक स्केडार नेशनल पार्क घूमने के लिए बढ़िया जगह हैं। सैलानी चाहें, तो यहां किराए की मोटर बाइक से भी घूमने का मजा ले सकते हैं।


**6. होई एन, वियतनाम:** होई एन दुनिया के सबसे एफोर्डेबल हनीमून डेस्टिनेशन्स में से एक है। यहां की कुदरती खूबसूरती यूनिक और अनएक्सप्लोर्ड है। अगर हनीमून कपल्स चाहें, तो यहां के स्थानीय भोजन और संस्कृति का मजा भी ले सकते हैं। यहां बहुत सारे लक्जरी रिसोर्ट्स बहुत ही वाजिब कीमतों पर उपलब्ध हैं जहां जाने पर कपल्स को किसी राजा-रानी की तरह महसूस होगा।

**7. पुर्तगाल:** यूरोजोन में स्थित पुर्तगाल मोस्ट एफोर्डेबल डेस्टिनेशन की हर लिस्ट में शामिल होता है क्योंकि बाकी यूरोप की तुलना में पुर्तगाल काफी सस्ता है। लिस्बन में किसी फाइव स्टार होटल में पांच दिन रुकने के किराए के बराबर ही है। यहां के रेस्तरां काफी सस्ते हैं और कार रेंटल्स भी कम हैं। समुद्रतट पर बसे इस देश में पुराने किले और ऑलिव के पेड़ों की बहुतायत है। खासकर लिस्बन में किसी पेटिंग की तरह खूबसूरत फिशिंग विलेज और तेजी से पनपते शहर सैलानियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहते हैं।

# ब्रज परिपथ: आस्था, संस्कृति और भावनाओं की पावन यात्रा

भारत की आध्यात्मिक धरा में ब्रजभूमि वह पावन क्षेत्र है जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने लीलाएँ कीं, प्रेम का संदेश दिया और भक्ति को जीवन का उत्सव बनाया। मथुरा और वृंदावन इस ब्रज परिपथ के मुख्य केंद्र माने जाते हैं। यहाँ हर गली, हर कण और हर श्वास में कृष्ण की सुगंध रची-बसी है। ब्रज परिपथ न केवल धार्मिक यात्रा है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अनुभव भी है, जो व्यक्ति के भीतर भक्ति, आनंद और समर्पण की भावनाओं को प्रबल करता है।

**ब्रज परिपथ का महत्व:** ब्रज परिपथ लगभग 84 कोस का क्षेत्र माना जाता है, जिसमें मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, गोकुल, नंदगाँव, बरसाना, राधाकुंड और मानसी गंगा जैसे कई स्थल शामिल हैं। यह वही भूमि है जहाँ कृष्ण ने जन्म लिया, गोपियों संग रास किया, गोवर्धन पर्वत उठाया और बाल्य-लीलाएँ रचीं। भक्तों के लिए ब्रज परिपथ केवल तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि ईश्वर के सान्निध्य का अनुभव है। मथुरा:-कृष्ण जन्मभूमि–जहाँ भक्तों का मन स्वयं को बालक कृष्ण की बाल लीलाओं में विलीन पाता है। वृंदावन:-जहाँ हर मंदिर, हर कुंड, हर वृक्ष कृष्ण-राधा की प्रेम-गाथा का साक्षी है।



## मथुरा में प्रमुख स्थल:

**1. द्वारकाधीश मंदिर:** सफेद संगमरमर से बना यह मंदिर अपनी कलात्मकता और भक्ति के लिए प्रसिद्ध है। जन्माष्टमी और होली के समय यहाँ भव्य झांकियाँ और उत्सव मनाए जाते हैं।

**2. विश्राम घाट:** यमुना नदी के तट पर स्थित विश्राम घाट मथुरा के 25 घातों में सबसे महत्वपूर्ण है। मिथक है कि भगवान श्रीराम ने रावण वध के बाद यहीं विश्राम किया था। यहाँ की यमुना आरती अत्यंत मनमोहक होती है।

**3. गोकुल–महावन:** मथुरा के पास स्थित यह क्षेत्र कृष्ण के बाल रूप की लीलाओं का केंद्र है। नंदभवन, छटीकरन मंदिर, रमनरेती जैसे स्थान भक्तों को बाल-कृष्ण की आनंदमयी यादों में ले जाते हैं।

**वृंदावन (भक्ति-प्रेम की जीवंत धरा):** वृंदावन संसार भर में 'भक्ति का शहर' कहा जाता है। कहा जाता है कि यहाँ पाँच हजार से अधिक मंदिर हैं, जिनमें से कुछ प्राचीन हैं और कुछ आधुनिक। वृंदावन की सुबहें मंगला आरती की घंटियों के साथ शुरू होती हैं और सांझ ढलते ही यहाँ हर गली में 'राधे-कृष्ण' के जयकारों की धुन बिखर जाती है।

## वृंदावन दर्शनीय स्थल:-

**1. बांके बिहारी मंदिर:** वृंदावन का सबसे लोकप्रिय मंदिर। यहाँ के श्री बांके बिहारी जी की मूर्ति अत्यंत जीवंत और आकर्षक है। मान्यता है कि बिहारी जी भक्तों को अपने दर्शन तभी देते हैं, जब वे स्वयं चाहें। इसलिए परदे को बार-बार खोला और बंद किया जाता है।



**2. इस्कॉन मंदिर (श्रीकृष्ण बलराम मंदिर):** विदेशी भक्तों से लेकर भारतीयों तक, इस मंदिर ने विश्वभर में हरे कृष्ण आन्दोलन को लोकप्रिय बनाया। यहाँ की कीर्तन, भजन और शांत वातावरण आत्मा को प्रसन्न करता है।

**3. प्रेम मंदिर:** सफेद संगमरमर से निर्मित यह आधुनिक मंदिर अपनी मनोहारी प्रकाश सज्जा, झांकियों और भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है। रात के समय प्रेम मंदिर का हृदय स्वर्ग जैसी अनुभूति देता है।

**4. निधिवन:** रहस्यमय स्थल जहाँ मान्यता है कि रात में राधा-कृष्ण रास रचते हैं। सूर्यास्त के बाद यहां प्रवेश वर्जित है।

**गोवर्धन (परिक्रमा की पावन अनुभूति):** ब्रज परिपथ का सबसे मुख्य हिस्सा गोवर्धन पर्वत माना जाता है। हर साल लाखों भक्त गोवर्धन की 21 किलोमीटर परिक्रमा करते हैं। मान्यता है कि इंद्र के क्रोध से ब्रजवासियों की रक्षा करने हेतु कृष्ण ने इसी पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाया था। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में मानसी गंगा, दानघाटी, राधाकुंड, श्यामा कुंड आदि स्थल आते हैं।

**बरसाना (राधारानी की जन्मभूमि):** बरसाना भक्ति और प्रेम का दूसरा केंद्र है। यहाँ का राधारानी मंदिर (लाड़लीजी मंदिर) पहाड़ी पर स्थित है। होली के समय यहाँ की लठमार होली विश्व भर में प्रसिद्ध है। बरसाना की गलियाँ, मंदिर और कुँड राधारानी के नटखट और प्रेमपूर्ण स्वभाव की याद दिलाते हैं।

**ब्रज की संस्कृति और उत्सव:** ब्रज की संस्कृति अत्यंत जीवंत और रंगों से भरी हुई है। यहाँ के लोग सहज, सरल और भक्ति में डूबे हुए माने जाते हैं।

# मांडू की ऐतिहासिक यात्रा

मांडू, मांडवगढ़ या शादियाबाद, पुराने जमाने की खुशियों की भूमि है जिसने समय और प्रकृति के प्रकोपों को सहा है। आज, मांडू पर्यटन की दृष्टि से पीछे नहीं है। मालवा की पारंपरिक दाल, दाल-बाटी और मालपुआ व अन्य मालवा भोजन के साथ मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मालवा उत्सव का आयोजन किया जाता है जो पर्यटकों को यहां आने का सबसे अच्छा मौका प्रदान करता है।

● **मांडू और आसपास स्थित पर्यटन स्थल:** मांडू का पर्यटन, इतिहास की दृष्टि से काफी पुराना है और यहां पर्यटक पिछले कई साल से सैर के लिए आते है। इस शहर में वास्तुकला के कई अद्भुत नमूने जैसे- दरवाजा, मस्जिद और महल, किलो के दरवाजे और स्मारकों के प्रदेश द्वार आदि स्थित है। भारत की पहली संगमरमर संरचना होसांग मकबरा भी मांडू में ही स्थित है, इसके बारे में कहा जाता है कि ताजमहल को बनाने के लिए इसी मकबरे से प्रेरणा ली गई थी। यह मकबरा, मांडू के पर्यटक स्थलों की सैर का विनम्र हिस्सा है।

● **इतिहास के पन्नों में मांडू:** मांडू के प्रत्येक सफल शासक को उनके द्वारा बनवाई गई इमारतों और स्मारकों से पहचाना जाता है, जो आज भी मांडू में खड़े हुए है। मांडू एक छोटा सा राज्य था जिस पर अफगान के शासक दिलावर खान का शासन था। होसांग शाह, दिलावर खान का बेटा था और मांडू का सफल शासक भी था। होसांग शाह ने मांडू को एक छोटे से राज्य से एक चमकदार और संपन्न राज्य में बदल दिया था। अकबर के साथ बाज बहादुर को हटाने के बाद, मांडू श्रद्धेय गुमल साम्राज्य का हिस्सा बन गया था, जिस पर 1732 में मराठों ने विजय प्राप्त कर ली थी।

● **मांडू तक कैसे पहुंचें:** मांडू तक पहुंचने के लिए एयर, रेल और सड़क तीनों ही साधनढउपलब्ध है।

● **मांडू की सैर का सबसे अच्छा मौसम:** मानसून के दौरान मांडू का मौसम सबसे सुहाना और हल्की फुहार वाला होता है। अतः साल के इस दौर में छुट्टियां बिताने यहां आया जा सकता है।





# शोर-शराबे से दूर बिताना चाहते हैं तो चुनें ये शांत हिल स्टेशन

नए साल पर अगर आप भी कहीं घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं, तो उत्तराखंड आपके लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। यहां की कुछ जगहें इतनी मशहूर हैं कि सर्दी के मौसम में उन जगहों पर लोगों की भीड़ काफी बढ़ जाती है। इसके कारण आपका वेकेशन का मजा किरकिरा हो सकता है, लेकिन यहां कुछ ऑफ डेस्टिनेशन जगहें भी हैं।

▸ **अलमोड़ा:** अलमोड़ा उत्तराखंड का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यहां की खूबसूरत पहाड़ियां, प्राचीन मंदिर और स्थानीय हस्तशिल्प इसकी पहचान हैं। नए साल पर यहां का मौसम साफ और ठंडा रहता है, जो ट्रेकिंग और प्रकृति का आनंद लेते हुए टहलने के लिए बेस्ट है। कसार देवी मंदिर, बिनसर महादेव और ब्राइट एंड कॉर्नर जैसे स्थान भी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। स्थानीय कुमाऊंनी व्यंजनों का स्वाद भी यहां की यात्रा को यादगार बनाता है।

▸ **मुक्तेश्वर:** मुक्तेश्वर समुद्र तल से लगभग 2,286 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और अपने सुंदर ऑर्किड तथा फलों के बागानों के लिए जाना जाता है। नए साल पर यहां का ठंडा मौसम और कोहरे से ढकी पहाड़ियां एक रोमांटिक माहौल बनाती हैं। मुक्तेश्वर से धौलाधार रेंज का मनोरम दृश्य दिखाई देता है और रॉक क्लाइम्बिंग, ट्रेकिंग जैसी गतिविधियों के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन जगह है। 350 साल पुराना मुक्तेश्वर मंदिर भी दर्शन के लिए आकर्षण का केंद्र है।

▸ **रानीखेत:** रानीखेत एक शांत हिल स्टेशन है, जो अपने सेब के बागानों, ओक और देवदार के जंगलों के लिए मशहूर है। नए साल के दौरान यहां हल्की बर्फबारी का अनुभव हो सकता है, जो इसकी सुंदरता को चार चांद लगा देती है। यह स्थान भारतीय सेना की कुमाऊं रेजिमेंट का मुख्यालय भी है। झूला देवी मंदिर, चौबटिया गार्डन और गोल्फ कोर्स यहां के प्रमुख आकर्षण हैं। प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए यह जगह परफेक्ट है।

▸ **चकराता:** चकराता एक कम भीड़-भाड़ वाला हिल स्टेशन है, जो एडवेंचर और प्रकृति के शौकीनों को बहुत भाता है। यह टाइगर पॉइंट और देवबन झरने जैसे स्थानों के लिए मशहूर है। नए साल पर यहां का तापमान काफी कम होता है और आसपास के जंगलों में बर्फ देखी जा सकती है। ट्रेकिंग, कैंपिंग और बर्ड वॉचिंग के लिए चकराता एक बेहतरीन ऑप्शन है।

▸ **लैंसडाउन:** लैंसडाउन उत्तराखंड का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो ब्रिटिश कालीन वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। नए साल पर यहां का शांत और सुकून भरा माहौल स्ट्रेस फ्री होने में मदद करता है। सेंट मैरी चर्च, तपोवन और भुल्ला ताल यहां के मुख्य टूरिस्ट स्पॉट हैं।

# बांधवगढ़ में करें टाइगर्स के साथ एक मुलाकात

> ऐसा माना जाता है कि बांधवगढ़ सफेद बाघों का मूल निवास स्थान है। इतिहास से पता चलता है कि रीवा के महाराज बांधवगढ़ का इस्तेमाल शिकार के लिए करते थे। यहां की एक पहाड़ी पर स्थित एक प्राचीन किला भी इस बात का सुबूत है। रोचक बात यह है कि किला जंगल पर हावी नजर आता है। काफी पहले से ही इस जगह को नेशनल पार्क कहा जाता रहा है और कभी बांधवगढ़ दुनिया भर के शिकारियों की पसंदीदा जगह हुआ करता था। हालांकि अब सरकार ने बाघों को बचाने के लिए अवैध शिकार पर पाबंदी लगा दी है, जिससे धीरे-धीरे यहां बाघों की संख्या बढ़ रही है।

**प्रकृति के बीच बांधवगढ़:-** बड़े पैमाने पर जैव विविधता वाला बांधवगढ़ 1968 में नेशनल पार्क के रूप में जाना गया। यह जगह बाघों के लिए प्रसिद्ध है और भारत में सबसे ज्यादा बाघ यहीं हैं। बाघ के अलावा यहां बड़ी संख्या में तेंदुआ और हिरण की कई प्रजातियां है। इसके अलावा यहां कई दुर्लभ वन्यजीव भी पाए जाते हैं। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में चिड़ियों की 250 प्रजाति, स्तानापाई की 37 प्रजाति और तितलियों की करीब 80 प्रजाति के साथ कई तरह के सरीसृप भी हैं। पेड़-पौधों के मामले में भी बांधवगढ़ बेहद समृद्ध है। यहां साल, धोबिन, सलाई, साजा और अन्य कई तरह के वनस्पति पाए जाते हैं। समृद्ध वनस्पति और जीव-जंतु ही बांधवगढ़ पर्यटन की खास बात है। यहां के बाघ सहित दूसरे जानवरों और प्रकृति को करीब से देखने के लिए आपको कम से कम तीन दिन यहां बिताने होंगे।

**बांधवगढ़ और आसपास के पर्यटन स्थल:-** यहां आने वाले पर्यटक बांधवगढ़ किला और विंध्य की घाटियों की तारीफ किए बिना नहीं रह सकते हैं। यहां ताला नाम से एक गांव है, जिसे इस नेशनल पार्क का सबसे निचला स्थान माना जाता है। बांधवगढ़ मध्यप्रदेश का एक पसंदीदा पर्यटन स्थल है।



मध्यप्रदेश अपने 9 नेशनल पार्क और 25 अभ्यारण्य पर खूब इतराता है। इनमें सबसे ज्यादा चर्चित है बांधवगढ़ नेशनल पार्क। कोई आश्चर्य की बात नहीं कि इस राज्य को टाइगर स्टेट कहा जाता है, क्योंकि यहां बाघों की संख्या सबसे ज्यादा है। यहां के बांधवगढ़ पहाड़, बांधवगढ़ की प्राचीन गुफाएं, ताला गांव, क्लाइंबर्स प्वाइंट, घारपुरी डैम, शेष शैय्या और घोराडेमांव जलप्रपात आपस में मिलकर बांधवगढ़ पर्यटन को समृद्ध बना देते हैं।

**बांधवगढ़ का खान-पान:-** मध्यप्रदेश पर्सियन और हिंदूस्तानी दोनों संस्कृति को अपने दामन में समेटे हुए है। यह यहां के खान-पान में भी दिखती है। अगर आपने बांधवगढ़ में भुट्टा की कीस, मावा-बाटी कबाब और खोपरापाक नहीं खाया तो फिर आप की यात्रा अधूरी ही मानी जाएगी।

## कैसे पहुंचे:-

● **सड़क मार्ग** : बांधवगढ़ सड़क मार्ग से अच्छे से जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों से निजी और राज्य परिवहन निगम की बसें नियमित अंतराल पर मिलती हैं। आसपास के शहरों से आप नेशनल पार्क के लिए जीप या एसयूवी भी बुक कर सकते हैं।

● **ट्रेन द्वारा:** बांधवगढ़ का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन 37 किमी दूर कटनी में है। कटनी जंक्शन नई दिल्ली, बड़ोदरा, मुंबई, हावड़ा, बंगलुरु और चेन्नई सहित भारत के अन्य प्रमुख शहरों से अच्छे से जुड़ा हुआ है। कटनी रेलवे स्टेशन से बांधवगढ़ के लिए निजी और सरकारी बसें आसानी से मिल जाती हैं।

● **एयर द्वारा:** बांधवगढ़ का सबसे नजदीकी एयरपोर्ट जबलपुर में है, जहां से मुंबई, इंदौर और नई दिल्ली के लिए नियमित उड़ानें मिलती हैं। 195 किमी दूर स्थित जबलपुर से बांधवगढ़ के लिए बस और टैक्सी आसानी से मिल जाती है। आप चाहें तो उमरया से नेशनल पार्क पहुंचने के लिए प्राइवेट चार्टर का भी सहारा ले सकते हैं।

# नेपाल पर्यटन: हिमालय, संस्कृति, नेचर और एडवेंचर का परफेक्ट डेस्टिनेशन



नेपाल पर्यटन उन यात्रियों के लिए एक आदर्श विकल्प है जो प्राकृतिक सुंदरता, हिमालय की भव्यता, आध्यात्मिक शांति और एडवेंचर गतिविधियों को एक साथ अनुभव करना चाहते हैं।

▸ **काठमांडू घाटी:** काठमांडू ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पशुपतिनाथ मंदिर, बौद्धनाथ स्तूप, स्वयंभूनाथ और दरबार स्क्वायर जैसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स मौजूद हैं।

▸ **पोखरा:** यह नेपाल का सबसे खूबसूरत शहर माना जाता है। फेवा झील, माछापुच्छ्रे पर्वत का नजारा और शांत वातावरण पर्यटकों को खासा आकर्षित करता है।

▸ **लुंबिनी:** आध्यात्मिक यात्रा के लिए लुंबिनी, भगवान बुद्ध की जन्मभूमि, दुनियाभर से श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचती है।

▸ **चितवन नेशनल पार्क:** चितवन नेशनल पार्क वाइल्डलाइफ प्रेमियों के लिए खास है, जहां जंगल सफारी के दौरान एक-सींग वाला गैंडा और रॉयल बंगाल टाइगर देखने का अद्भुत मौका मिलता है।

▸ **एडवेंचर:** एडवेंचर के शौकीनों के लिए नेपाल किसी जन्नत से कम नहीं है। एवरेस्ट और अन्नपूर्णा ट्रेक, रिवर राफ्टिंग, बंजी जंपिंग और माउंटेन क्लाइंबिंग जैसी गतिविधियां इसे एडवेंचर टूरिज्म का हॉटस्पॉट बनाती हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।